सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-26 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 14 जुलाई 2024
07 मोहर्रम 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# अनंत-राधिका को आशीर्वाद देने पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी

### अंबानी परिवार ने किया भव्य स्वागत



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नवविवाहित जोड़े अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट को उनकी शादी के बाद आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में देश-विदेश की मशहूर हस्तियों, उद्योगपतियों और राजनेताओं ने भाग लिया। पीएम मोदी यहां अंबानी परिवार के स्वामित्व वाले 'जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर' में आयोजित समारोह में शामिल होने पहुंचे, जिसका नाम 'शुभ आशीर्वाद' रखा गया है। नवविवाहित जोड़े ने मोदी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया. पीएम मोदी का स्वागत मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी ने किया तथा उन्हें समारोह स्थल तक ले गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट शुक्रवार को मुंबई में एक भव्य समारोह में परिणय सूत्र में बंध गए। शनिवार के समारोह के लिए आमंत्रित अतिथि लगभग वही थे, जो एक दिन पहले शादी में शामिल हुए थे। विवाह समारोह में शामिल होने वालों में बॉलीवुड के दिग्गज अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, सलमान खान और रणबीर कपूर, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव शामिल थे।

### मुंबई में पीएम मोदी ने 29,400 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

# आठ करोड़ नई नौकरियां पैदा हुई : मोदी

- जनता विपक्ष के झूठ को नकार रही
- विकसित भारत के निर्माण में महाराष्ट्र की भूमिका बड़ी अहम है
- तीन गुना तेजी से काम करने का वादा



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के बाद शुरू हुए अपने तीसरे कार्यकाल की पहली मुंबई यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले एक माह में छोटे-बड़े हर निवेशक ने हमारे तीसरे कार्यकाल का उत्साह से स्वागत किया है, क्योंकि लोग जानते हैं कि एनडीए सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है।

प्रधानमंत्री शनिवार शाम मुंबई पहुंचे और गोरेगांव स्थित नेस्को ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में मुंबई और आसपास की 29,400 करोड़ रुपये मूल्य की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मुंबई के अंदर एवं यहां से अन्य शहरों का संपर्क सुगम करेंगी। इससे लोगों का समय और पैसा दोनों बचेगा। पीएम ने कहा कि मुंबई में तेजी से विकसित हो रहे बुनियादी ढांचे के कारण यह देश-विदेश के निवेशकों के आकर्षण का केंद्र बन रही है। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव के दौरान तीन गुना तेजी से काम करने का वादा किया था। आज हम इसे पूरा होते देख रहे हैं। यही कारण है कि हमारे तीसरे कार्यकाल का छोटे-बड़े सभी निवेशकों ने उत्साह से स्वागत किया है। सबको लगता है कि एनडीए ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है। इस समारोह में प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं अजीत पवार भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने रोजगार को लेकर विपक्ष द्वारा किए जाने वाले दुष्प्रचार पर भी जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कोरोना संकट के बावजूद रिकॉर्ड रोजगार निर्माण हुआ है।

### झूठे नैरेटिव गढ़ने वाले निवेश के दुश्मन

प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां से रेल ट्रैक, पुल, रेल के डिब्बों जैसा कोई भी निर्माण कार्य होता है, वहां रोजगार पैदा होता ही है। भारत में तेजी से हो रहे बुनियादी ढांचे के निर्माण के कारण रोजगार भी तेजी से बढ़ रहा है। इस तरह के झूठे नैरेटिव गढ़नेवाले निवेश के दुश्मन हैं, बुनियादी ढांचे के निर्माण के दुश्मन हैं, और विकास के दुश्मन हैं। इनकी हर नीति युवाओं से विश्वासघात एवं रोजगार रोकने की रहती है, लेकिन अब इनकी पोल खुल रही है। भारत की समझदार जनता इनके झूठ और प्रपंच को नकार रही है।

### सात राज्यों की 13 सीटों पर उपचुनाव के नतीजे, एनडीए पर भारी पड़ा गठबंधन

# इंडिया का बजा डंका

**13 में से 10 सीटें जीतीं**

- भाजपा के खाते में दो सीटें मिली
- एक निर्दलीय के खाते में



**नई दिल्ली।** सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का डंका बजा है। इंडिया ने 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के 4-4 उम्मीदवार जीत दर्ज करने में सफल रहे। भाजपा को 2 सीटों से ही संतोष करना पड़ा है। बिहार की रुपौली विधानसभा सीट, पश्चिम बंगाल की रायगंज, रानाघाट दक्षिण, और मानिकताला, तमिलनाडु की विक्रवांडी, मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर, हिमाचल प्रदेश की तेहरा, हमीरपुर और नालागढ़ और पंजाब की जालंधर सीट पर उपचुनाव कराए गए।

सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने शनिवार को विक्रवांडी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 67,757 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। एनडीए का घटक दल पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) 56,296 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। मध्य प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कमलेश शाह अमरवाड़ा (एसटी) सीट से विजयी हुए हैं। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शाह ने कांग्रेस के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी धीरन शाह इनवती को 3252 मतों के अंतर से हराया। भाजपा उम्मीदवार को 83,036 वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 79784 वोट मिले।

### तमिलनाडु में डीएमके ने बचाई अपनी सीट



राज्य में विक्रवंडी विधानसभा सीट जीत कर डीएमके ने विधानसभा में अपना आंकड़ा बरकरार रखा है। इस चुनाव में पार्टी के अन्नियुर शिवा ने एनडीए की सहयोगी पीएमके ने सी. अंबुमणि को 67,757 वोटों से शिकस्त दी है। इसी साल 6 अप्रैल को मौजूदा डीएमके विधायक एन पुगाजेंथी के निधन के बाद यह सीट खाली हो गई थी। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी एआईएडीएमके ने उपचुनाव का बहिष्कार किया था।

### उत्तराखंड में बढ़ीं कांग्रेस की सीटें



उपचुनाव के नतीजों में उत्तराखंड तीसरा सबसे अहम राज्य रहा। राज्य की दो सीटों पर उपचुनाव हुए जिनमें विपक्षी कांग्रेस को सफलता मिली। कांग्रेस उम्मीदवार काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने एक करीबी मुकाबले में भाजपा के करतार सिंह भड़ाना को महज 422 वोटों से हरा दिया। वहीं बसपा से उतरे पूर्व विधायक सरवत करीम अंसारी के बेटे उबेदुर रहमान तीसरे स्थान पर रहे।

### बंगाल में टीएमसी ने भाजपा को दिया बड़ा झटका



पश्चिम बंगाल में रायगंज में कृष्णा कल्याणी, बागदा में मधुपर्णा ठाकुर और रानाघाट दक्षिण में मुकुट मणि अधिकारी और मानिकतला में सुप्ती पांडे को जीत मिली है। भाजपा में आए तीन विधायकों में से दो को टीएमसी ने इस उपचुनाव में मौका दिया जबकि एक को टिकट नहीं मिला।

### पंजाब में आप का कब्जा



जालंधर पश्चिम विधानसभा सीट पर आप के मोहिंदर भगत ने विजय हासिल की है। उन्होंने भाजपा के टिकट पर उतरे अंगुराल को 37,325 मतों से शिकस्त दी। मोहिंदर भगत पूर्व मंत्री और भाजपा के पूर्व विधायक भगत चुन्नी लाल के बेटे हैं। इस मुकाबले में कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। पार्टी ने जालंधर की पूर्व वरिष्ठ उप महापौर और पांच बार नगर निगम पार्षद रह चुकीं सुरिंदर कौर पर दांव लगाया था। वह रविदासिया समुदाय की प्रमुख दलित नेता हैं।

# हिंदी में हो कानून की पढ़ाई, कोर्ट में बहस आसान होः डीवाई चंद्रचूड़

**समारोह**

- दीक्षांत समारोह में मेधावियों को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने दिए पदक



**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डा. डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मामलों की सुनवाई अंग्रेजी में होती है। कई बार इस विषय में बहस होती है, वह समझ ही नहीं पाता है कि क्या बहस हुई है। ऐसे में कोर्ट में हिंदी में बहस होनी चाहिए। साथ ही कानून की पढ़ाई को भी आसान बनाने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में विधि विश्वविद्यालयों को हिंदी में भी एलएलबी पाठ्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से ही कानून को आम जन तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है। वह शनिवार को डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षा समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कानून की प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का अनुवाद किया जा रहा है। वर्ष 1950 से अब तक सुप्रीम कोर्ट के 37 हजार जजमेंट का हिंदी अनुवाद किया जा चुका है। उन्होंने आग्रह किया कि वह इसका प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि हाल ही सुप्रीम कोर्ट के रिसर्च विभाग को आदेश दिया था। इसमें 81 विश्वविद्यालयों और कालेजों में एक सर्वे से पता चला कि आम जनता को अंग्रेजी न समझने की वजह से उन्हें कई योजनाओं को सही जानकारी नहीं हो पा रही है। ऐसे में कानून की पढ़ाई क्षेत्रीय भाषाओं में भी होनी चाहिए। अगर छात्र को जमीनों के मामले में खसरा- खतौनी की जानकारी नहीं है तो वह जमीन से जुड़े मामले में लोगों की कैसे मदद कर पाएंगे। विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विधि का शासन ही सुशासन की पहली शर्त है। हर व्यक्ति को न्याय संगत व्यवस्था पसंद है। न्याय सही और समय से हो, इसके लिए न्याय के विशेषज्ञ उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। विधि के शासन के लिए आज देश को जाना जाता है।

### हम तय करते हैं जीवन का मार्गः योगी

मुख्यमंत्री योगी ने यह भी कहा कि हमें यह निर्णय करना है कि बदलाव का मार्ग क्या होना चाहिए क्योंकि हमारे पास दो ही मार्ग होते हैं। यह तो सकारात्मक या नकारात्मक। यदि आपका मार्ग सकारात्मक है तो आपका मार्ग ना केवल न्यायिक क्षेत्र में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में बहुत उज्ज्वल होगा। यदि रास्ता नकारात्मक है तो यह ना तो आपके व्यक्तिगत हित में और ना ही समाज के हित में होगा। इस अवसर पर, भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अमर पाल सिंह मौजूद थे।

# डग्गामार और बिना परमिट के चलती मिलीं बसें तो नपेंगे अफसर

- उन्नाव बस हादसे पर सीएम योगी सख्त, एक माह तक चलेगा सघन अभियान



**लखनऊ।** उन्नाव बस हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार किया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों को सीएम योगी ने दो टूक निर्देश दिये हैं कि भविष्य में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों की खैर नहीं।

अपने सरकारी आवास पर एक अति महत्वपूर्ण बैठक के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों को सीएम ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाए। वहीं मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग ने पूरे प्रदेश में एक माह तक डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान के निर्देश जारी कर दिये हैं। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन को निर्देशित करते हुए कहा कि आखिर डग्गामार और बिना परमिट वाली बसें सड़कों पर कैसे बेरोकटोक घूम रही हैं। ऐसी बसों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाएं और इनके मालिकों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। सीएम योगी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित करते हुए कहा है कि जहां भी इस प्रकार की बसों का संचालन हो रहा है, वहां के परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में पंजीकृत सभी यात्री बस और स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की जांच की जाए। इसके बाद कहीं भी कोई अप्रिय घटना हुई तो सीधे सीधे परिवहन विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

# इस्राइल ने गाजा में फिर बरपाया कहर

**हमला**

- हमास की सैन्य टुकड़ी के प्रमुख दईफ समेत 71 की मौत



**येरुशलम।** बीते नौ महीने से इस्राइल और हमास के बीच जंग चल रही है। इस्राइल ने हमास को खत्म करने की दृढ़ प्रतिज्ञा ली है। यह प्रतिज्ञा गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रही है। गाजा में इस्राइली सेना की कार्रवाई लगातार जारी है। इस बीच खबर आई है कि इस्राइल ने एक बार फिर से गाजा पट्टी पर भीषण हमला किया है। इस हमले में हमास की सैन्य टुकड़ी के प्रमुख मोहम्मद दईफ समेत 71 लोगों की मौत हुई है, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी है।

उधर, इस्राइली अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने हमास की सैन्य टुकड़ी के प्रमुख मोहम्मद दईफ पर निशाना साधा था। इस्राइल ने गाजा पट्टी के खान यूनिस क्षेत्र में यह हमला किया है। इस्राइली अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने दईफ के ठिकानों पर हवाई हमला किया। मोहम्मद दईफ को इस्राइल में सात अक्तूबर 2023 में हुए हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है। आपको बता दें कि इस्राइल में सात अक्तूबर को हमास ने कहर बरपाया था। उस दौरान 1,200 लोग मारे गए थे। इस वजह इस्राइल और हमास के बीच जंग छिड़ गई थी। इस्राइल ने दईफ को बीते वर्ष से मुख्य वांछितों की सूची में रखा था। माना जाता है कि दईफ के नेतृत्व में हमास ने इस्राइल पर कई बार हमला किया। उधर, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इस्राइली हमले में 289 लोग घायल हुए हैं। जानकारी दी गई है कि कई घायलों और मृतकों को खान यूनिस क्षेत्र के नास्सेर अस्पताल में ले जाया गया है। हालांकि, इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है कि इस्राइली सैन्य बल (आईडीएफ) ने यह हमला मुवासी से किया है या नहीं। मुवासी, इस्राइल के अधिकार क्षेत्र में आता है और इसका विस्तार उत्तरी राफा से खान यूनिस तक है। खान यूनिस में फलस्तीन के के हजारों शरणार्थी लोग शिविरों में रहते हैं।

**केंद्र का फैसला**


### दिल्ली की तरह ट्रांसफर-पोस्टिंग में मंजूरी जरूरी

# जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा की शक्तियां बढ़ीं

**नियम में संशोधन**

- राज्य में सरकार कोई रहे, ताकत उपराज्यपाल के पास
- जम्मू-कश्मीर में सितंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं
- जम्मू-कश्मीर में आखिरी बार 2014 में चुनाव हुए थे





**श्रीनगर।** अब जम्मू- कश्मीर को भी दिल्ली जैसे संवैधानिक अधिकार मिलेंगे। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल को भी अब दिल्ली के एलजी की तरह की प्रशासनिक शक्तियां मिलेंगी।

अब जम्मू-कश्मीर में भी सरकार बिना उपराज्यपाल की इजाजत के ट्रांसफर और पोस्टिंग नहीं कर पाएगी। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने उपराज्यपाल को अधिक शक्ति देने के लिए जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के नियमों में संशोधन किया। एमएचए ने जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत संशोधित नियमों को अधिसूचित किया है, जिसमें एलजी को अधिक शक्ति देने वाली नई धाराएं शामिल की गई हैं। आपको बता दें कि जब से जम्मू और कश्मीर का पुनर्गठन किया गया है तब से वहां चुनाव नहीं हुए हैं। लेकिन जब भी जम्मू और कश्मीर में चुनाव होंगे, तो सरकार का गठन होगा। चुनी हुई सरकार से अधिक शक्तियां उपराज्यपाल के पास ही रहेंगी। यह शक्तियां वैसी ही होंगी जैसे दिल्ली के उपराज्यपाल के पास हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 55 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नियम में संशोधन को अपनी मंजूरी दे दी है, जिसे अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी 31 अक्तूबर 2019 की उद्घोषणा के साथ पढ़ा गया है। एमएचए की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि इन नियमों को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर सरकार के कामकाज का लेन-देन (दूसरा संशोधन) नियम, 2024 कहा जा सकता है। यह संशोधन आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि 12 जुलाई को लागू होंगे। जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के प्रमुख अल्ताफ बुखारी ने गृह मंत्रालय के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सभी क्षेत्रीय दलों से इस कदम के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एक साथ आने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पार्टी पहल करेगी। 5 अगस्त, 2019 को पारित हुआ जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम- 5 अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम (2019) संसद में पारित किया गया था। इसमें जम्मू और कश्मीर को दो भागों में बांटकर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया। पहला- जम्मू-कश्मीर और दूसरा- लद्दाख। इस अधिनियम ने अनुच्छेद 370 को भी निरस्त कर दिया, जिसने जम्मू और कश्मीर को विशिष्ट दर्जा दिया था।

अवधनामा



# कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर-खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। डीएम ने कोतवाली में विशाल काय पेड़ की व थाना की साफ सफाई की प्रशंसा की। सीसीटीवी कंट्रोल कक्ष देखा जिससे अधिकांश शहर पुलिस की नजर में रहता है। अत्याधुनिक पुलिस भोजनालय का अवलोकन किया। इस दौरान कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि मेस में तैनात पुलिस आरक्षी मानसी सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखती है। समाधान दिवस में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। इस दौरान तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## धारचूला में कूलागाड पुल के टूटने की सूचना भ्रामक

**लखीमपुर-खीरी।** अधिशासी अभियन्ता (बाढ़ खण्ड) इं अजय कुमार ने बताया कि धारचूला में कूलागाड़ पुल टूटने की खबर अफवाह एवं भ्रामक है।

उन्होंने बताया कि बाढ़ अवधि में होने वाली अतिवृष्टि को ध्यान में रखकर उच्च स्तर पर उत्तराखण्ड एवं उप्र के सिंचाई विभाग (बाढ़) का एक Coordination नामक ग्रुप बनाया गया है। ग्रुप पर राजस्व निरीक्षक द्वारा तहसीलदार धारचूला को पत्र लिखकर उक्त वायरल खबर को अफवाह एवं भ्रामक बताया गया है।

दिनांक-13 जुलाई को अमर उजाला समाचार पत्र के नैनीताल संस्करण में भी पुल बहने की खबर को अफवाह बताया गया है। उक्त के आलोक में धारचूला में कूलागाड़ पुल टूटने की खबर अफवाह एवं भ्रामक है कृपया आपदा के इस समय में इस प्रकार के मैसेज को शेयर करने से पहले पुष्टि अवश्य कर लें।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे जनप्रतिनिधि, बाटी राहत किट

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** संकट की घड़ी में हरसंभव सहायता करने के संकल्प के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व, मार्गदर्शन में जिले की पांच तहसीलों (सदर, निघासन, धौरहरा, पलिया और गोला) में राहत किट वितरित करने का कार्यक्रम जारी है।

सभी संबंधित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तहसील क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की हाथों प्रभावित परिवारों को राहत किट बाट रहे है प्रशासन की ओर से ÷बाढ़ पीड़ितों को दो तरह की किट में दी जा रही राहत सामग्री किट में लाई ( धान की ) 05 किग्रा, भूना चना 02 किग्रा, गुण (प्लास्टिक पैक में) 01 किग्रा, बिस्कुट 10 पैकेट (50 ग्राम प्रति पैकेट ), मचिस 01 पैकेट (06 पीस प्रति पैकेट ),मोमबत्ती मोटी 50 ग्राम प्रति पैकेट 01 पैकेट, नहाने के साबुन 02, जरीकेन 01 (20 लीटर), तिरपाल 01, आटा और चावल 10-10 किग्रा, अरहर दाल 02 कि0ग्रा0, आलू 10



किग्रा, हल्दी 200 ग्राम, मिर्च 100 ग्राम, सब्जी मसाला 200 ग्राम, सरसों का तेल एक लीटर, नमक आयोडाइज्ड एक किग्रा शामिल है। शनिवार को विधायक अमन गिरी ने एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता संग गोला तहसील के बाढ़ प्रभावित गांव ग्राम रूरा सुल्तानपुर में प्रभावित परिवारों को राहत किट का वितरण कर बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। विधायक अमन गिरी ने आपदा प्रभावित बच्चों, महिलाओं समेत अन्य लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल भी जाना शनिवार को उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह ने तहसील, ब्लॉक पलिया के बाढ़ प्रभावित गांव श्रीनगर और तहसीलदार आरती यादव ने मझगई गांव में प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री किट का वितरण किया। इस दौरान उन दुख दर्द जानते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

उप जिलाधिकारी राजीव कुमार निगम ने तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित जलमग्न गांव बरोठ और लालपुर उधोनगर में राजस्व कर्मियों द्वारा प्रभावित परिवारों को भोजन पैकेट का वितरण कराया। एसडीएम ने भ्रमणशील रहकर बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा भी लिया तहसील धौरहरा के प्रभावित परिवारों से प्राथमिक विद्यालय जसवंत नगर में विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने एसडीएम राजेश कुमार के साथ मुलाकात कर हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम लुधोनी के 400 प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण भी किया। वितरण के समय नायब तहसीलदार शशांक शेखर मिश्र, राजस्व निरीक्षक बलीराम, लेखपाल कैलाश वर्मा, अंबरिश वर्मा, कपिल वर्मा, संगम लाल आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही जलमग्न गांवो में राजस्व कार्मिकों द्वारा भोजन पैकेट का भी वितरण कराया गया एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह ने तहसील सदर के बाढ़ प्रभावित एवं जलमग्न ग्राम सकेथू, रेहरियाकला, बेड़हासुतिया, गौरा, पिपरागूम करदहिया मानपुर में राजस्व टीमों के जरिए भोजन पैकेट प्रभावित परिवारों को वितरित कराए। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह ने प्रभावित परिवारों का कुशाल सिंह जानते हुए उन्हें हर संभव मदद के लिए भरोसा भी दिया।

# जलभराव की समस्या से छुटकारा दिलवाने में पूरे मनोयोग से जुटी टीमें



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** बारिश होने से उत्पन्न हो रही नगर निकायों में जल-भराव की स्थिति से निपटने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में जिले के सभी नगर निकायो में ईओ के नेतृत्व में फील्ड में उनकी पूरी टीम संवेदनशील, सतर्क रहकर काम में लगी है, जहाँ कहीं भी जलभराव की समस्या आ रही उसका तुरंत निस्तारण भी करा रही है।जिले में नगर पालिका परिषद लखीमपुर, गोला, पलिया, मोहम्मदी और नगर पंचायत धौरहरा, खीरी, ओयल, सिंगाही, बरबर, मैलानी, भीरा, निघासन में दैनिक सफाई, कूड़ा कलेक्शन के साथ ही बरसात के मौसम में जलजमाव, नालासफाई, संचारी रोग नियंत्रण के लिए तत्परता से सफाई मित्र अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे। नगर निकायों में सुबह पांच से आठ बजे के बीच होने वाली नियमित सफाई की सभी अधिशासी अधिकारी फील्ड में भ्रमणशील रहकर मानीटरिंग कर रहे हैं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बारिश के मौसम में जल-भराव की स्थिति से बचाव के लिए नाला सफाई और संचारी रोग नियंत्रण के लिए दवा का छिड़काव करते हमारे सफाई मित्रों को नमन है। सभी अधिकारीगण और कर्मचारीगण से आग्रह है कि संवेदनशील व सतर्क रहें और जहाँ कहीं भी जल-भराव की समस्या हो, उसका तुरंत निस्तारण करें।

# 150 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** 150 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। कुछ गांवों में पानी जरूरी कम हुआ है, लेकिन ज्यादातर गांवों में बाढ़ के पानी से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। निघासन क्षेत्र के कई गांवों में अभी बाढ़ का पानी बढ़ रहा है। अदलाबाद-निघासन मार्ग पर पानी आ गया है। बाढ़ से प्रभावित लोग परेशान हैं। सरकारी सहायता नहीं पहुंच पा रही है धौरहरा तहसील क्षेत्र के 20 गांवों में पांच दिनों से बाढ़ का पानी भरा है। इन गावों के स्कूलों में भी पानी भरा होने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। हालात स्थिर हैं। बिजुआ क्षेत्र के नारायनपुर, लोनियाना मंत्रा शाहपुर में बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई मदद नहीं मिली है। फूलबेहड़ और पलिया क्षेत्र में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में हालात स्थिर हैं नदियों में बाढ़ की स्थिति

पलिया-भीरा मार्ग पर रोड किनारे निवास करने वाले ग्रामीणों के घर



पानी भर गया है। जिससे वह रेलवे क्रॉसिंग के पास ही ट्रैक्टर-ट्रॉली को घर बनाकर गुजर-बसर कर रहे हैं। ट्रॉलियों में घर का कीमती सामान लदा हुआ है, जबकि सड़क पर ही चारपाई आदि डालकर रह रहे हैं। प्रशासन की तरफ से इनको तिरपाल की व्यवस्था कराई गई है। कुछ लोगों ने अपने स्तर से तिरपाल आदि लिया है। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि प्रतिदिन प्रशासन की तरफ से लंच पैकेट भी मिलते हैं लेकिन वह खुद भी खाना कभी-कभार बना लेते हैं पलियाकला में शारदा व सुहेली नदियों की बाढ़ से प्रभावित सैकड़ों ग्रामीणों को प्रशासन की तरफ से लंच पैकेटों का वितरण किया जा रहा है, लेकिन अभी बाढ़ राहत किट उपलब्ध नहीं कराई गई है। लंच पैकेटों में भी कभी तहरी, अचार व कभी पूड़ी-सब्जी का वितरण प्रशासन करा रहा है। इस बारे में शुक्रवार को एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि राहत किट अभी तक तहसील में आ नहीं सकी हैं। देर शाम या फिर शनिवार तक किट आने के बाद तुरंत उनका वितरण बाढ़ पीड़ितों में कराया जाएगा वहीं, संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के गोविंदनगर, खजुरिया, कमलापुरी, संपूर्णानगर आदि गांव में लंच पैकेट प्रशासन ने बांटे हैं। सिंगाही खुर्द की बाढ़ पीड़ित मीरा देवी, अर्जुन, राहुल, माया के अलावा अन्य कई बाढ़ प्रभावित पीड़ित ट्रैक्टर-ट्रॉली पर जीवन यापन कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशासन एक समय लंच पैकेट भेज रहा है लेकिन बाढ़ राहत किट नहीं मिल पाई है।

### शारदा नदी

**1- बनबसा**
(तरे का जल स्तर-221.70 मीटर)
गेज- 218.600 मीटर
डिस्चार्ज- 64966 क्यूसेक
शारदा का जलस्तर बढ़ रहा है।

**2- पलिया कलां**
खतरे का जल स्तर-154.590 मीटर
गेज- 154.360 मीटर
यहां जलस्तर घट रहा है।

**3- शारदा बैराज**
खतरे का जल स्तर-135.490 मीटर
गेज- 135.000 मीटर
डिस्चार्ज- 138707 क्यूसेक
यहां नदी का जलस्तर का स्थिर है।

### घाघरा नदी

**4- गिरिजा बैराज**
खतरे का जल स्तर-136.780 मीटर
गेज- 135.100 मीटर
डिस्चार्ज- 120424 क्यूसेक
घाघरा नदी का जलस्तर स्थिर है।
(**नोट-** सुबह 10 बजे तक की रिपोर्ट)

# ग्रामवासियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप

अवधनामा संवाददाता

■ दोनो डाक्टर बिना किसी डिग्री के गांव में क्लीनिक चला रहे

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र ग्राम गदमापुर निवासी रामसिंह पुत्र लालाराम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके दाहिने पैर में दर्द था जिसे दिखाने के लिये वह गांव में संचालित चिकित्सालय पर गया था।

वहां मौजूद डाक्टर बृजकिशोर व ओमवीर ने उसके पैर में एक इन्जेक्शन लगा दिया तथा अलग से खाने वाली दवा दे दी। किन्तु इन्जेशन व दवा से उसके पैर को कोई फायदा नहीं हुआ और धीरे-धीरे पैर पतला होने लगा। तब रामवीर ने अन्य डाक्टर से किया तो उसे पता चला कि उसके पैर की नस टूट रही है जिस कारण रामसिंह चलने में असमर्थ हो गया। रामवीर न जब नस टूटने की बात डाक्टर बृजकिशोर एवं डाक्टर ओमवीर को बताने गया तब दोनो डाक्टरो ने रामसिंह के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए क्लीनिक से भगा दिया। रामसिंह का आरोप है कि दोनो डाक्टर बिना किसी डिग्री के गांव में क्लीनिक चला रहे और ग्रामवासियो के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे है। बताते चले कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में इस तरह के झोलाछाप डाक्टरो की बाढ़ सी आयी हुई। ऐसा नही है कि चिकित्सा विभाग इन झोलाछाप डाक्टरो के बारे जानता नहीं है सब जानता है परन्तु धन बल व सत्ता बल पर इन झोलाछाप डाक्टरो पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती। ज्यादा हो-हल्ला मचने पर यदा-कदा चिकित्सा विभाग सोते से जागता है और एक-दो अवैध क्लीनिक व नर्सिग होम पर कार्यवाही कर पुनः कुम्भकर्णीय नींद सो जाता है।

# झूले के सामान की रखवाली कर रहे चौकीदार की पीट-पीटकर हत्या

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** कोतवाली रामपुर मनिहारान क्षेत्रान्तर्गत इस्लाम नगर रोड स्थित एक बंद पड़े राईस मिल में झूलों के सामान की रखवाली कर रहे दो चौकीदारों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। बात इतनी बढ़ी कि एक चौकीदार ने दूसरे चौकीदार की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया तथा आरोपी को हिरासत में ले लिया।

रामपुर मनिहारान क्षेत्र के इस्लाम नगर रोड स्थित चौधरी हुकम सिंह सरपंच के बंद पड़े राईस मिल में मेला लगाने के लिए राजस्थान के जगराम सिंह ने अनुमति के लिए आवेदन कर रखा था। राईस मिल में दो झूले भी लगा दिये गये थे। जिनकी रखवाली के लिए 30 वर्षीय आशीष पुत्र लाल बहादुर निवासी कस्बा कावासोती जिला नवल, नेपाल तथा मौ.समीर पुत्र तहसीन निवासी मेरठ को तैनात किया गया था। बताया जाता है कि रात्रि करीब 2.30 बजे किसी बात को लेकर दोनों चौकीदारा आशीष व मौ.समीर में आपस में मारपीट हो गयी। जिसमें आशीष व मौ.समीर को घायल अवस्था में रामपुर मनिहारान के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया तथा समीर का प्राथमिक उपचार होने के बाद पुलिस ने उसे व एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। हत्या की सूचना मिलने पर एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

इसके पश्चात एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक व कोतवाली प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बंद कमरे में घायल समीर व जुनैद से पूछताछ की। कोतवाली प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि समीर बीती रात्रि रखवाली के दौरान चोरी कर रहा था, जिस पर आशीष ने उसके सिर में लाठी मार दी थी, जिससे गुस्साएं समीर ने पीट-पीटकर आशीष को मौत के घाट उतार दिया।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना निघासन पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त महेश पुत्र सरजू निवासी दुर्गापुरवा थाना निघासन खीरी वाद संख्या 8718-9 धारा 26सन्न 35(6)51(1) डब्ल्यूवीसी रेंज द0 निघासन को गिरफ्तार किया गया है। वारण्टी अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## नशा तस्कर गिरफ्तार, 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने 01 शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए नशा तस्कर का चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना मिर्जापुर प्रभारी बीनू चौधरी ने जानकारी देते हुए आज उनके व उपनिरीक्षक नवीन कुमार, भूपेश शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व इसके कारोबार में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी आसिफ पुत्र नसीम उर्फ घोटू गिरफ्तार कर लिया।

# कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता: मण्डलायुक्त

अवधनामा संवाददाता



■ सभी विभागीय मण्डलीय अधिकारी फील्ड में निरंतर रहें भ्रमणशील

**सहारनपुर।** कांवड यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने के लिए तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों ने पीपीटी के माध्यम से कांवड यात्रा के संबंध में आने वाली चुनौतियो एवं उनसे निपटने के लिए की गई तैयारियों से मण्डलायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कांवड यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु प्रशासन पूर्ण रूप से तैयार है।

सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि कांवड यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी अधिकारी समन्वय बनाकर अपने उत्तरदायित्वों का सक्रिय ढंग से निर्वहन करें। उन्होने निर्देश दिए कि विभागीय मण्डलीय अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहें। इसके लिए भ्रमण प्लान बनाकर अवगत भी कराएं। कांवड यात्रा को प्लास्टिक फ्री रखा जाए। इस कार्य के लिए जन सहयोग भी लिया जाए। मार्ग पर संचालित ढाबों, दुकानों एवं रेस्टोरेन्ट पर सुस्पष्ट शब्दों में प्रोपराइटर का नाम एवं मोबाइल नम्बर अंकित होने के साथ ही रेट लिस्ट चस्पा हो।

डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने नगर निकायों एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को कांवड मार्ग पर बेहतर साफ-सफाई, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था, एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग को गड्ढामुक्त सडकें, संकेतक, विद्युत विभाग को निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मरों की बैरीकेटिंग, विद्युत खम्भों की प्लास्टिक टेपिंग, वन विभाग को आवश्यकतानुसार पेडों की कटाई एवं छंटाई, स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक एम्बुलेंस एवं मेडिकल शिविर तथा दवाओं की उपलब्धता, खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं रेट लिस्ट, सिंचाई विभाग को नहरों पर संकेतक एवं बेरीकेटिंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जनपद स्तर पर बनाए गये कन्ट्रोल रूम में सभी विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां लगवाई जाए। कन्ट्रोल रूम के नम्बर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी दबोचा

**सहारनपुर (अवधनामा संवाददाता)।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामलें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



कोतवाली देहात प्रभारी चन्द्रसैन सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 21 जून को वादी की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक शीशपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भरत सिंह चौक से वांछित आरोपी दीपक पुत्र रामस्वरूप अहवार निवासी लखेरी थाना बल्लवगढ जनपद टीकमगढ मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# सकल नारायण विद्यालय के बच्चों ने ली वृक्षारोपण करने की शपथ



अवधनामा संवाददाता

**बथुआ खास,(रायबरेली)।** सकल नारायन मेमोरियल पब्लिक स्कूल बथुआ खास के सैकड़ो छात्र -छात्राओं ने आज आर्ट एवं क्रिएटिव ग्रुप के अध्यक्ष प्रबोध कुमार बाजपेयी के नेतृत्व मे वृक्षारोपण के कार्यक्रम में विभिन्न अध्यापक/अध्यापिकाओं के साथ सैकड़ों छात्र/छात्राओं ने एक साथ वृक्षारोपण करने की शपथ खायी। इस अवसर सभी छात्र -छात्राओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम उपयुक्त स्थान मे पेड़ -पौधे लगायेगे ,देखभाल करेंगे व उनकी रक्षा व संरक्षण करेंगे।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजय सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण एक महान कार्य है। इस कार्य में सभी लोगों को बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वही पी.के बाजपेयी ने वृक्षों के जीवन में उपयोगिता के बारे मे प्रकाश डालते हुए सभी से वृक्ष लगाने को कहा। इस अवसर पर अनेक अध्यापक अध्यापिकाएं जिनमें मुख्य रूप से पी.के.बाजपेयी, रेनू चौधरी, वंदना वर्मा, दिनेश गुप्ता, प्रदीप चौहान, जीतेन्द्र, शिवानी श्रीवास्तव, रचना विश्वकर्मा, मेवालाल,अंकिता वर्मा आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब बनाएगा पिंक टॉयलेट: राजपाल

अवधनामा संवाददाता




■ क्लब के अध्यक्ष रो. अनिल भारद्वाज ने रोटरी फाउंडेशन को दिया 301 डॉलर का चैक

**सहारनपुर।** क्लब की इंस्टालेशन सेरेमनी के साथ-साथ रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने ऑफिसियल विजिट कर क्लब के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ मीटिंग की।

रोटरी क्लब सहारनपुर हार्मनी का तीसरा इंस्टालेशन समारोह रेलवे रोड़ के एक होटल के सभागार में संपन्न हुआ, जो सेवा और समुदाय के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन राजपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात क्लब के सदस्य द्वारा फूल मालाओं व गुलदस्ते देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। अध्यक्ष अनिल भारद्वाज ने रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन राजपाल सिंह व सहारनपुर के मेयर रोटेरियन अजय सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट की प्रथम लेडी रोटेरियन इंद्रबीर कौर व सहारनपुर की प्रथम लेडी रीटा सिंह का रोटरी क्लब सहारनपुर हारमोनी की प्रथम लेडी पूनम भारद्वाज द्वारा उनको गुलदस्ते भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद रोटेरियन आभा बंसल द्वारा वैलकम नोट पढ़कर सभी का स्वागत किया गया।

इसके बाद 2023-24 के प्रधान सुभाष सपरा द्वारा गत वर्ष के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सुभाष सपरा ने सदन का आभार जताया और पिछले वर्ष क्लब द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया। तत्पश्चात् रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन राजपाल सिंह, मेयर डॉ अजय सिंह, डिस्ट्रिक्ट सैक्रेटरी अनिल मदान व असिस्टेंट गवर्नर तपेश ममगाई ने संयुक्त रुप से 2023-24 के अध्यक्ष सुभाष सपरा के गले से कॉलर इस वर्ष के अध्यक्ष रोटेरियन अनिल भारद्वाज के गले में ट्रांसफर किया तथा विधिवत अध्यक्ष पद 24-25 के लिए मनोनीत किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रो.अनिल मदान, असिस्टेंट गवर्नर रो.तपेश ममगाई और अन्य रोटरी क्लब से आए विभिन पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उसके बाद सचिव रो.राकेश मेहता, कोषाध्यक्ष रो.विनीत चौहान को पद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर 20 नए सदस्यों ने रोटरी क्लब सहारानुर हार्मनी की सदस्यता ग्रहण करी। जिसमे से 8 महिला रोटेरियन ने सदस्यता ग्रहण करी। जो कि अब तक का एक रिकॉर्ड है। अध्यक्ष अनिल भारद्वाज ने कहा कि मुझे अपने रोटेरियन होने पर बहुत गर्व है। मुझे गर्व है कि मैं एक बहुत ही ऊर्जावान टीम का साथी हूँ। मैं अपने क्लब के सभी सदस्यों को बधाई व धन्यवाद देता हूँ। मैं ख़ास तौर पर अपने चार्टर प्रेसिडेंट संदीप गर्ग व सुभाष सपरा का भी धन्यवाद करना चाहता हूँ क्योंकि उन्हीं की मेहनत से हमें यह खूबसूरत प्लेटफ़ॉर्म मिला है। आप सभी ने मुझे अध्यक्ष बनाकर जो दायित्व मुझे सौंपा है, मैं अपने बोर्ड सदस्यों और अपने क्लब के सभी साथी सदस्यों की मदद और समर्थन से इस ज़िम्मेदारी को अच्छे से निभाने का प्रयास करूँगा। उन्होंने कहा की हम रोटरी के मोटो सर्विस अबव सैल्फके साथ अपने डीजी द्वारा दिए गए स्लोगन सर्विस विद एंजॉय के साथ पूरे साल नये कीर्तिमान स्थापित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने क्लब की मेंबरशिप में 110 प्रतिशत की ग्रोथ करते हुए मेंबरशिप 38 तक पहुंचा दी है।

# 'ज्योतिष परमात्मा प्रदत्त एक शुद्ध गणित और विज्ञान'

अवधनामा संवाददाता

■ भारतीय संस्कृति में वेदों का नेत्र है ज्योतिष: आचार्य रोहित कुमार

**सहारनपुर।** दिव्य शक्ति अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर सन्त कमल किशोर ने कहा कि ज्योतिष एक शुद्ध गणित और विज्ञान है, जिसे जानने वाला ग्रहों से आने वाली अच्छी और बुरी किरणों के जीवन पर प्रभाव से भूत, वर्तमान और भविष्य के बारे में बहुत कुछ बता सकता है। पंचांग द्वारा सूर्य और चन्द्र ग्रहण की भविष्यवाणी शत-प्रतिशत सही निकलती है, जिसे नासा के वैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं।

संत कमल किशोर आज यहां लक्ष्य ज्योतिष संस्थान चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 14वें ज्योतिष सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अर्धनारीश्वर परमात्मा शिव और माता पार्वती, दिव्य शक्ति अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर संत कमल किशोर महाराज, अखाड़ा संयोजक संत सुरेश निझावन महाराज, लक्ष्य ज्योतिष संस्थान चंडीगढ़ के संस्थापक और चेयरमैन आचार्य रोहित कुमार, महामंडलेश्वर ओउम योगी महाराज और संस्था अध्यक्ष पीयूष कुमार के साथ-साथ सभी विद्वान ज्योतिष प्रतिभाओं ने फीता काटकर किया। इस दौरान मधुर स्वर में मंत्रोच्चारण के साथ सभी 150 विद्वानों को सतिथि अर्धनारीश्वर परमात्मा शिव और माता पार्वती का प्रसाद केले, मिश्री, किशमिश और श्रीफल प्रदान किया गया। लक्ष्य ज्योतिष संस्थान के संस्थापक आचार्य रोहित कुमार ने ज्योतिष शास्त्र को वेदों का नेत्र बताते हुए कहा कि आज का मानव दुखों से पीड़ित है। ऐसे मे ज्योतिषी और भगवान पर विश्वास ही एकमात्र सहारा बनता है।

# रामगंगा का जलस्तर बढ़ा, दर्जनों गांव पानी से घिरे, एडीएम व एसडीएम मौके पर पहुंचे







अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** बाढ़ के इस मौसम में गंगा एवं रामगंगा में जल स्तर बढ़ने के कारण तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोग परेशान हो गए हैं। बीते सप्ताह गंगा नदी में बाढ़ का पानी तेजी से बढा था जो कि अब कम हो गया है। परंतु रामगंगा नदी में जल स्तर तेजी से बढ़ने लगा है। जिससे इसके किनारे पर रहने वाले एक दर्जन से अधिक गांव पानी से घिर चुके हैं।

आवागमन के रास्ते अधिक पानी होने की वजह से बंद होने के कगार पर हैं। अमैयापुर जाने वाली सड़क पर 2 फुट से अधिक पानी चल रहा है और पुलिया के पास सड़क भी क्षतिग्रस्त होने लगी है। यहां से निकलने वाले लोग जान जोखिम में डालकर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। तेज बहाव के इस गहरे पानी से लोग बाइक पर अपने पारिवारिक जनों को बिठाकर निकाल रहे हैं जो कि एक जोखिम भरा काम है। जब इसकी जानकारी थाना पुलिस को हुई तो पुलिस ने सक्रियता दिखाई और मौके पर पहुंच गई। वहां कुछ बच्चे और युवा तेज पानी के बहाव में मस्ती कर रहे थे। जिन्हें पुलिस ने समझा कर वहां से हटाया और जोखिम लेकर निकलने वालों को भी पुलिस ने सही रास्ता दिखाया और जब तक पानी का तेज बहाव है उन्हें वहां से न निकलने की सलाह दी। पुलिस लगातार मौके पर बनी हुई है। रामगंगा में बढ़ रहे जल स्तर की सूचना पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति अमृतपुर उप जिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह राजस्व कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बढ़ रहे जल स्तर की समस्याओं से पीड़ित लोगों से बातचीत की और बाढ़ ग्रस्त गांव में पहुंचकर वहां की स्थिति को देखा। लोगों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से उपलब्ध सहायता को बाढ़ पीड़ित क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाया जाएगा। सभी लोग बढ़ रहे पानी से सावधान रहें और तेज बहाव की तरफ ना जाएं और ना ही किसी को जाने दें।

क्षेत्रीय लेखपाल विमल कुमार भी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में पहुंचे और अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करने लगे। पश्चिमी अमैयापुर पूर्वी अमैयापुर खाखिन चपरा नीचे वाला चपरा गुडेरा रुलापुर भावन हीरानगर आदि बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। यहां से आवागमन बाधित हो चुका है। जो लोग जरूरी काम से निकल रहे हैं वह भी जोखिम उठाकर वहां से निकल पा रहे हैं। जिन किसानों ने मूंगफली और मक्के की फसल की थी अब उनका भी नुकसान हो गया है। इस इलाके में इतनी तेजी से पानी बढ़ने की उम्मीद नहीं थी। परंतु रामगंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण मूंगफली और मक्के की फसल पूरी तरीके से पानी में डूब गई। जिससे यहां रहने वाले किसान आसाराम बाबूराम होते लाल रामचंद्र रामनिवास राजेश प्रदीप सर्वेश मेघनाथ वीर सहाय आदि लोगों की फसले तबाह हो चुकी हैं। इन लोगों ने बताया कि इन फसलों के पानी में डूब जाने से उनका लाखों का नुकसान हो चुका है। तटवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों की झोपड़ियां पानी में डूब चुकी हैं और वह लोग वहां से पलायन करने पर मजबूर हो गए है।इन गांवों के कुछ निवासी वहां से निकलकर ऊंचाई की तरफ चले गए हैं और कई परिवार अपने रिश्तेदारियों में पहुंचकर वहीं रुकने पर मजबूर हो चुके हैं। रामगंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अगर इसी तेजी से पानी बढ़ता रहा तो इस बाढ़ की चपेट में आधा सैकड़ा से अधिक गांव आ सकते हैं। वहीं गुलरिया भावन में जाकर ग्रामीणों से वार्ता की और बच्चों को नहाने से मना किया परिजनों से कहा कि अपने-अपने बच्चों को सैलाब के पानी में नहाने से मना करें या आपकी जिम्मेदारी है। एडीएम ने लेखपाल से कहां कि जो फसल का नुकसान हुआ है। उसका सर्वे कर जल्द मुहाबजा उपलब्ध कराने को कहां।बाढ़ क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अभी तक प्रशासन की तरफ से किसी प्रकार की कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। वही रुलापुर के ग्रामीणों योगेंद्र पाल कल्लू भूरे आदि ने बताया की चपरा को जोड़ने वाला रोड़ जिसमे पुलिया बनाई गई वह छोटी है जिसमें पानी पास नही हो पाता है।जिसकी वजह से जिससे हम लोगों के घरों में जल्द पानी घुस जायेगा। कमलेश पुत्र श्यामबाबू ने बताया कि एसडीएम अतुल कुमार वर्मा की गाड़ी को हाथ देकर रोकने का प्रयास किया लेकिन नहीं रुके। जिससे हम अपने गांव की बाढ़ ग्रस्त समस्या से अवगत करा सकते।

## कायम अब्बास के आक्रामक खेल से यूनिटी कॉलेज चैम्पियन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लामार्टिनियर कालेज के पोलो मैदान पर खेले गये सीआईएससीई जोनल अण्डर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में कायम अब्बास जैदी के आक्रामक खेल 2 गोल की मदद से यूनिटी कालेज ने गतवर्ष चैम्पियन लामार्टिनियर कालेज को 2-0 गोल से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। इसे पूर्व सेमीफाइनल मैच में यूनिटी कालेज ने स्टैला मेरी को 6-0 गोल से हराया। पहला गोल पहले हाफ में कायम अब्बास ने दागा। इसके बाद अमान रिजवी ने हैट्रिक सहित 4 गोल दागकर टीम को फाइनल में पहुंचाया।

खिताबी मुकाबला शुरू होते ही कायम अब्बास ने पहले हॉफ के 5वें मिनट में ही प्रतिद्वंद्वी लामार्टीनयर की रक्षा पंक्ति को छेदते हुए मैदानी गोल दागकर टीम का स्कोर 1-0 कर दिया। इसी क्रम में पहले हॉफ के अंतिम क्षण 30वें मिनट में कायम अब्बस ने एक बार फिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ आक्रमाक खेल दिखाते हुए मैदानी गोल ठोक कर टीम का स्कोर 2-0 पहुंचा दिया। दूसरे हॉफ में खेल और भी रोमांचक रहा दोनों ओर से गोल दागने के प्रयास किये गये। मगर गोलकीपर ने उन्हें सुरक्षित कर लिया। अंत में यूनिटी कालेज 2-0 गोल से चैम्पियन हो गया। कालेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी और प्रधानाचार्य दीपक मैथ्यूज और स्पोर्ट्स टीचर आमिर अली ने फुटबॉल टीम और जोनल एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले कालेज धावक कायम अब्बास की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतने का आशीवार्द व शुभकामनाएं दी।

## मतदाता अभिन्दन कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में मध्य विधान सभा के अन्तर्गत मतदाता अभिन्दन कार्यक्रम का आयोजन ऐशबाग रामलीला ग्राउंड मे सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे राज्य सभा सासंद डा दिनेश शर्मा जी उपस्थित रहे।

डॉ दिनेश शर्मा और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने उपस्थित सभी मतदाताओं व कार्यकर्ताओं पर फूलों की वर्षा की और सभी को अंग वस्त्र और पुष्प माला पहनकर स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने अपने अपने उद्बोधन में कहा कि हम यहां पर मतदाता के साथ-साथ उस कार्यकर्ता का अभिनंदन करने आए हैं जिसने मतदाता को अपने घर से जागरूक करके मतदान स्थल तक लाने का कार्य किया। हम जन संघ के जमाने से लगातार मेहनत करते चले आए हैं जब हमारे केवल दो सांसद हुआ करते थे दो से लेकर के आज हमारी केंद्र में तीसरी बार लगातार एनडीए बहुमत की सरकार है जो आप जैसे करोड़ों मतदाताओं के मत से बनी है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव जीतने पर भी कुछ सीखते हैं और सीटे काम आने पर भी कुछ सीखते हैं जिस पर समीक्षा होती है। इसी के साथ 2027 में उत्तर प्रदेश में बहुमत की सरकार प्रदेश में बनाते हुए मध्य विधानसभा को भारी मतों से जीतने का संकल्प दिलाया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता संयमित कर्मठ और ऊर्जावान है। हमारी सरकार के कार्यो को जनता तक पहुंचा कर जिनके दम पर हमने केंद्र में लगातार तीसरी बार और उत्तर प्रदेश में भी लगातार दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने का कार्य किया है और 2027 में भी पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए हम तीसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाएंगे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन तथा परिचय कार्यक्रम में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** लाक्षाकार, लखेरा समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन तथा परिचय कार्यक्रम में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें तकरीबन दो सैकड़ा से अधिक महिला पुरुष मौजूद रहे। उक्त शोभा यात्रा द्वारकाधीश मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पेट्रोल पंप हनुमान जी मंदिर तक लाई गई। शोभा यात्रा में एसडीएम तथा सीओ, कोतवाल आदि पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था के चलते शोभायात्रा के साथ में रहे। लाक्षकार समाज द्वारा तीन दिवसीय विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसके प्रथम दिन विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें समाज के दो सैकड़ा से अधिक लोगों ने इस शोभा यात्रा में भाग लिया। यह शोभायात्रा द्वारकाधीश मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। शोभायात्रा में स्थानीय प्रशासन की सतर्कता देखी गई। एसडीएम अतुल कुमार, सी ओ राम सिंह, कोतवाल वीरेंद्र कुमार आदि पूरी फोर्स के साथ शोभायात्रा में पैदल चलकर सुरक्षा व्यवस्था देख रहे थे। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय जिसमें पहले दिन शोभा यात्रा दूसरे तथा तीसरे दिन विवाह कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह आयोजन बृजेश लक्षकार, दीपक, राम जी, रत्नेश, अमित, आकाश, युवराज, सत्यम, राहुल, महेंद्र, रामलला पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरज बाथम आदि के सहयोग से किया गया है।

## पसमांदा मुसलमान भाजपा से क्यों बिखरा, भाजपा शीर्ष नेतृत्व को इस पर चिंतन की जरूरत : वसीम राईन



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** हर चुनाव के बाद बड़ी विफलता की स्थिति में दल चिंतन मनन करता है कि कहां पर चूक हुई या कौन और क्यों नाराज हुए। यही फिक्र भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी करनी होगी कि जो पसमांदा मुसलमान भाजपा को कामयाब बनाने के लिए साथ आया, वही 2024 में क्यों बिखर गया। पार्टी स्तर पर ही नही बल्कि पसमांदा समाज की ठेकेदारी का जिम्मा लिए बैठे चेहरों से भी निपटना होगा।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के जिस पसमांदा मुसलमान ने भाजपा सरकार, संगठन में बगैर कोई हिस्सेदारी मिले, सिर्फ सपा, कांग्रेस जैसे पार्टियों की झूठ, फरेब, मक्कारी आदि से त्रस्त होकर, इनके विरोध में 2019 में भाजपा को 8 प्रतिशत और 2022 के विस चुनाव में भाजपा को 6 प्रतिशत वोट दिया और आने वाले वक्त में यह प्रतिशत और बढ़ता। उसी पसमांदा समाज ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री, आयोगों, निगमों और संगठन आदि में आबादी के अनुपात में ना सही, लेकिन कुछ हिस्सेदारी पाकर भी औसत 1 प्रतिशत वोट देना ठीक नहीं समझा। यह बेहद गम्भीर विषय है जिस पर बड़ी चर्चा व निर्णय जरूरी हो जाते हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सवाल किया कि क्या यह भाजपा द्वारा पसमांदा के बीच सालों से काम कर रहे असरदार सामाजिक संगठनों, प्रभावी नेताओं की उपेक्षा और बगैर उनके सलाह, मशविरे के पसमांदा समाज पर, पसमांदा के नाम पर जबरन थोपे गए जनाधार विहीन नेताओं और पसमांदा के नए नवेले कुछ सामाजिक संगठनों के बड़बोले, ठेकेदार नेताओं से, उसकी नाराजगी का नतीजा था। क्या भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को, पसमांदा मुसलमानों की 2019, 2022 की अपेक्षा 2024 के लोकसभा चुनाव में, भाजपा से बढ़ी इनकी दूरी के कारणों और अपने पसमांदा नेताओं की बड़ी विफलता पर गहन चिंतन, मनन नहीं करना चाहिए। तो जवाब हां में है। भाजपा संगठन को इस अहम विषय पर विचार करने के साथ ही व्यापक समीक्षा करनी होगी क्योंकि अभी वक्त है और बहुत कुछ सुधार किया जा सकता है।

**भाजपा संगठन को इस अहम विषय पर विचार करने के साथ ही व्यापक समीक्षा करनी होगी**

## पूर्व विधायक ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राप्ती नदी का विगत चार दिनों जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ रहा हैं, बाढ़ से 73 गांव प्रभावित व 35 गांव मैरूंड हो चुके है। शनिवार को बाढ़ पीड़ितों के स्थिति का जायजा लेने के लिए पूर्व विधायक व प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी उप्र राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

**पूर्व विधायक ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा**

उन्होंने बाढ़ से प्रभावित भनवापुर ब्लाक के बड़हरा, डुमरियागंज ब्लॉक के तेनुहार उर्फ कठौतिया, मिठवल ब्लॉक के बनकटा पाठक, बघनी नानकार, फुलवापुर आदि गांवों का निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों का कुशल क्षेम जाना और आश्वस्त किया कि भाजपा की मोदी व योगी सरकार उनके हर दुख दर्द में साथ खड़ी हैं, इस दौरान बाढ़ पीड़ितों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही उनके लिए आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराने के लिए अधिकारियों से फोन पर वार्ता किया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों के मदद में शासन प्रशासन युद्ध स्तर पर लगी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार बाढ़ से प्रभावित लोगों की चिंता एवं आवश्यक सामग्री मुहैया कराने के लिए संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है, कि बाढ़ क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। हर संभव मदद मुहैया कराया जाए। उन्होंने सभी से इस बाढ़ आपदा में एक दूसरे का सहयोग करने का आग्रह किया है। बाढ़ पीड़ितों से हाल चाल के दौरान पूर्व विधायक को छोटे छोटे बच्चों ने घेर लिया, तो पूर्व विधायक बच्चों को टाफी वितरितकर दुलारते दिखे।

इस दौरान चन्द्र प्रकाश चौधरी, मधुसूदन अग्रहरि, रमेशधर द्विवेदी, नीरजमणि त्रिपाठी, श्याम पाठक, राहुल सिंह, मनोज निषाद, रमन सिंह, राजन अग्रहरि, महेंद्र चौबे, प्रदीप सिंह, दिलीप चौरसिया, दिनेश चौधरी, शिवप्रसाद चौरसिया, संजय सिंह आदि उपस्थित रहें।

### शाहपुर भोजपुर बांध का एसपी ने किया निरीक्षण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राप्ती नदी के चार दिनों से बढ़ते जलस्तर के कारण स्थिति बहुत ही भयावह हो गई हैं। शनिवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह व उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित के साथ शाहपुर भोजपुर बांध का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वह पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से बाढ़ से होने वाली समस्याओं और उसके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही पर चर्चाकर तैयारी व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## डॉ दुर्गेश कुमार होंगे जालौन के नए पुलिस कप्तान, डॉ ईरज राजा भेजे गए गाजीपुर



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 10 आईपीएस अधिकारियों के तबादला किए हैं, जिसमें जालौन के पुलिस अधीक्षक सहित 6 जिलों के कप्तान बदले गए है। जालौन का नया पुलिस कप्तान डॉ दुर्गेश कुमार को बनाया गया है जबकि डॉक्टर ईराज राजा को गाजीपुर में वर्तमान दायित्व के साथ भेजा गया है। लखनऊ से स्थान्तरित होकर जालौन आए नए पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार महाराजगंज जनपद के रहने वाले हैं। उनकी शिक्षा एमएससी के साथ एमएसडब्ल्यू से पीएचडी की है। वर्तमान में वह पुलिस कमिश्नर लखनऊ में डीसीपी के पद पर तैनात थे। उनका चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा चयन आयोग से हुआ है, इसके बाद उनकी पदोन्नति आईपीएस पर हुई।

जालौन के वर्तमान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने 14 जनवरी 2023 को जालौन की कमान संभाली थी, लगभग डेढ़ साल बाद उनका स्थानांतरण गाजीपुर हुआ है। डेढ़ साल के दौरान उनका कार्यकाल सराहनीय रहा, अपराध को लगाम कसने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उनके समय में 65 से अधिक एनकाउंटर हुए हैं, जिसमें दो फुल एनकाउंटर, बाकी हाफ एनकाउंटर हुए।इसके अलावा कई अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई। डॉ ईरज राजा के कार्यकाल में नगर पालिका चुनाव के साथ-साथ लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के महेवा मंडल अध्यक्ष से उनका विवाद हुआ था, जो पूरे जिले में चर्चा का विषय रहा था।

## दस दिन का खोया मोबाइल पुलिस ने किया बरामद



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय पुलिस ने खोया हुआ एक मोबाइल खोज कर आवेदक को सौंपकर उसके चेहरे पर खुशी बिखेरी। मकरंदपुरा निवासी कृष्ण गोपाल ने कोतवाली में सूचना देते हुये बताया वह 3 जुलाई को घर से जालौन आ रहा था तभी रास्ते में कहीं उसका मोबाइल गिर गया। पीड़ित की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बीरेंद्र पटेल,एस एस आई शील बंत सिंह के निर्देशन में खोया मोबाइल वीवो 420 जिसको थाना कोतवाली उरई पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद सचान द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सर्विलांस पर लगाकर बरामद कर पीड़ित व्यक्ति को सौंपा।जिससे आवेदक के चेहरे पर खुशी दौड़ गयी।

## पर्यावरण जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** आज न्यु विजन इंटरनेशनल स्कूल मदनेपुर में मिशन जीवनदान के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता अभियान का अयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबन्धक अरुण तिवारी एवं प्रधानाचार्या दीक्षा सक्सेना के द्वारा पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत बच्चों और अभिभावकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में बच्चों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। बच्चों के द्वारा समस्त अभिभावकों एवं समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को पौधे वितिरित किये गये। साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उप प्रबन्धक कपिल सक्सेना, प्रिंसी मेम, हरी अवस्थी, प्रशांत सर, प्रेम सर, दीनबंधू सर, आशुतोष सर, अभिषेक सर, सत्यम सर, नीलम मेम, काजल मेम, दीक्षा तिवारी मेम, मोहिनी मेम, शिवानी मेम, वैष्णवी मेम, सपना मेम, पूजा मेम तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## एसपी ने दो थानों का किया निरीक्षण



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा थाना मेरापुर और थाना जहानगंज का औचक निरीक्षण किया गया। एसपी ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीएनएस कार्यालय, थाना कार्यालय, मालखाना, बैरक, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण करने के बाद सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। एसपी ने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की सूची बनाकर तत्काल कार्रवाई की जाए।

## बज़्म-ए-ख्वातीन के तत्वावधान में गोष्ठी कल

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** बज़्म-ए-ख्वातीन के तत्वावधान में दिनांक 15 जुलाई को 3 बजे जनाना पार्क अमीनाबाद में सुप्रीम कोर्ट द्वारा मुस्लिम महिलाओ के गुजारा भत्ते पर फैसले पर आम महिलाओ के विचार जानने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिस की अध्यक्षता बेगम शाहनाज सिदरत करेंगी।

## उरई शहर में सरेशाम गोलीकांड से हड़कंप मचा

**उरई (जालौन)।** उरई शहर में सरेशाम गोलीकांड से हड़कंप मच गया है। घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेंद्र नगर में हुई। बंबी रोड निवासी भास्कर अवस्थी के जिले में अवस्थी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स है। वे देर शाम तकरीबन 7:15 बजे अपनी पत्नी साधना अवस्थी के साथ स्कूटी से बाजार जा रहे थे। घर से चंद कदम दूर ही मोटरसाइकिल सवार एक लड़का उनके सामने आ गया और उसने तमंचा निकालकर भास्कर अवस्थी को गोली मार दी जो उनके कंधे पर लगी जबकि पत्नी बाल बाल बच गई। घनी बस्ती वाले इलाके में जिले के चर्चित व्यक्ति पर चली गोली से पूरे शहर में हड़कंप मच गया ।जबकि गोली मारने वाला लड़का मोटरसाइकिल से भाग निकाला। उधर मोहल्ले के लोग घायल भास्कर अवस्थी को उठाकर जिला अस्पताल लेकर गए जहां से उनको उरई मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना को लेकर घायल भास्कर अवस्थी ने बताया कि रंजिश के चलते उनको गोली मारी गई है। फिलहाल अभी किसी के खिलाफ पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। जबकि एसपी डॉ ईरज राजा और सीओ सिटी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने घायल से घटना की जानकारी जुटाई और हमलावर की तलाश शुरू कर दी है।

## छह साल बाद भी नहीं मिल सका पीड़ित को न्याय

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** एसडीएम कोर्ट में मेड बंदी का मुकदमा 6 वर्ष से चल रहा था 14 मार्च को पैमाइश कराकर मेड बंदी करने के आदेश किए गए द्य कोर्ट के आदेश पर शनिवार को राजस्व विभाग की टीम गांव में पैमाइश करने के लिए गई। पीड़ित ने गलत तरीके से पैमाइश किए जाने पर आपत्ति जताते हुए पुनः शिकायत किए जाने की बात कही। फैशन स्टेटस तहसील सदर क्षेत्र के गांव झसी निवासी केदार पुत्र पुत्तू लाल निवासी झसी थाना जहानगंज तहसील सदर विपक्ष केतकी देवी पत्नी ईश्वर दयाल लड़का वीरेंद्र महेंद्र केदार सिंह की 28 डिसमिल जमीन थी। मौके पर 18 डिसमिल है जबकि दूसरे हवलदार की पैमाइश तहसीलदार कन्हैयालाल करने गए थे। पीड़ित ने राजस्व विभाग की टीम पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह दोबारा एसडीएम कोर्ट में शिकायती पत्र देकर पैमाइश करवाएगा।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस पर सुनी जनसामान्य की समस्याएं

**सम्भल इरशाद हुसैन।** शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कोतवाली संभल एवं असमोली थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्भल के एतिहासिक चक्की के पाट का अवलोकन किया तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संभल एवं उप जिलाधिकारी संभल को आवश्यक निर्देशित करते हुए कहा कि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने ए.एस.आई के संबंधित अधिकारियों से भी एतिहासिक चक्की के पाट के संबंध में वार्ता की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने चौधरी सराय संभल चौकी पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सम्भल विनय कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज चौधरी तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

**सम्भल अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड की ग्राम पंचायत शरीफपुर के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुरादाबाद के नारे लगाए और पंचायत सचिव व सफाई कर्मी के खिलाफ भी नारेबाजी करते हुए गंभीर आरोप लगाते हुए बताया ?की सफाई कर्मी दो साल से हमारे इधर साफ सफाई करने नहीं अता है। जिसकी वजह ग्रामीणों मे संक्रामक बीमारियों का फैलने का खतरा सता रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान व सचिन से भी कई बार साफ सफाई को लेकर कहां गया लेकिन उनके कानों पर कोई जू नहीं रहती है।ग्रामीण ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि सफाई कर्मी किसी और से मजदूरी पर सफाई करा रहा है। और ग्राम प्रधान भी जिधर उनके पक्ष के लोग होते हैं। उधर ही साफ सफाई पर ज्यादा ध्यान देता है। रोहतास कश्यप ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया इस जल भराव की समस्या से हमारे मकान कभी भी गिर सकता है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिससे आए दिन हमें डर सताता रहता है। ग्राम प्रधान से कई बार साफ सफाई को लेकर जल भर? की समस्याओं को लेकर लिखित में भी अवगत कराया लेकिन उसके बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं की गई और ग्राम प्रधान ने इसको अनसुना कर दिया ग्रामीणों का कहना है। कि हमने ब्लॉक प्रमुख से लेकर सभी अधिकारी को इस जल? भराव की समस्या को मौके पर भी दिखाकर अवगत करा चुके हैं। लेकिन इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है।

## डीएसएम शुगर मिल ने वितरित किए वाटर कूलर

**सम्भल/रजपुरा अवधनामा संवाददाता।** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा के यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा ने बड़े वाटर कूलर हरि बाबा आश्रम के लिए तथा जिंजोड़ा डांडा आश्रम के लिए वाटर कूलर दोनों आश्रम के आए हुवे उनके प्रतिनिधियों को सौंपा। इस अवसर पर वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक इकबाल सिंह, राजन कुमार दीक्षित उप महाप्रबंधक प्रशासन अभय शर्मा महाप्रबंधक इंजीनियरिंग, संजीव कुमार महाप्रबंधक फाइनेंस, सुधीर त्यागी उप महाप्रबंधक प्रोडक्शन, संजीव उप महाप्रबंधक आई टी, अमित अग्रवाल उप महाप्रबंधक सेल्स, लवीश कुमार पी ए यूनिट हेड इत्यादि उपस्थित थे।

अवधनामा



# तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा,नगर में मुख्य मार्ग पर भरा पानी

*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली- अयोध्या।** पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण रूदौली रेजघाट रोड़ पर राहगीर व स्कूली बच्चे गंदे पानी मे हल कर चलने को हर वर्ष बारिश में मजबूर होते हैं। रुदौली नगरपालिका के मोहल्ला कटरा वार्ड मे स्थिति पट चुके तालाब मे पानी निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रूदौली रेजघाट रोड पर बारिश के पानी का जल भराव हो गया। रुदौली नगर पालिका के मोहल्ला कटरा मे रुदौली से उमापुर मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ स्थिति तालाब को भू माफियाओ द्वारा पाट कर पक्का निर्माण करा लेने की वजह से पानी की निकासी हो पाना मुश्किल हो रहा है । इस जगह पर प्रत्येक वर्ष जल भराव की समस्या से लोगो को जूझना पड़ता है जिसके लिए मोहल्ले के कमर



रजा उर्फ़ कम्मू व पूर्व सभासद डाक्टर राजू जिम्मेदार अधिकारियों से लिखित व मौखिक शिकायत भी कर चुके है परन्तु समस्या से अवगत होने के बावजूद प्रसाशन मौन साधे हुए है कोई भी जिम्मेदार अधिकारी अवैध अतिक्रमण की कार्यवाई से बचना चाह रहा है।इस सड़क मार्ग से मोहल्ले व इंहौना, जगदीशपुर, उमापुर, सैदपुर, माँ कामाख्या धाम को जाने वाले रास्ते में जलभराव हो जाने से राहगीरों व स्कूली बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार- बार उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। इस मार्ग पर बैंक, मंदिर, राजकीय बालिका इंटर कालेज संचालित होने के कारण यहां राहगीरों का आना-जाना लगा रहता है। जिससे महिलाओं एवं छात्राओं को निकलने में परेशानी हो रही हैं। कमर रजा उर्फ़ कम्मू ने बताया की तालाब के सम्पूर्ण गाटे पर अवैध निर्माण हो जाने की वजह से इस प्रकार की समस्या से लोग परेशानी से जूझ रहे है और सूत्रो से जानकारी मिली है की तालाब की शकल अब 8 फिट के नाले मे तब्दील हो गया है उस नाले को भी भू माफियाओ ने बेच कर जेब गरम कर ली है जिससे आने वाले दिनों मे मोहल्ले व सड़क की हालत और भी दयनीय हो जाएगी।

# ओंकार नाथ ने शासन प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या धाम में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पीड़ित ओंकार नाथ तिवारी ने बताया आप बीती शासन प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार उनके द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है ओंकार नाथ तिवारी पुत्र देवक राम तिवारी निवासी ग्राम मरेना पूरे प्रेम तिवारी, थाना-इनायतनगर, ने दन्तधावन कुण्ड में रामपथ के किनारे पूर्वी तरफ तिराहे पर एक दुकान किराये पर महन्थ कन्हैया दास से लेकर माह मार्च वर्ष 2021 से दुकान कर रहा हूँ, माह अप्रैल 2021 में कन्हैया दास की मृत्यु के बाद कन्हैया दास के सगे गुरुभाई रामानुज दास के कहने पर पवन दास को बराबर किराया दे रहा था कुछ समय पश्चात् पवन दास साजिश कर हमें जबरन विधि विरुद्ध प्रक्रिया अपनाकर दुकान से बेदखल करने का प्रयास करने लगे। मजबूरन पीड़ित ने न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन फैजाबाद के समक्ष मूलवाद संख्या-283 सन् 2022 प्रस्तुत किया जिसमें न्यायालय द्वारा पीड़ित के पक्ष में स्थगन आदेश पारित हुआ, जो वर्तमान में प्रभावी है 22 जुऊ 2024 को पेशी नियत है। पीड़ित दुकान का किराया रामानुजदास को देने लगा। रामानुजदास ने नई किरायेदारी भी पीड़ित के पक्ष में लिखा है। पवन दास ने हमें परेशान करने की नियत से हमारी किरायेदारी वाली दुकान को रजिस्टर्ड किरायेदारी मेसर्स श्री सुख सागर हास्पिटीलिटी सर्विसेज के पक्ष में 60 लाख रुपये लेकर लिख दिया है, जबकि पवन दास किरायेदारी वाले दुकान के भवन स्वामी नहीं है। पवन स्वामी रामानुज दास है, जिन्हें मैं प्रतिमाह किराया दे रहा हूँ। मेरी किरायेदारी वाली दुकान को जबरन गुण्डई के बल पर पवन दास व उनके गैंग के अन्य लोग कब्जा कर हमें बेदखल करना चाहते हैं और पूर्व में पवन दास द्वारा मुझे मेरे मोबाइल नं0-9452792687 पर 9336155686 से काल करके जान से मारने की धमकी भी दिया था, इस संबंध में शिकायती पत्र कोतवाली में दिया है वहीं महंत रामानुज दास ने बताया मैं काफी वृद्ध हूँ। वर्ष 2021 जब तक बहराईच का रहने वाले पवन मिश्रा शिक्षिण ग्रहण करने के लिये



आया और स्थान पर रहने लगा। कुछ समय रहने पर वह मेरे स्थान की सम्पत्तियों की जानकारी अन्य लोगों से करने लगा। सम्पत्ति की लालच में योजनाबद्ध तरीके से माह अप्रैल, 2021 में मेरे सगे गूरुभाई कन्हैयादास की हत्या करा दिया और चुपके-चुपके स्थान की सम्पत्ति, जमीन अपने नाम कन्हैयादास का उत्तराधिकारी बनकर सरकारी अभिलेखों मे दर्ज कराने लगा। जनपद बाराबंकी की जमीन बेच कर अपनी जन्म भूमि जिला बहराईच में मकान बना लिया, हनुमानगढ़ी के पुजरपना में करीब 50-60 लाख रुपया मिला था, उससे शराब की दुकान लेकर कारोबार करने लगा। मेरे बार-बार पूछने पर कुछ भी नहीं बताया और स्थान की सम्पत्ति को लगातार नष्ट करता रहा। पंचान पट्टी ने पवन दास का हक, पद समाप्त कर निष्कासित कर दिया और कन्हैयादास, रमाकान्त दास. रामबरन दास का हक, पद हमें देकर स्थानधारी नियुक्त किया। मेरी एक दुकान दन्तधवन कुण्ड तिराहे पर है, जिसे मेरे गुरुभाई कन्हैयादास ने किराये पर ओंकार नाथ तिवारी को दिया था. कन्हैयादास के मृत्यु के पश्चात् मैंने वृद्धावस्था व बीमारी के कारण दुकान का किराया प्राप्त करने के लिए पवन दास से कहा था और वह किराया ले रहा था. हनुमानगढ़ी से पवन दास को निष्कासित होने के पश्चात् मैं किरायेदार ओंकारनाथ तिवारी से प्रतिमाह किराया ले रहा हूँ। मैंने ओंकार नाथ तिवारी से नई किरायेदारी की लिखा-पढ़ी भी किया था।

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने बीज का निःशुल्क मिनी किट वितरित किया

**तारुन,- अयोध्या।** तारुन ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत निश्शुल्क बीज वितरण का आयोजन किया गया । इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने गोदाम प्रभारी पर बीज वितरण को लेकर आरोप भी लगाए । कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बक्स सिंह और विशिष्ट अतीत के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि फियाराम वर्मा ने किसानों को बीज का निःशुल्क मिनी किट वितरित किया । राजकीय कृषि बीज गोदाम प्रभारी कन्हैया लाल ने बताया कि किसानों को दलहन व श्री अन्न के उरद, मूंग,अरहर ,ज्वार बाजरा के बीज बांटे गये । किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार और कृषि गोदाम द्वारा बीज का निःशुल्क मिनी किट समय से उपलब्ध कराये तो किसान इसका लाभ उठा सकें । इस समय बारिश का दौर शुरू हो गया है। इनकी बुवाई नाममात्र ही हो सकेगी।।

# बिजली चोरी करने वालो की अब खैर नही, चला चोकिंग अभियान



**मसौली बाराबंकी।** बिजली चोरों पर शिकंजा कसने के लिए शनिवार की तड़के 6 बजे से शुरू हुई मॉर्निंग रेड से बिजली चोरों के होश उड़ गए। कटिया चेकिंग अभियान की जानकारी पाते ही कटिया चोर बिस्तर छोड़ कटिया हटाने के लिए दौड़ पड़े। विभाग ने बिजली चोरी करते हुए पकड़े जाने पर आधा दर्जन के खिलाफ विद्युत थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। अवर अभियंता मसौली लाल जी सिंह के नेतृत्व में विजय वर्मा, मकदूम अली, संविदा कर्मी सतेन्द्र वर्मा, विजय पाल, अफजल रहबर, अखिलेश कुमार, दयाराम, विजय गुप्ता, संदीप वर्मा सहित विद्युत विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत मसौली व बड़ागांव में सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक चेकिंग की गयी। बिजली विभाग द्वारा की गई इस अचानक कार्रवाई से लोगों के होश उड़ रहे। और मॉर्निंग रेड की सूचना गांव में फैलते ही लोग बिस्तर छोड़ कटिया हटाने के लिए दौड़ पड़े। चेकिंग अभियान में एक दर्जन से अधिक लोग कटिया डालकर बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े गये।

## इनके खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

विशेष अभियान मे उपभोक्ता हुसैन अली पुत्र मनसाद अली, सतीश,बबलू,उमाशरण पुत्रगण स्वश्‍ राम सिंह, दिनेश कुमार पुत्र राम सुमिरन, राजेन्द्र कुमार पुत्र नेवल किशोर, कमालुद्दीन भूलीगंज, व नातिक, अतीक, शकील पुत्रगण तजम्मुल निवासी कस्बा मसौली सरवर, अनवर, अरशद पुत्रगण स्वश्‍ मुनीर अहमद ग्राम बड़ागांव और 4 लोगों के विरुद्ध कनेक्शन विच्छेदन होने के बाद भी बिजली जलाते पाये जाने पर धारा 138 क्कमे बिजली चोरी अधिनियम का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबक बना कीचड़ भरा रास्ता, जिम्मेदार मौन

**हैदरगढ़ (बाराबंकी)** आजादी के बाद से आज तक गांव के करीब पाँच दर्जन घरों के आवागमन का मुख्य रास्ता अभी भी जस का तस कच्चा ही पड़ा है। जिससे इन घरों के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है। थोड़ी बहुत बरसात होते ही इस कच्चे रास्ते की हालत दयनीय हो जाती हैं और इस रास्ते से आने जाने वाले लोगों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। इस सब के बाद भी इस कच्चे रास्ते का कोई सुधि लेने वाला नहीं है। स्थानीय विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत नरौली में शीतला माता जी के मंदिर से चंद्रभान सिंह के दरवाजे तक आजादी के बाद से अब तक यहां का रास्ता जस का तस कच्चा ही पड़ा



हुआ हैं। एक तरफ जहाँ सरकार द्वारा गांवों के रास्तों को शहरों की तर्ज पर मूलभूत सुबिधाओं से जोड़ते हुए इंटरलॉकिंग रोडे बनवाई जा रही है तांकि ग्रामीणों को आवागमन में कोई परेशानी न हों। लेकिन गांव का यह एकमात्र ऐसा कच्चा रास्ता है जो आजतक कच्चा ही है। भाजपा बूथ अध्यक्ष महेश शुक्ला, राजमणि तिवारी, शिव सागर तिवारी, रामचंद्र तिवारी, योगेंद्र सिंह, राम सजीवन सिंह, संतोष गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, पुत्तन गुप्ता, राजकुमार महरा, विजय बहादुर सिंह, शिवभान सिंह, चंद्र भान सिंह, संजय सिंह, उदय भान सिंह, ब्रजभान सिंह सहित आदि ग्रामीणों ने बताया कि करीब पांच दर्जन से अधिक घरों का आवागमन इसी कच्चे रास्ते से होता है थोड़ी सी ही बरसात होते ही इस रास्ते पर जलभराव व कीचड़ हो जाता हैं। जिसके चलते इस रास्ते से आने जाने में हम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा इस कच्चे रास्ते पर जल भराव के चलते संक्रमणीय बीमारियों के भी फैलने का खतरा बराबर बना रहता है। इस सबके बावजूद भी उक्त आवागमन के कच्चे रास्ते का कोई सुधि लेने वाला नहीं हैं। उक्त सभी ग्रामीणों ने इस कच्चे रास्ते पर आवागमन को सुलभ बनाने के लिए इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

# समाधान दिवस में पत्नी ने ससुरालियों पर मारपीट का लगाया आरोप

**मसौली बाराबंकी।** प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस मे 5 शिकायते आयी जिसके निस्तारण के लिए टीमे गठित की गयी है। थाना समाधान दिवस मे कुरथरा निवासिनी आरती ने अपने पति अनिल कुमार, सास, ससुर व ननद पर मारपीट का आरोप लगाया है, पहलीपार मजरे सुरसंडा निवासी शेर बहादुर ने धनपति पर नाली पर दिवार बनाने की शिकायत की, भारतपुर थाना पुरा कलंदर जनपद अयोध्या निवासी मो0 करीम पुत्र मो0 कय्यूम ने सुर संडा निवासी सिराज, मो0 अहमद,, मो0 मेराज पर ह्यह्यह्यमारपीट करने का आरोप लगाया है, पूरे मनभावन पुर निवासी सोनपाल सिंह पुत्र सुमेर सिंह ने जहा पैमाइश की मांग की है वही बड़ागांव निवासी मो0 रजा पुत्र मुस्तफ़ा ने नाली को लेकर शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने फरियाद सुनते हुए निस्तारण के लिए टीम का गठन किया है। इस मौक़े पर राजस्व निरीक्षक स्वामी नाथ सोनी, उपनिरीक्षक राकेश यादव, रमेश्चंद्र, अनिल कुमार सिंह, लेखपाल राम प्रवेश तिवारी, अजय चौहान, राजेश तिवारी, राकेश यादव, राहुल कुमार आदि लोग मौजूद थे ।

# घड़ी आई, साय कैबिनेट ने अयोध्या धाम में किए श्रीरामलला के दर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या धाम।** पवित्र राम जन्मभूमि में श्री रामलला के दर्शन के लिए जैसे ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके कैबिनेट के सहयोगी पहुंचे। पूरे मंदिर परिसर में नारा गूंज उठा। छत्तीसगढ़ के भांचा राम, जय श्री राम, जय श्री राम। इस तरह पूरा परिसर राम भक्ति के माहौल में, ननिहाल से आए भक्तों की स्नेह सिक्त वाणी से गुंजायमान हो गया। जिस तरह माता शबरी की शिवरीनारायण में भगवान श्री राम के पुण्य दर्शन की इच्छा पूरी हुई थी। वही साध ननिहाल के हर राम भक्त को होती है। उसी तरह मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उनकी कैबिनेट की भी रामलला के दर्शन की इच्छा आज पूरी हो गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सहित उनके कैबिनेट के सदस्यों ने आज अयोध्या धाम पहुंचकर श्रीरामलला के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर भाँचा राम के ननिहाल का उपहार भी प्रभु के चरणों में अर्पित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ से शबरी माता की भूमि शिवरीनारायण से बेर तथा पवित्र जल, विष्णु भोग का चावल, अनारसा, करी लड्डू तथा कोसे के वस्त्र प्रभु को अर्पित किए।मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर प्रभु श्री राम से छत्तीसगढ़ के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग पूरी कैबिनेट के साथ श्री रामलला के दर्शन के लिए आज अयोध्या धाम आए। भगवान श्रीराम हमारे छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। भांचा राम के दर्शन के लिए हम लोग बहुत उत्सुक थे। भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से वो शुभ घड़ी आ गई है जब हम लोगों को अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने अयोध्या धाम जाने का निर्णय लिया तो सोचा कि जब अपने भांजे के दर्शन के लिए जाएंगे तो उनके लिए ननिहाल की तरफ से क्या उपहार लेकर जाएं। फिर विचार आया कि इससे अच्छा उपहार भगवान श्रीराम के लिए क्या हो सकता है कि हम उस पवित्र भूमि शिवरीनारायण से बेर ले जाकर भगवान को भेंट करें, जहां के बेर खुद माता शबरी ने प्रभु श्रीराम को अपने हाथों से खिलाये थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन जूठे बेरों का स्मरण हमेशा के लिए लोक स्मृति में दर्ज हो गया है। माता शबरी की इस धरती से भगवान श्रीराम के लिए यह उपहार ले जाने का हमें सौभाग्य मिला इससे बढ़कर हमें क्या चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ जनजातीय प्रदेश है। यहां माता शबरी और अनेक जनजातीय विभूतियों ने भगवान श्रीराम का स्वागत किया है।

# इंजीनियर अनुराग व नवीन की पीएचडी उपाधि हेतु मौखिकी परीक्षा सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईईटी संस्थान के दो शिक्षकों की पी0एच0डी0 उपाधि के लिए मौखिकी परीक्षा संपन्न हुई। विश्वविद्यालय के अभियंत्रण इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर इंजीनियर अनुराग सिंह व इंजीनियर नवीन पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग की पी0एच0डी0 उपाधि हेतु पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 विनोद कुमार चौधरी के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया। इंजीनियर अनुराग सिंह ने 'डिजाइन ऑफ सिस्टम टू इनकैपैसिटेट माइक्रोआर्गेनिज्म फाम दी सरफेस ऑफ वेरियस आब्जेक्ट' विषय अपना शोध-प्रबन्ध जमा किया है। जोकि रोजमर्रा के उपयोग में आने वाली वस्तुओं के सतह पर रहने वाले रोगाणुओं एवं उनकें हटाने के उपाय हेतु एक मशीन का विकास पर्यावरण विज्ञान विभाग की सरयू प्रयोगशाला में किया गया है। दूसरी ओर इंजीनियर नवीन पटेल ने 'डेवलपमेंट ऑफ बायो एडसॉर्बेंट फार दी एडॉप्शन ऑफ नाइट्रेट एण्ड फ्लुराइड फॉर्म वॉटर' विषय पर शोध-प्रबन्ध जमा किया है। इन्होंने शोध में पानी में पाए जाने वाले नाइट्रेट एवं फ्लुराइड को जैवीय पदार्थों के माध्यम से पानी से अलग करने की विधि पर कार्य किया है। शोध मौखिकी के दौरान विशेषज्ञों ने दोनों शिक्षकों के उत्कृष्ट शोध कार्य की सराहना करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर की शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित करने की संस्तुति की। शिक्षकों की मौखिकी परीक्षा सम्पन्न होने पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने बधाई दी।

## विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को बांटा राहत सामग्री



*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली- अयोध्या।** रुदौली तहसील क्षेत्र में घाघरा नदी के उफनाने के बाद बाढ़ की विभीषिका से लड़ रहे बाढ़ प्रभावितों को भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने राहत सामग्री वितरित की।

बाढ़ प्रभावितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया विधायक ने उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार यादव, तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा की मौजूदगी में बाढ़ से पीड़ित 100 लोगों को बांटी राहत सामग्री रूदौली के तराई क्षेत्र ,कैथी मांझा,गांव के लोगों को राशन किट बांटी गई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के आवारा जानवरों को पकड़ कर गौशाला भेजवाया जा रहा है विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि योगी सरकार लगातार बाढ़ क्षेत्रों पर नजर रखे है। हर जिले से रोज रिपोर्ट मांगी जा रही हैं। किसी भी समस्या के लिए सीधे दूरभाष पर सूचित करने को कहा और उन्होंने कहा कि आप लोग घबराए नहीं योगी सरकार आपके साथ हैं हर संभव आप लोगों की मदद की जाएगी।

# गोंडा में नाव पर बैठकर दुल्हन लेने ससुराल पहुंचे दुल्हे राजा बाढ की चपेट में है गांव

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** जिले के तरबगंज तहसील क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त ब्यौदामाझा गांव में एक बारात लेकर दूल्हा ससुराल पहुंचा वही एक दुल्हा गांव से दुल्हन लेकर गया भी दोनो बारात नाव से आयी और गयी दोनो शादियाँ सादगी और कम खर्च के साथ साथ नाव से आने जाने को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है तरबगंज तहसील के डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायत बाढ़ की चपेट में है इन गांव की हजारों की आबादी बाढ़ के दलदल से प्रभावित है सड़कों पर अधिक पानी होने से लोग बारात और मांगलिक कार्य के लिए नाव के सहारे ही लेकर आ जा रहे हैं एक ऐसी ही तस्वीर तरबगंज तहसील के ग्राम पंचायत बयौदा माझा का है यहां दूल्हे ने अपनी बारातियों को नाव के सहारे ही ससुराल ऐली परसौली गांव



लेकर आया नाविक ने बड़ी सावधानी के साथ नाव चला कर दुल्हन के घर और बारातियों को सकुशल पहुंचा शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे दूलहन को विदा कराकर इस नाव से दूल्हा ने दुल्हन लेकर बयौदा माझा बाजार पहुंचा उसके बाद बाराती अपनी गाड़ी व दूल्हा ने अपनी दुल्हन के साथ दूसरी गाड़ी में बैठकर दुल्हन पिया घर पहुंची वही गांव मे भी एक बेटी की शादी कराने के लिए बगल के गांव से दुल्हा आया इस दौरान गांव मे बिना टेंट और लाइट के जहा शादी की वही गांव के लोगों के सहयोग से गांव की बेटी आराम से बिदा हुआ ।इन दोनो शादियों को लेकर गांव के प्रधान केशवराम यादव ने कहा कि 100 लोग बारात गये थे करीब 70 लोग बारात आये थे पर दोनो शादियों में कोई समस्या नही हुआ गांव के लोग सहयोग के लिए एकजुट दिखे वही शादी कम खर्च मे अच्छी तरह से संपन्न हुआ जिससे अपने पुरखों के समय की शादी की यादे ताजा हो गयी है ।

## साकेत महाविद्यालय में व्याप्त अनियमिताओं को लेकर एबीवीपी ने छात्र कल्याण अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** प्राचार्य संबंधी ज्ञापन छात्र कल्याण अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा को सौंपा एबीवीपी इकाई अध्यक्ष मानवेंद्र ने कहा कि साकेत महाविद्यालय पूर्वांचल का सबसे बड़ा महाविद्यालय है लेकिन महाविद्यालय में व्याप्त व्यवस्थाएं की वजह से विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है कैंपस में शौचालय पेयजल व जर्जर विभाग व कक्षा भवनों की वजह से लगातार कठिनाइयां बढ़ाती जा रही हैं महाविद्यालय में स्वच्छता का अभाव है वहीं प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते पंखे व अन्य विद्युत उपकरण ठीक प्रकार से नहीं चलते इकाई मंत्री रत्नेश ने बताया सरकारी योजनाओं में मिलने वाले टैबलेट स्मार्टफोन लाभार्थियों को प्राप्त नहीं हुए महाविद्यालय का छात्रावास अभी तक विद्यार्थियों के उपयोग में नहीं आ रहा है।

## रविधानसभा की जीत पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद ने कार्यालय पर कई बैठक बांटी मिठाई

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** विधान सभा उप चुनाव में उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलोर के साथ ही हिमांचल प्रदेश की देहरा और नालागढ़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत पर जिला अपराध बढ़ा है श्रमिक वर्ग का हाल बुरा है देवभूमि उत्तराखंड और हिमाचल विधान सभा उप चुनाव के नतीजे स्पष्ट कर रहे हैं की आने वाले हर चुनाव में भाजपा को जनता ने हटाने का मन बना लिया है और पूरे देश में इंडिया गठबंधन की नीतियों के




कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी तथा कार्यकर्ताओं मे मिठाई बांटा । मिली जानकारी अनुसार जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रमुख नेताओं की बैठक में जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने बताया कि बीजेपी सरकार की विभाजन कारी नीतियों के साथ ही मंहगाई, बेरोजगारी से आम जन त्राहि त्राहि कर रहा है बार बार पर्चा लीक से छात्र अवसाद में है महिलाओं के प्रति साथ ही माननीय राहुल गांधी की मुहब्बत की दुकान पर लोग आकर्षित हैं इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुभाष पांडे सेवादल अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे अरुण कुमार गौतम रामदयाल शुक्ला आशीष तिवारी बृजेश पाठक सभासद शाहिद अली कुरेशी, वाजिद अली, तैय्यब अली, अरविंद शुक्ला, ओम प्रकाश गौतम सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# बरसात झेल ना सकी चार माह पहले बनी सड़क टूटने लगी

**हैदरगढ़ (बाराबंकी)** निर्माण कार्य के चार माह के भीतर ही नवनिर्मित रोड जगह-जगह उखड़ने लगी है, और कहीं-कहीं तो रोड के किनारे का हिस्सा ही पहली बरसात में धंस गया है।

भाजपा नेता गोविंद पाठक ने कहा कि रोड के निर्माण के दौरान गुणवत्ता की अनदेखी की गई है जिसके चलते रोड की यह हालत हुई है। गौरतलब हो कि हैदरगढ़-सुबेहा रोड से बीजापुर गांव के भीतर तक जाने वाली 400 मीटर रोड का लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखों रूपये की लागत से निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य के चार माह के भीतर ही रोड के किनारे का हिस्सा कई जगहों पर धस गया है और रोड निर्माण के बहुत ही कम समय में जगह-जगह उखड़ने लगी है। इसको लेकर भाजपा नेता गोविंद पाठक ने कहा कि रोड निर्माण के दौरान मानकों की भारी अनदेखी की गई है और गुणवत्ता ठीक ना होने के चलते बहुत ही कम समय में रोड की गिट्टी जगह-जगह उखड़ने लगी है, क्योंकि रोड के निर्माण के दौरान जो मानक है उसके मुताबिक डामर नहीं डाला गया हैं।

भाजपा नेता ने ठेकेदार पर रोड निर्माण में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा मानकों को दरकिनार का रोड का निर्माण कराया गया है, कई जगहों पर रोड के किनारे का हिस्सा धस गया जो कभी भी हादसे का सबक बन सकता है क्योंकि इस रोड पर राहगीरों का निरंतर आवागमन रहता है और यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो वह कभी भी हादसे का शिकार बन सकते हैं। भाजपा नेता श्री पाठक ने रोड निर्माण में हुई धांधली की उच्च स्तरीय जांच एवं करवाई की मांग जिले के आला अधिकारियों से की है।



## रामनगर समाधान दिवस आयोजित, 10 मामले आये दो का हुआ निस्तारण

**रामनगर बाराबंकी।** थाना परिसर रामनगर में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 10 मामले आए जिन दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष आठ मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमे गठित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित गांवो की जानकारी तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह व हल्का लेखपालो से जानी। जिलाधिकारी ने कहा जिन-जिन गांवों मेंजल भराव की स्थिति हुई है वहां पर हर स्थिति में राशन किट तिरपाल आदि सामग्री का वितरण अवश्य होना चाहिए इसमें किसी तरह की कोत्ताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिनकी फसले पानी में जलमग्न हो गई हैं उन्हें उसका मुआवजा समय पर अवश्य मिले।

अवधनामा



# जिम्मेदारों ने बंधो की सुरक्षा हेतु नहीं कराया कोई कार्य करोड़ो रुपये का कर लिया बंदरबाट: माता प्रसाद पांडेय

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** पूरा जिला भयावह बाढ़ की चपेट में है। जिले के कई बंधो की सुरक्षा के लिए कई करोड़ों रुपया अवमुक्त किया गया, लेकिन जिम्मेदारो ने बंधो की सुरक्षा हेतु कोई कार्य नहीं कराया और बिना कार्य कराए ही करोड़ो रुपया बंदरबाट कर लिया, अगर बंधो के सुरक्षा व गैप को भरने का कार्य किया गया होता तो सैकड़ों गांव बाढ़ के पानी से नही डूबते।

उक्त बातें वरिष्ठ सपा नेता विधानसभा के पूर्वी स्पीकर/इटवा विधायक माता प्रसाद पांडेय ने कही। वह शनिवार को सपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह से बाढ़ ने तबाही मचा रखा है, अधिकांश किसान अपने खेत की बुवाई कर चुके थे, लेकिन लगातार हो रही बरसात से आई बाढ़ के पानी से फसल बर्बाद हो चुकी है। बाढ़ के कारण लगभग 500 गांव प्रभावित है, किसानों के कई करोड़ की उपज यहां बर्बाद हो गई, जिससे किसान आने वाले दिनों में आर्थिक रूप से कमजोर हो जायेगा। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत सामग्री पहुंचाने में प्रशासन पूरी तरह से विफल है। बहुत गांव में शादी थी,किसी तरह से लड़की को गांव के बाहर लाकर शादी संपन्न कराया। बिजली की व्यवस्था नही है। बाढ़ से प्रभावित गांव मैं बिजली न होने के कारण लोग अंधेरों में रहने को विवश हैं। बाढ़ से बचाव का कोई पुख्ता इंतजाम नही किया गया है। सिंगरजोत बिजोरा, शाहपुर भोजपुर बंधे का गैप भर गया होता तो 30 गांव डूबने से बच जाता, बंधो पर जांच करने कोई जिम्मेदार नहीं जाता, जब डीएम जांच करने जाते है तभी इंजिनियर दिखते है, उसके पहले बंधे को देखने कोई नही जाता है। विधायक माता प्रसाद पांडेय ने प्रशासन से आग्रह किया कि बाढ़ प्रभावित गांव में लेखपालों को भेजकर किसानों के नुकसान हुए फसल व मकान का सही आकलन करायें, जिन लोगो का मकान गिर गया है उसका भी मुवायजा दिया जाय। पीडब्ल्यूडी की लापरवाही के कारण इटवा बांसी मार्ग पर भिलौरी और बरगदवा में मार्ग बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों और किसानों के हित में पूरी तरह से उदासीन है जो लोकतंत्र के लिए घातक है। इस दौरान सपा के जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी भी मौजूद रहे।

# यशवीर सिंह बने एशोसिएट एनसीसी अधिकारी

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** कहते है कि यदि किसी में कुछ कर पाने का जज्बा हो तो वह एक न एक दिन अपने हुनर को निखार कर अपनी मंजिल हासिल कर ही है। ऐसा ही कृष्माकर दिखाया है बर्डपुर सहिजनवा स्थित स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षक यशवीर सिंह ने। जिन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर कामठी में राष्ट्रीय कैडेट कोर आफिसर प्रशिक्षण अकादमी कामठी नागपुर में 45 दिवसीय सेना का कठोर प्रशिक्षण के बाद यह उपलब्धि प्राप्त की है। यशवीर सिंह बहुत ही मेहनती तथा कर्मठशील है। इनका यह प्रशिक्षण 8 अप्रैल से 22 मई 2024 तक चला। मेजर चुनी लाल परेड ग्राउंड में आयोजित पासिंग आउट परेड में देशभर के 507 प्रशिक्षु आफिसर ने एनसीसी ओटीए कमाण्डेन्ट मेजर जनरल के जे एस राठौर को अपनी सलामी देते हुए अपना प्रशिक्षण सम्पन्न किया। यशवीर सिंह ने इस प्रशिक्षण को लेकर बहुत मेहनत करके अपने आप में रंग लाकर एशोसिएट एनसीसी अधिकारी बन गए हैं। विद्यालय के प्रबंधक मनीष चौधरी खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि स्कूलों और कॉलेजों में एनसीसी गतिविधियों को संचालित करने में एनसीसी ऑफिसर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इनके इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका तथा छात्र-छात्राओं में काफी हर्ष व्याप्त है। यशवीर सिंह के इस उपलब्धि पर प्रबंधक मनीष चौधरी, प्रधानाचार्य अंजनी पाण्डेय, संचालक विश्वम्बर नाथ पाण्डेय, शशिधर मिश्रा, दिनेश दूबे, सर्वेश्वर मिश्र, दिलीप चौधरी, अबुबकर खान, शैलेश मिश्रा, अजय चौधरी आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## मूल्यांकन केंद्र का कुलसचिव ने किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में शनिवार को बी एड, विधि, कृषि एवं स्नातक कला विषयों के मूल्यांकन केंद्र परीक्षा नियंत्रक एवं कुल सचिव डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षाओं के परीक्षकों से आग्रह करते हुए कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बहुत ही गंभीरता पूर्वक एवं स्वतंत्रता के साथ करें। विद्यार्थी पूरे सेमेस्टर परिश्रम करता है फिर उसके उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं के माध्यम से उसका मूल्यांकन होता है। इसलिए मूल्यांकन कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण होता है। साथ ही कुल सचिव डॉक्टर अमरेंद्र कुमार सिंह ने परीक्षकों की सुविधाओं से संबंधित व्यवस्था की जानकारी ली और निर्देश दिया की परीक्षकों के लिए उत्तम व्यवस्था विश्वविद्यालय में होने आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ नीता यादव, प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा, मूल्यांकन समन्वयक डॉ अविनाश प्रताप सिंह, सह समन्वयक डॉक्टर हरेंद्र शर्मा, डॉ विनीता रावत, डॉ विनीश सहित कर्मचारी परीक्षक उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रभावित गाँवों का विधायक ने किया दौरा



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्रीय विधायक सैय्यदा खातून ने शनिवार को बाढ़ प्रभावित गाँव खुरपहवा, मछिया, भरवठिया, बुढ़िया टायर अन्दुआ शनिचरा, पेडरिया जीत, वीरपुर, धनहोरा, वीरपुर कोहलवा, तेतरी आदि बाढ़ प्रभावित गाँवों का दौरा किया। बाढ़ पीड़ितों ने विधायक को बताया कि अभी तक कोई राहत समग्री प्रशासन द्वारा नहीं पहुंचाया गया। विधायक ने जिलाधिकारी से तत्काल राहत सामग्री पानी से घिरे लोगों को पहुँचाने की अपील की है। विधायक के साथ डॉ. जहीर मलिक, अकबाल अहमद, जफर अहमद उर्फ पप्पू, राजू मौलाना, गुलाम मुस्तफा, अब्दुल मारुफ, इरफ़ान मिर्जा आदि लोग उपस्थित रहे। ग्राम सिरसिया का कृषि क्षेत्र पूरी तरह जलमग्न देखा गया। विधायक ने सिरसिया गाँव को मैरुण्ड घोषित करने की मांग की है।

## आज की पौधारोपण का पहल कल का जीवन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** इंडोनेपाल बोर्डर क्षेत्र के 43 वीं वाहिनी सशस्त्र सेना बल के निरीक्षक प्रदीप कुमार एवं ग्राम पंचायत बूड़ा के ग्राम प्रधान भवानी शंकर शुक्ल के अध्यक्षता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूड़ा में वृहद पौधारोपण का आयोजन एसएसबी हवलदार राजीव रंजन कश्यप ने किया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक व जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार ने अपने विद्यालय के 80 बच्चों के सहयोग से कुल 90 पौधों का पौधरोपण किया। जिसमें अमरूद, सागौन, पीपल, गुलमोहर, पाकड़, सीसम आदि पौधों को रोपित किया गया। पौधा रोपण के पूर्व अध्यापक ने सभी छात्रों के सहयोग से रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए, एक पौधा सौ पुत्र के समान, वृक्ष हम लगाएंगे, पर्यावरण बचाएंगे ऐसे विभिन्न नारे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण है। महेश कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि आज का पौधारोपण हमारे आने वाले पूर्वजों को जीवन दान देगा, ये पौधे महज वायु प्रदूषण ही नहीं जल, ध्वनि, ग्लोबल वार्मिग आदि को कम करता है। इस अवसर पर श्रीमति संगीता, धूपा, पमिंत्रा, सुभावति, सुनील, स्वतंत्र कुमार, अभिजीत पाठक आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों का हर सम्भव मदद करना हम सबकी जिम्मेदारी : एसडीएम



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर ।** बाढ़ पीड़ितों का हर सम्भव मदद करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। उक्त बातें उप जिलाधिकारी सदर डॉ ललित कुमार मिश्र ने अधीनस्थ कर्मचारियों से कही।

उन्होंने विकास क्षेत्र उसका व जोगिया के बाढ़ क्षेत्र का भ्रमण किया। उसका क्षेत्र के नौखनिया, ताल नटवा, अजिगरा, लाऊ खाई, हथिवडताल, ताल भिरौन आदि ग्रामों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जोगिया क्षेत्र के हडकौली, गंगवल, भुताहिया आदि ग्रामों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी नौगढ़ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों से वार्ता कर उनसे नॉव, खाद्यान्न व अन्य समस्याओं को समझा व हर सहायता करने का आश्वासन दिया। मैरुण्ड अर्थात चारों तरफ से पानी से घिरे गाँव में जिन गर्भवती महिलाओं का प्रसव समय नजदीक हो उनको रेस्क्यू कराने का निर्देश उपजिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल व आशा को दिया। इस दौरान तहसीलदार सदर पीयूष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, विजय कुमार श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, गयादीन मौर्य, गिरीश मिश्रा, राजेश गुप्ता, श्यामनारायन ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## बेमकसद साबित हुई टांडा पालिका बोर्ड की बैठक

**टांडा (अंबेडकरनगर)।** नगर पालिका परिषद टांडा की बोर्ड बैठक बेमकसद साबित हुई। पालिकाध्यक्ष व ईओ तथा सभासदों के बीच आरोप प्रत्यारोपों का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार को बुलाई गई बोर्ड की बैठक में वार्षिक मूल बजट पास न होने पर निरस्त कर दिया गया नगर पालिका परिषद टांडा की बोर्ड बैठक नगर पालिका के मदनी हाल में शुक्रवार को हुई। बोर्ड बैठक में कुल तीन विशेष प्रस्ताव व एक साधारण प्रस्ताव रखा गया।

प्रस्ताव संख्या 01 वार्षिक मूल बजट 2024-25 पर चर्चा शुरू हुई तो सभासदों ने कहा कि पूर्व के बोर्ड में मूल बजट को निरस्त किया गया था। जिसे इस बोर्ड में पास नहीं किया जा सकता है। इसके लिए विधिक राय ली जाए और अगले बोर्ड में पुनः रखा जाए सभासदों का आरोप था कि मूल बजट का प्रस्ताव पास न होने के कारण बोर्ड अध्यक्ष शबाना नाज़ ने बोर्ड को ही निरस्त कर दिया, जबकि सभासद अन्य प्रस्तावों पर चर्चा करना चाहते थे।

# सचिव एवं ग्राम प्रधान के द्वारा चोटिल पशु को इलाज कराने के बाद भेजा गया गौशाला

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के बॉर्डर डेबलेपमेन्ट रोड पर पैर से पैरालीसिस गाय व उसके छोटे बछड़े को अज्ञात लोगो द्वारा लाकर फेंक दिया गया। जिसकी सूचना ग्रामवासियो द्वारा ग्राम प्रधान गया यादव व सचिव विनोद कुमार चौधरी द्वारा खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव को सूचना दी गई। खण्ड विकास अधिकारी के निर्देश पर पशु डॉक्टर से संपर्क कर तत्काल चिकित्सा सुविधा करवा दी गई एवं गया को खाने पीने की व्यवस्था भी करवा दी गई।

- पशु सेवा से बड़ा पुनीत कार्य कोई नही : अरुण कुमार श्रीवास्तव

खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर ग्राम प्रधान के द्वारा गोवंश व उसके बच्चे को रात 10 बजे गाड़ी पर लोड करवा कर सुसनहा गौशाला लाया गया पर गौशाला पर जाने के लिए कच्चे रास्ते पर पानी भरा होने के कारण उन्हे शिफ्ट नहीं किया जा सका ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा गोवंश व उसके बच्चे को बर्डपुर गौशाला लेकर जाया गया बीमार गाय को लेने से वहाँ के लोगों द्वारा मना कर दिया गया, जिससे निराश होकर पशु को पुनः धरमौली गांव में वापस लेकर आया गया। शनिवार को फिर ग्राम सचिव विनोद कुमार चौधरी, ग्राम प्रधान द्वारा पुनः पशु डॉक्टर से संपर्क कर गाय के इलाज के लिए निवेदन किया, जिनके द्वारा पुनः इलाज किया गया ।ग्रामीणों द्वारा खाने पीने की व्यवस्था की गई जिससे गाय की स्थिति मे कुछ सुधार भी दिखने लगा खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ग्राम पंचायत सचिव विनोद कुमार चौधरी ग्राम प्रधान गया यादव व पशु डॉक्टर के प्रयासों से उसका ब्लॉक के सोहास गौशाला पर भेजने की व्यवस्था की जा रही है। एक तरफ ऐसे लोग जो रात व बरसात में गाय की सेवा ऐसी संवेदना से कर रहे है दूसरी तरफ ऐसे लोग जो गाय के दूध को इस्तेमाल कर उन्हें निर्ममता व क्रूरता से उन्हें रास्ते पर फेंक दे रहे हैं। शासन व प्रशासन को दोनों तरह के लोगों की पहचान करनी चाहिए व सही दंड देना चाहिए ताकि जानवरों के साथ एसा गलत व्यवहार लोग न करें।

# बेसिक शिक्षा को प्रयोगशाला बना रहे अधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लाक संसाधन केंद्र डुमरियागंज पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला ने कहा बेसिक शिक्षा को अधिकारियों ने प्रयोगशाला बना दिया है। नित्य नए नए आदेश कर शिक्षको को आदेशों के मकड़जाल में फंसा कर प्रथामिक शिक्षा को पटरी से उतारना चाहते हैं। नए आदेश जिसमें आनलाइन उपस्थित का फरमान है, बिना शिक्षकों की समस्याओ को निस्तारित किए बिना संघ बहिष्कार करता रहेगा। आउट सोर्सिंग, संविदा कर्मी व एनजीओ के हाथ अधिकारी विभाग को सौंप निजीकरण कराना चाहता है।

महानिदेशक बेसिक शिक्षा के 8 जुलाई से परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षा मित्र व अनुदेशकों को आनलाइन उपस्थित के आदेश से शिक्षकों में उबाल है। शिक्षकों के हितैषी होने का दम्भ करने वाले शिक्षक संघ पूरी तरह से बहिष्कार कर रहे हैं। इसी क्रम में रा. शै. महासंघ के जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला ने पदाधिकारियो को सम्बोधन मे कहा की निजी मोबाइल का उपयोग विद्यालय समय में करने से बचे। अधिकारी शिक्षकों को 15 वर्षो से पदोन्नति, स्थानांतरण, समायोजन, राज्य कर्मी का दर्जा, पेंशन शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को समान कार्य समान वेतन जैसी समस्याओ के निराकरण के बजाए सरकार व शिक्षकों की छवि धूमिल करने के लिए आनलाइन उपस्थित का जाल फेंक कर निजीकरण की राह पर विभाग को ले जाना चाहता है। एप्प के नाम पर अधिकारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। वातानुकूलित कमरों में बैठकर अधिकारी बिना धरातलीय ज्ञान के मनमाना आदेश जारी कर रहे हैं। उक्त आदेश से अधिकारी समाज को मानो यह संदेश देना चाहते हैं जैसे शिक्षक विद्यालय नही जाते जबकि गत वर्ष विभाग ने पूरी ताकत झोंक कर निरीक्षण कराया जिसमें दशमलव से भी कम अनुपस्थित मिली। बावजूद इसके प्रदेश के मुखिया को विश्वास मे लिए बिना या शिक्षक संगठनों से चर्चा किए बिना उक्त आदेश लागू करना संघ कत्तई स्वीकार नही करेगा। जब तक शिक्षकों की मूलभूत समस्याओ का निराकरण नहीं हो जाता तब तक ऐसे ऊंटपटांग आदेश नही लागू हो सकते। ब्लाक अध्यक्ष राकेश पांडे ने कहा शिक्षकों को लगभग दो दर्जन कार्य करने के बाद हम से कम पे बैंड के अन्य विभागो के अधिकारी समेत विभागीय आकस्मिक निरीक्षण नित्य करते हैं, फिर इस आदेश की क्या जरूरत पड़ गई। कही न कहीं छवि धूमिल करने के साथ अधिकारी एप्प से मोटी कमाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के बूढ़ी राप्ती, राप्ती व नदियों में बाढ़ के कारण 80 से ज्यादा गांव मैरुंड हो चुके है, ऐसे में डिजिटलाइजेशन व ऑनलाइन हाजिरी की बात करना समझ से परे हैं। इस दौरान मनोज द्विवेदी, इश्तियाक अहमद, धर्मेंद्र, दिलीप शर्मा, संजय मिश्रा, नीलम गुप्ता, विवेक द्विवेदी, मुशीर अहमद, शेषराम, राम सिंह आदि रहे।

- विद्यालय समय में निजी मोबाइल के प्रयोग से बचे
- डिजिटलाजेशन के नाम शिक्षकों की छवि धूमिल करना चाहते अधिकारी

# जीजीआईसी बना परीक्षा केंद्र 136 अभ्यर्थी होंगे शामिल

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए जिले में भी परीक्षा केंद्र का निर्धारण हो गया है। 20 जुलाई को परीक्षा केंद्र पर दो पाली में परीक्षा होगी। इसमें 136 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

प्रभारी डीआईओएस दयाशंकर यादव ने बताया कि कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन करने वालों का प्रवेश पत्र यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तेतरी बाजार को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिले में हाईस्कूल के 65 और इंटरमीडिएट के 71 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सचल दल का प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान को बनाया गया है। जबकि सेक्टर मजिस्ट्रेट जीआईसी नौगढ़ के प्रधानाचार्य डीएस यादव, राजकीय इंटर कॉलेज दुल्हा सुमाली के प्रभारी प्रधानाचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव को बनाया गया है। प्रभारी डीआईओएस दयाशंकर यादव ने बताया कि केंद्रों पर प्रश्न पत्र का रखरखाव मुख्य परीक्षा की भांति ही किया जाएगा। परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी से होगी। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई को सुबह की पाली में आठ बजे से 11.15 बजे तक हाईस्कूल और दोपहर दो से 5.15 बजे तक इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों को केंद्र पर 45 मिनट पहले पहुंचना होगा। प्रयोगात्मक और आंतरिक मूल्यांकन के लिए आवेदन करने वालों की परीक्षा 15 और 16 जुलाई को होगी।

- दो पालियों में होगी कंपार्टमेंट परीक्षा, दो सेक्टर मजिस्ट्रेट बने
- डीआईओएस बनाए गए सचल दल के जनपदीय प्रभारी

## गुजरात से गिरफ्तार हुआ फरार धोखाधड़ी का इनामी

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मुंडेरवा पुलिस ने 9 वर्ष से निजी बैंक स्थापित कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी जयेश रावत उर्फ जयंत को गुजरात प्रदेश के थाना बहिधरपुरा के वृंदावन अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 15 हजार रुपये इनाम भी घोषित किया था। बता दें कि वर्ष 2012-13 में मुंडेरवा कस्बे में आस्था नाम का एक निजी बैंक कुछ लोगों ने खोला। इसने लोगों को अधिक लाभ का लालच देकर रुपये जमा करवाना शुरू किया। दो वर्ष तक बैंक ने यहां 85-90 लाख रुपये का धंधा किया। इसके बाद 2015 में यह धन लेकर रातों रात लापता हो गई। हो-हल्ला हुआ, मगर फिर मामला शांत हो गया, मगर इसी दौरान स्थानीय निवासी अजय अग्रहरि ने बैंक के खिलाफ तहरीर दिया, जिस संबंध में पुलिस ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। इसके बाद जब लंबे समय तक आरोपी दबोचे नहीं जा सके तो उन पर 15 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक टीम बनाकर महिधरपुरा गुजरात भेजा था, जहां स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को दबोच लिया गया।

## छात्र का सरेआम बाइक सवार युवकों ने किया अपहरण

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के पिकौरा दत्तू राय से एक छात्र का बाइक सवार बदमाशों ने 12 जुलाई की देर रात अपहरण कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने छात्रनेता सहित पांच पर केस दर्ज किया है। छात्र शहर में रह कर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। मामले में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी सदर सतेंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि थाना लालगंज क्षेत्र के सुकरौली गांव के मोहित यादव पिकौरा दत्तू राय में एक मकान किराए पर लेकर परीक्षा की तैयारी करते हैं। 12 जुलाई की शाम कुछ युवक उसके कमरे पर पहुंचे और उन्होंने वहां उनके साथ मारपीट किया तथा उसे अपनी बाइक पर बैठा कर कहीं लेकर चले गए। बताया कि बाइक सवारों का छात्र के साथ पूर्व परिचय प्रतीत हो रहा है। थाना कोतवाली में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके और टीम में गठित कर छात्र की खोज की जा रही है। आइजीआर के भारद्वाज द्वारा पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी तथा अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा मकान मालिक अविनाश से घटना के संबंध में पूछताछ की।

# डीएम ने डुमरियागंज थाने का किया औचक निरीक्षण, समाधान दिवस पर पहुंचे थे डीएम

अवधनामा संवाददाता





**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना परिसर में शासन के मंशानुसार थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत थाना समाधान दिवस में आए फरियादियों की शिकायतों को जिलाधिकारी ने सुनकर उनका त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। द्वितीय शविवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन डुमरियागंज थाना परिसर में हुआ। इस दौरान कुल 8 शिकायत प्रार्थना पत्र मिले, जिसमें 7 राजस्व व एक पुलिस विभाग से संबंधित थे, जिनका त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। शनिवार की 11 बजे पहुंचे जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने थाना कार्यालय, सी.सी.टी.एन.एस(कंप्यूटर) रूम का निरीक्षण कर साफ सफाई का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, बीट बुक रजिस्टर, शस्त्र रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, थाना समाधान दिवस रजिस्टर, संपूर्ण समाधान रजिस्टर आदि रजिस्टर का बारीकी से मुआयना कर सभी तथ्यों का बिंदुवार जानकारी ली। समाधान दिवस चल ही रहा था कि कमिश्नर अखिलेश सिंह व आईजी राम कृष्ण भारद्वाज भी डुमरियागंज थाना परिसर पहुंचे, और फरियादियों की समस्याओं को सुनकर जिम्मेदारों को जल्द से जल्द निस्तारित कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा, प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव, प्रभारी निरीक्षक क्राइम राकेश कुमार मिश्रा, तहसीलदार संतराज सिंह बघेल, उपनिरीक्षक शिवकुमार यादव, विकास सिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र श्रीवास्तव, संजय कुमार वरुण, राजेश गौतम, आनन्द गौतम, अवनीश कुमार, देवेंद्र राठौर, विवेक, राज प्रताप, राहुल वर्मा, पवन यादव, मधु श्रीवास्तव आदि सहित तमाम राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहें।

- बाढ़ का निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर, आईजी व डीएम ने सुनी फरियाद

## कमिश्नर व आईजी ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राप्ती नदी के बढ़ रहे जलस्तर के कारण बाढ़ ग्रसित इलाकों का कमिश्नर अखिलेश सिंह व आईजी राम कृष्ण भारद्वाज ने दौरा किया। शनिवार कमिश्नर अखिलेश सिंह, आईजी राम कृष्ण भारद्वाज व डीएम डा. राजागणपति आर ने को शाहपुर भोजपुर बांध का जायजा लिया। उनके बाद वह शाहपुर मंडी परिषद पहुंच कर बाढ़ व बाढ़ पीड़ितों का जायजा लिया। कमिश्नर अखिलेश सिंह ने बताया कि इस बार अप्रत्याशित रूप से बहुत पहले से ही बाढ़ आ गई है, और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद होकर बाढ़ पीड़ितों के सहयोग में लगी है। उन्होंने बताया कि मैरुंड गांवों को चिन्हितकर आवागमन हेतु नाव, बोट व आवश्यक चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की गई है, वही राशन आदि की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को ग्राम प्रधान, कोटेदार, रसोइयों के माध्यम से पकापकाया भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। गर्भवती स्त्रियों, बुजुर्ग, बच्चों व गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को चिन्हितकर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं, वही बाढ़ से होने वाली बीमारियों के लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं, जो बाढ़ ग्रस्त इलाकों में चिकित्सा शिविर के माध्यम जांचकर वितरण की जायेंगी। शाहपुर भोजपुर बांध के बचे गैप के बारे में बताया कि गैप भरने के लिए विभिन्न विभाग की 14 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। गैप भरने के लिए किसानों से बातचीत कर जमीन अधिग्रहण करके गैप भरने का प्रयास किया गया था, शेष बचे गैप का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा देकर गैप भरा दिया जायेगा, जिससे आने वाले समय में बाढ़ की समस्या का पूर्णता निस्तारण हो सके।जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने बताया गया कि बाढ़ प्रभावित इलाजों में तहसील स्तर पर काल सेंटर स्थापित कर 24 घंटे सेवा प्रारंभ कर दी गई है। चरणवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर बाढ़ पीड़ितों पर नजर बनाई रखी गई है। सिद्धार्थनगर में 80 गांव मैरुंड हैं। डुमरियागंज में कुल 73 गांव प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से बाढ़ प्रभावित हैं, जिसमें से 35 गांव मैरूंड हैं, शेष गांव को चिन्हितकर के 5500 पैकेट राशन कीट का डिमांड किया गया था, जिसके सापेक्ष 500 राशन कीट उपलब्ध हो गया है, शेष जल्द ही उपलब्ध हो जाने के उपरान्त वितरण किया जाएगा। इस दौरान तमाम राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहें।

## मुत्वल्ली वक्फ राजा काज़िम रज़ा ने सैकड़ो ताज़ियादारों को सबील के लिये वितरित की चीनी

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मुत्वल्ली वक्फ राजा सैयद मोहम्मद रज़ा सैयद काज़िम रज़ा आब्दी के नेतृत्व मे सातवीं मोहर्रम को क़र्बला के शहीदों की याद मे विशेष सबील के लिये लगातार चीनी का निशुल्क वितरण जारी है चीनी वितरण के दौरान राजा सैयद काज़िम रज़ा ने बताया की नगर मे ताज़ियादारी को बढ़ावा देने के लिये वह हमेशा तत्पर प्रयासरत है नगर मे सभी चौक ताज़िया व अलम मुबारक रखने वाले सैकड़ो लोगों को लगातार चीनी का वितरण लगातार राजा के मैदान मे किया जा रहा है चीनी वितरण के दौरान मुत्वल्ली श्री रज़ा के साथ एडवोकेट माबूद अहमद सभासद मीरानपुरा मोहम्मद ज़ाहिद छोटू सभासद मोहम्मद अशरफ़ लाल बाल कसीम अशरफ़ सालिम आब्दी अलीशान रेहान सलमान फरमान सफ़ी हसन आबिद अली आदि लोग मौजूद रहे।



## संविधान या शरिया

अब वक्त आ गया है कि देश में समान नागरिक संहिता लागू की जाए। सर्वोच्च अदालत ने एक बार फिर इसका आग्रह किया है। संविधान में इसका प्रावधान है। संसद और भारत सरकार यह भी स्पष्ट करें कि देश संविधान से चलेगा अथवा शरिया कानून भी संवैधानिक माना जाता रहेगा? मुसलमानों के पर्सनल लॉ पर प्रहार करने की हमारी नीयत और मानसिकता नहीं है। पर्सनल लॉ तो सिख, ईसाई, पारसी, जैन, बौद्ध आदि समुदायों के भी हैं। आदिवासी कबीलों से तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि मुस्लिम देश की दूसरी बहुसंख्यक आबादी हैं। स्पष्ट किया जाए कि जो मुद्दे सामुदायिक और राष्ट्रीय किस्म के हैं, धर्म, मजहब, जाति से ऊपर हैं, कमोबेश उनके संदर्भ में अब 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' (बीएनएसएस) की धाराएं लागू होनी चाहिए। वे हिंदू-मुस्लिम समेत सभी समुदायों पर, समान रूप से, प्रभावी होनी चाहिए। यही समान नागरिक संहिता का निष्कर्ष है। शरिया और कुरान की आड़ में छिपने वाला मुसलमान सबसे पहले 'भारतीय' है और यही उसकी पहचान है। यदि देश भर में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी, तो संभव है कि मुस्लिम इतना भड़क जाएं कि हिंसा का माहौल बन जाए! घरेलू हिंसा से उपजे हालात सांप्रदायिक दंगों में तबदील हो जाएं! तेलंगाना में सरेआम संवैधानिक प्रावधानों और बाल विवाह कानून समेत कई कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। किशोर बच्चियों का दैहिक शोषण किया जा रहा है। संसद 2019 में तीन तलाक के खिलाफ विधेयक पारित कर कानून बना चुकी है। फिर भी मुस्लिम मर्द 15-16वीं सदी के समाज में जीना चाहता है! भारत एक संवैधानिक गणतंत्र है अथवा केला गणतंत्रज्! क्या ऐसा संवैधानिक उल्लंघन जारी रहेगा? मुद्दा सर्वोच्च अदालत के हालिया फैसले से फिर उभरा है। दो न्यायाधीशों की पीठ का आदेश है कि मुस्लिम मर्द (पति) तलाकशुदा पत्नी को न्यायिक गुजारा-भत्ता देगा। अदालत के इस फैसले के तुरंत बाद मुस्लिम धर्मगुरु, मौलाना, नेता, विशेषज्ञ आदि चीखने लगे, बौखला उठे और तिलमिलाने लगे कि यह फैसला शरिया के खिलाफ है।

शरिया और कुरान में मुस्लिम तलाकशुदा औरत को गुजारा-भत्ता का कोई जिक्र नहीं है। मामले को 1986 के 'शाहबानो प्रकरण' की ओर मोड़ा जाने लगा है। उस समय संसद ने सर्वोच्च अदालत का फैसला पलट दिया था और तत्कालीन सरकार ने मुस्लिम मौलानाओं के दबाव में, वोट की खातिर, घुटने टेकते हुए ऐसा कानून बनाया, जो आत्मा से मुस्लिम औरत के खिलाफ था। शाहबानो भी 40 साल के वैवाहिक जीवन और 5 बच्चों को जन्म देने के बाद सड़क पर आई थी, लिहाजा उसे अदालत की शरण में जाना पड़ा। क्या मुसलमानों में विवाह की परिणति यही होती है कि जब मन आया, तब औरत को छोड़ दिया और गुजारा-भत्ता भी नहीं दिया। कहा जाता है कि अब 'इद्दत' के तीन महीनों के दौरान ही तलाकशुदा औरत को गुजारा-भत्ता दिया जाता है और बच्चों की परवरिश के लिए मात्र दो साल की उम्र तक आर्थिक मदद दी जाती है। उसके बाद की जिंदगी की जिम्मेदारी मुस्लिम औरत पर ही है। सवाल है कि क्या कुरान और शरिया में ऐसी मानवीय क्रूरता के जिक्र हैं? क्या तीन माह के बाद औरत का और 2 साल की उम्र के बाद बच्चे का अस्तित्व ही खत्म हो जाता है? आखिर वे औलादें कहां से और कैसे आई हैं? ये तमाम विवादास्पद सवाल हो सकते हैं। सोच और उसकी व्याख्याएं भी भिन्न हो सकती हैं। शरिया और कुरान को सांगोपांग शायद ही किसी ने पढ़ा हो, लेकिन क्या सर्वोच्च अदालत के फैसले और बीएनएसएस की धारा 144 की अवमानना की जा सकती है? क्या ऐसा करना अपराध नहीं होगा? संविधान अल्पसंख्यकों के अधिकारों और आरक्षण के लिए तो मुस्लिम मौलानाओं को खूब याद आता है, लेकिन औरत के भरण-पोषण सरीखा मुद्दा हो, तो शरिया की आड़ लेने लगते हैं। दरअसल यह मामला सामाजिक समानता और लैंगिक समानता का ज्यादा है। संविधान ने दोनों ही स्थितियों के लिए समता का अधिकार दिया है। जरा वे भी कुछ बयानबाजी कर दें, जो चुनाव के दौरान संविधान की प्रति को लहराते हुए झूठे नेरेटिव का प्रचार कर रहे थे और जिन्हें मुसलमानों के लबालब वोट मिले। उसमें मुस्लिम औरतों के भी वोट होंगे!

## भाग्य को जिजीविषा से सफल बनायें

संजीव ठाकुर

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानव अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा द्यइसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी।

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता, संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे द्य निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है। जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं। संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

कोरोना महामारी के चलते 2021 की जनगणना का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। डिजिटल पॉपुलेशन क्लॉक के अनुसार 05 जुलाई 2024 को भारत की जनसंख्या 1452962421 थी, जिसमें 750202835 पुरुष आबादी (51.6 फीसदी), महिला जनसंख्या 702759539 करोड़ (48.4 प्रतिशत) थी और विश्व की कुल जनसंख्या 8119703999 थी। इंडिया स्टेट डॉट कॉम के अनुमान के अनुसार 2030 तक भारत की कुल जनसंख्या 153 करोड़ और 2050 तक 168 करोड़ तक पहुंच जाएगी। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी आबादी और दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चीन ने लंबे समय तक एक बच्चा पैदा करने की नीति को सख्ती से लागू किया हुआ था।

# समस्याओं को आमंत्रित करती बढ़ती जनसंख्या

अनुज आचार्य

विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक वैश्विक उत्सव है। यह दिन 'पांच अरब का दिन' (11 जुलाई 1987) की याद में मनाया जाता है, जब दुनिया की आबादी पांच अरब लोगों की हो गई थी। भारत में आजादी के समय कुल जनसंख्या 33 करोड़ थी जो 2011 की जनगणना के मुताबिक बढ़कर 125 करोड़ पहुंच गई थी। कोरोना महामारी के चलते 2021 की जनगणना का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। डिजिटल पॉपुलेशन क्लॉक के अनुसार 05 जुलाई 2024 को भारत की जनसंख्या 1452962421 थी, जिसमें 750202835 पुरुष आबादी (51.6 फीसदी), महिला जनसंख्या 702759539 करोड़ (48.4 प्रतिशत) थी और विश्व की कुल जनसंख्या 8119703999 थी। इंडिया स्टेट डॉट कॉम के अनुमान के अनुसार 2030 तक भारत की कुल जनसंख्या 153 करोड़ और 2050 तक 168 करोड़ तक पहुंच जाएगी। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी आबादी और दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चीन ने लंबे समय तक एक बच्चा पैदा करने की नीति को सख्ती से लागू किया हुआ था। लगभग 143 करोड़ की आबादी वाले देश चीन में अब वहां की कम्युनिस्ट सरकार ने 3 बच्चों को अपनाने की नीति की घोषणा की है।



चीन जहां अपने यहां बढ़ती बूढ़ी आबादी और कम होती युवा श्रम शक्ति से परेशान है, तो वहीं भारत की 65 फीसदी युवा आबादी जहां भारत का संबल है, तो वहीं देश में बढ़ती बेरोजगारी जैसी बड़ी चुनौती का पर्याय भी है। भारत की बढ़ती जनसंख्या का असर वैश्विक भूख सूचकांक-2023 (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) की रिपोर्ट में भी देखा जा सकता है, जिसमें 125 देशों की सूची में भारत 111वें स्थान पर है और भूख की 'गंभीर' श्रेणी में है। इस इंडेक्स में भारत के पड़ोसी देशों- पाकिस्तान (102वें), बांग्लादेश (81वें), नेपाल (69वें) और श्रीलंका (60वें) ने भारत से बेहतर स्थान हासिल किया है। विशेषज्ञों ने इसके लिए खराब कार्यान्वयन प्रक्रियाओं, प्रभावी निगरानी की कमी, कुपोषण से निपटने का उदासीन दृष्टिकोण और बड़े राज्यों के खराब प्रदर्शन को दोषी ठहराया है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार भारत की 14 फीसदी आबादी कुपोषण की शिकार है। वैश्विक भूख सूचकांक में देशों को चार प्रमुख संकेतकों के आधार पर रैंकिंग दी जाती है- अल्पपोषण, बाल मृत्यु, पांच साल तक के कमजोर बच्चे और बच्चों का अवरुद्ध शारीरिक विकास। बढ़ती आबादी के पीछे अशिक्षा, अंधविश्वास, परिवार नियोजन के तौर-तरीकों में जागरूकता का अभाव और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही जैसे बुनियादी कारण हैं। जनसंख्या वृद्धि के कारण नई पीढ़ी को भविष्य के लिए बुनियादी जरूरतों और सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ेगा। आज भी भारतीयों को बेरोजगारी, स्वास्थ्य संकट, भुखमरी, चिकित्सा सुविधाओं, कुपोषण, स्वच्छ पेयजल की कमी, बिजली-पानी के संकट और गरीबी से बुरी तरह से जूझना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्रामीण आवास की समस्या, गंदा पानी और कूड़ा कचरा जैसी समस्याएं अलग से मुंह बाए खड़ी हैं। यदि समय रहते सरकारों ने आने वाली पीढ़ियों को सुंदर सुखी जीवन देने के लिए अभी से प्रयास शुरू नहीं किए तो भविष्य में भावी पीढ़ियों के समक्ष आपसी संघर्ष की परिस्थितियां निर्मित होना तय है। इसके साथ ही जनसंख्या नियंत्रण के अभाव में देश की आर्थिक स्थिति बिगडने़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जून 2024 में बेरोजगारी दर बढ़कर आठ महीने के उच्च स्तर 9.2 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो पिछले महीने 7 प्रतिशत थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार जून 2023 में यह दर 8.5 प्रतिशत थी। भारत में 70 के दशक में परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया गया था।

उस समय भी महिलाओं की नसबंदी पर ही ज्यादा ध्यान केंद्रित किया गया था। आपातकाल के दौरान व्यापक पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया था जिसमें एक साल के अंदर साठ लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी जिसका भारी विरोध भी हुआ था। यह वक्त का तकाजा है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें जनसंख्या वृद्धि से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने के लिए एक सर्व स्वीकार्य कार्यक्रम सामने लेकर आएं ताकि भारतीय लोग परिवार नियोजन को स्वेच्छा से अपनाकर देश को आने वाली पीढ़ियों के लिए रहने लायक बनाने की दिशा में अपना योगदान दे सकें। सही तरीके से गर्भनिरोधक उपायों, गर्भपात, बन्ध्यीकरण, एकल बच्चा पैदा करने की नीति और परिवार नियोजन आदि उपायों से ही जनसंख्या वृद्धि को रोका जा सकता है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा एकल और दो बेटियों वाले सरकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप विशेष आर्थिक राशि प्रदान की जा रही है। हिमाचल प्रदेश में इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत अब एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवार को दो लाख रुपए मिलेंगे।

वहीं दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन अपनाने पर अब एक लाख रुपए मिलेंगे। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस का थीम है, 'भविष्य की पीढ़ियों को सशक्त बनाना ¬सतत विकास और जनसंख्या रुझान।' जनसंख्या दिवस हमें याद दिलाता है कि समस्याओं को समझने, समाधान तैयार करने और प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए डेटा संग्रह में निवेश करना महत्वपूर्ण है। जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर पिछले कई दशकों से बहस चल रही है। 1970 के दशक से हम सभी 'हम दो हमारे दो' का नारा सुनते आए हैं। हालांकि कभी भी किसी सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण के कानून को लागू करने की हिम्मत नहीं दिखाई। जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाने या इसका जब भी जिक्र होता है, तब हिंदू-मुस्लिम बहस छिड़ जाती है। कुछ मुस्लिम नेताओं का कहना है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून मुस्लिम विरोधी है। लेकिन यह समय की मांग है कि भारत में बढ़ती आबादी से उत्पन्न हो रही चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार को जनसंख्या नियंत्रण कानून को अनिवार्य रूप से शीघ्र सिरे चढ़ाना होगा।

# पूर्ण बजट : मध्यम वर्ग को सौगात देने महामंथन

सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को लेकर ये बैठक बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली ने भी बीतेकल अपनी रिपोर्ट में कहा है किकेन्द्रीय वित्तमंत्री इस बजट में विकसित भारत के लिए रोडमैप पेश कर सकती है।बजट आने में 08 दिन बचे हैं और इससे पहले पीएम इसको लेकर महामंथन कर रहे हैं। पीएम की नीति आयोग और अर्थशास्त्रियों के साथ दिल्ली के नीति आयोग में बजट को लेकर बैठक हुईहै। आनेवाली 23 जुलाई को आम बजट 2024 पेश किया जाएगा और वित्त मंत्री वित्त वर्ष 2024--25 के लिए खर्चों और कमाई का लेखा जोखा संसद के पटल पर रखेंगी।

वैश्विक स्तरपर हम देख रहेहैं कि सरकारें अपनी निरंतरता खो रही है, जिसका सटीक उदाहरण हाल ही में ब्रिटेन, फ्रांस, ईरान, नेपाल इत्यादि देशों में सरकारें बदली है, जिसकी चर्चा माननीय पीएम ने भी ऑस्ट्रिया में दिनांक 10 जुलाई 2024 को मूल भारतीयों को संबोधन के समय की थी और हैट्रिक 3.0 का भी उल्लेख किया था और वहां से देर रात्रि भारत लौटकर 11 जुलाई 2024 को ही नीति आयोग व प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक कर महामंथन कर उनके सुझावों को गंभीरता से सुना था। अब अमेरिका में भी जहां 5 नवंबर 2024 को चुनाव होने हैं कुछ सुब्सुबाहट शुरू हो चुकी है।हालांकि भारत में हैट्रिक 3.0 रहा परंतु यह पूरी तरह क्लियर नहीं रहा जैसा कि पिछले दो टर्म में हुआ था। यानें सत्ताधारी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं बल्कि बैसाखियों का सहारा मिल चुका है, जिसका संज्ञान पार्टी ने जरूर लिया होगा, और हर उस बिंदु पर आपसी महामंथन जरूर किया होगा जिसका समाधान अब पूर्ण बजट एटद रेटऑफ 23 जुलाई 2024 के माध्यम से पाटनें की कोशिश जरूर होगी मेरा मानना है कि 18वीं लोकसभा में मध्यम वर्ग ने चुनाव में अपनी गूंज जरूर सुनाई होगी, क्योंकि वर्ष 2014 से लेकर अभी तक आयकर स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं दिया गया है और मध्यमवर्ग वालों को कोई भी स्कीम नहीं दी गई थी हालांकि यही वर्ग सबसे अधिक कर देने में आगे रहता है। सीधी भाषा में कहें तो राष्ट्र के विकास में इस वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इन्हीं के टैक्स के बलपर रेवड़ियों का वितरण होता है, और इन्हें ही अगर नजर अंदाज किया जाएगा तो अपनें वोट अस्त्र के माध्यम से अपनी गूंज जरूर सुनाई होगी, जिसका संज्ञान इस पूर्ण बजट 2024 के माध्यम जरूर लिया लिए जाने की संभावना है। मेरा पूर्ण विश्वास है कि इस बजट के माध्यम से मध्यम वर्ग के लिए सौगातो की बारिश हो सकती है तथा इन्हीं सौगातो के कारण विजन 2047 को तेजी से आगे बढ़ाने की ताकत भी मिलेगी। चूंकि मध्यमवर्ग ने 18 वीं लोकसभा चुनाव मतदान में गूंज सुनाई, बात सबसे अधिक टैक्स देने वाले मध्यम वर्ग को सौगात देने महामंथन पर आई, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूर्ण बजट एटद रेटऑफ 23 जुलाई 2024 मध्यम वर्ग,पूंजीगत खर्च व विकसित भारत विज़न 2047 की गूंज सुनाई देने की पूर्ण संभावना है।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम पूर्ण बजट 23 जुलाई 2024 के महत्व और 11 जुलाई 2024 को पीएम के नीति आयोग व अर्थशास्त्रियों से महामंथन की करें तो, हैट्रिक 3.0 का पहला बजट-देश भर की निगाहें इस पर यह सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। इस प्रमुख आर्थिक दस्तावेज में 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की रूपरेखा पेश किए जाने की उम्मीद है। राष्ट्रपति ने पिछले महीने संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए संकेत दिया था कि सरकार सुधारों की गति बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगी। सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को लेकर ये बैठक बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली ने भी बीतेकल अपनी रिपोर्ट में कहा है किकेन्द्रीय वित्तमंत्री इस बजट में विकसित भारत के लिए रोडमैप पेश कर सकती है। बजट आने में 08 दिन बचे हैं और इससे पहले पीएम इसको लेकर महामंथन कर रहे हैं। पीएम की नीति आयोग और अर्थशास्त्रियों के साथ दिल्ली के नीति आयोग में बजट को लेकर बैठक हुई है। आनेवाली 23 जुलाई को आम बजट 2024 पेश किया जाएगा और वित्त मंत्री वित्त वर्ष 2024--25 के लिए खर्चों और कमाई का लेखा जोखा संसद के पटल पर रखेंगी। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई, सोमवार से शुरू हो जाएगा,यह बैठक वित्तमंत्री द्वारा 7 जुलाई को विभिन्न हितधारकों के साथ 11 बजट-पूर्व चर्चा समाप्त करने के कुछ दिनों बाद हुई। कई दिनों तक चली इस चर्चा में 120 आमंत्रितों, 10 हितधारक समूहों ने बजट से अपनी अपेक्षाओं के संबंध में अपनी सिफारिशें और विचार प्रस्तुत किए। करदाताओं को संभावित राहत के लिए विशेषज्ञों ने भी केंद्र को सुझाव दिया है कि खपत को बढ़ावा देने के लिए करदाताओं पर कर का बोझ कम किया जाना चाहिए। ऐसीअटकलें हैं कि बड़े कर सुधार पेश किए जा सकते हैं, जिसमें मानक कटौती के लिए बढ़ी हुई सीमा, पूंजीगत लाभ करों का संभावित पुनर्गठन आदि शामिल हैं।बीमा कम्पनियों ने अपने उत्पादों को अधिक किफायती बनाने तथा फलस्वरूप उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए कर राहत की मांग की है। एमएसएमई क्षेत्र ने 45-दिवसीय भुगतान नियम में ढील देने जैसे सुझाव दिए हैं, जिसके तहत वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के 45 दिनों के भीतरएमएसएमई को भुगतान करना अनिवार्य है, ताकि बड़ी कंपनियों को अन्य स्रोतों की ओर देखने से रोका जासके। इस बीच, केंद्रीय सरकारी कर्मचारी संघ पुरानी पेंशन योजना की बहाली, 8वें वेतन आयोग का तत्काल गठन, अनुकंपा नियुक्तियों पर 5 प्रतिशत की सीमा हटाने सहित अन्य मांगें कर रहा हैअर्थशास्त्रियों व पीएम के बीच चर्चा में कर दरों पर भी चर्चा हुई। बैठक में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के तहत कई स्लैब के मुद्दे पर चर्चा हुई। यह बात सामने आई कि दरों की बहुलता को कम करने की आवश्यकता है यह मीडिया में आया है। मीडिया में बताया गया कि विनिर्माण क्षेत्र पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस बात पर विचार किया गया कि भारत को और भी बहुत सी चीजों का विनिर्माण करना चाहिए और विनिर्माण न केवल आर्थिक विकास की उच्च दर हासिल करने में बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में शामिल होने के रणनीतिक लक्ष्य को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बताया गया कि कपड़ा क्षेत्र, जिसमें भारत कभी विश्व में अग्रणी था, पर भी बैठक में चिंता व्यक्त की गई।



साथियों बात अगर हम बजट 23 जुलाई 2024 में मध्यम वर्गीय हितधारकों के लिए सौगातो का पिटारा खुलने की करें तो,मेरा मानना है कि बजट 2024-25 में टैक?स छूट को लेकर बड़ा ऐलान कर सकती हैं।इस बार के बजट में टैक्स छूट मिल सकती है। इस कदम से 5 लाख से 15 लाख रुपये तक की सालाना इनकम वाले व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। अभी ये लोग 5 से 20 फीसदी की टैक्स रेट का सामना कर रहे हैं।केंद्र सरकार बजट में व्यक्तिगत आयकर में छूट की सीमा बढ़ाने की घोषणा भी कर सकती है। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में खपत बढ़सकती है और मध्यम वर्गके लोगों की बचत बढ़ सकती है आयकर के लिए सालाना आय सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर चार से पांच लाख रुपये किया जा सकता हैपीएम किसान योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि बजट में बढ़ाईजा सकतीहै किसानों को फिलहाल हर साल 6000 रुपये की राशि दी जाती है। यह राशि बढ़ाकर 8000 रुपये वार्षिक की जा सकती है।इसके अलावा बजट में उद्योग जगत को भी कर में राहत दिए जाने की उम्मीद है।

# परिवार नियोजन की पहुंच से दूर महिलाओं की स्थिति

गंगा देवी बताती हैं कि इस बस्ती में सभी बच्चों का जन्म घर पर ही होता है क्योंकि परिवार के पास निवास स्थान से संबंधित कोई प्रमाण नहीं है, इसलिए अस्पताल वाले उन्हें भर्ती नहीं करते हैं। बच्चों का जन्म घर में होने के कारण नगर निगम से उनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाता है। इस तरह इस बस्ती के लगभग सभी बच्चों के जन्म का कोई प्रमाण पत्र नहीं है। इसके नहीं होने से उन्हें स्वास्थ्य की कोई सुविधा भी नहीं मिल पाती है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं को भी निवास और अन्य दस्तावेज़ नहीं होने के कारण अस्पताल से कोई सुविधा नहीं मिलती है।

मेरी शादी 17 साल की उम्र में हो गई थी, फिर एक के बाद एक तीन बच्चे हो गए। अब न मेरी सेहत ठीक रहती है और न बच्चे की। परिवार नियोजन के बारे में सुना था, लेकिन पति ऐसा नहीं करने देते हैं। एक बार उन्हें बिना बताये अस्पताल भी गई थी, लेकिन आवश्यक दस्तावेज़ नहीं होने के कारण उन्होंने गर्भनिरोधक टीका लगाने से मना कर दिया। यह कहना है 23 वर्षीय लक्ष्मी का, जो राजस्थान के जयपुर स्थित रावण मंडी में रहती है। मानसरोवर इलाके में आबाद इस कच्ची बस्ती में लक्ष्मी जैसी कई महिलाएं हैं जो परिवार नियोजन की पहुंच से दूर हैं। जिसका नकारात्मक असर न केवल उनमें बल्कि उनके बच्चों में भी नज़र आता है। इस बस्ती की अधिकतर महिलाएं और बच्चे कुपोषित हैं। कम आमदनी और परिवार में अधिक सदस्य होने की वजह से सभी को उचित पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं हो पाता है।



मंशा गुर्जर

राजस्थान की राजधानी होने के कारण जयपुर अपने आप में एक व्यापक सुविधाओं से लैस है। परंतु इसी शहर में आबाद रावण मंडी के निवासी मूलभूत सुविधाओं की कमी के बीच जीवन यापन करने पर मजबूर हैं। करीब 300 लोगों की आबादी वाले इस बस्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवार निवास करते हैं। जिनमें जोगी, कालबेलिया और मिरासी समुदाय शामिल है। इस बस्ती के लोगों का मुख्य कार्य पुतला तैयार करना है। प्रति वर्ष विजयदशमी के दिन रावण दहन के लिए यहां रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों की मंडी लगती है। जिसे खरीदने के लिए जयपुर के बाहर से भी लोग आते हैं। लेकिन साल के अन्य दिनों में यहां के निवासी आजीविका के लिए रद्दी बेचने, बांस से बनाये सामान अथवा दिहाड़ी मज़दूरी करते हैं। यहां आजीविका के साथ साथ स्वास्थ्य एक बहुत बड़ा मुद्दा है। विशेषकर महिलाओं और बच्चों में स्वास्थ्य और पोषण की कमी सबसे अधिक देखने को मिल जाती है।

इस संबंध में 27 वर्षीय गंगा देवी बताती हैं कि इस बस्ती में सभी बच्चों का जन्म घर पर ही होता है क्योंकि परिवार के पास निवास स्थान से संबंधित कोई प्रमाण नहीं है, इसलिए अस्पताल वाले उन्हें भर्ती नहीं करते हैं। बच्चों का जन्म घर में होने के कारण नगर निगम से उनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाता है। इस तरह इस बस्ती के लगभग सभी बच्चों के जन्म का कोई प्रमाण पत्र नहीं है। इसके नहीं होने से उन्हें स्वास्थ्य की कोई सुविधा भी नहीं मिल पाती है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं को भी निवास और अन्य दस्तावेज़ नहीं होने के कारण अस्पताल से कोई सुविधा नहीं मिलती है। यहां तक कि जो महिला परिवार नियोजन के तहत गर्भ नियोजन इंजेक्शन भी लगाना चाहती हैं, उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पाता है। वह बताती हैं कि इस बस्ती में सभी परिवारों में दो से अधिक बच्चे हैं जबकि आमदनी का माध्यम बहुत ही सीमित है। परिवार नियोजन की पहुंच नहीं होने के कारण अधिकतर महिलाएं जल्दी जल्दी गर्भवती हो जाती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। अधिकतर बच्चों में एक से डेढ़ वर्ष का ही अंतर होता है।



बस्ती की 27 वर्षीय शहनाज़ मिरासी बताती हैं कि उनके सात बच्चे हैं। जिनके बीच एक वर्ष का भी अंतराल नहीं है। जल्दी जल्दी गर्भवती होने के कारण वह शारीरिक रूप से काफी कमज़ोर और कुपोषित हो चुकी हैं और उनका वज़न भी काफी कम है। वह बताती हैं कि उनके पति रद्दी का काम करते हैं। जिसमें बहुत कम आमदनी होती है। ऐसे में उनके और बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन का उपलब्ध होना मुमकिन नहीं है। शहनाज़ कहती हैं कि उनके समुदाय में परिवार नियोजन का विरोध किया जाता है। इसके बावजूद वह इसका टीका लगाने के लिए अस्पताल गई थी, परंतु आवश्यक दस्तावेज़ नहीं होने के कारण अस्पताल वालों ने उन्हें गर्भनिरोधक टीका लगाने से मना कर दिया। वह कहती हैं कि एक के बाद एक बच्चों के जन्म की वजह से वह स्वयं को शारीरिक रूप से बहुत कमज़ोर महसूस करती हैं। जिसकी वजह से वह अक्सर बीमार रहती हैं। इसी हालत में उन्हें बच्चों की देखभाल और घर का काम भी करना होता है।

वहीं 21 वर्षीय रेशमा मिरासी बताती है कि 17 वर्ष में ही उसकी शादी हो गई और अभी हाल में ही उसने तीसरे बच्चे को जन्म दिया है। जो बहुत ही कमज़ोर है। स्वयं रेशमा भी कुपोषण का शिकार है। कम उम्र में शादी और बच्चों की ज़िम्मेदारी के कारण वह अपनी सेहत का ख्याल नहीं रख पाती है। रेशमा कहती है कि घर की आमदनी को देखते हुए वह और बच्चे नहीं चाहती है। स्वास्थ्य के मुद्दे पर बस्ती में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्था की महिलाओं ने उसे परिवार नियोजन के बारे में बताया था। इस संबंध में जब उसने पति से बात की तो उसने ऐसा करने से मना कर दिया। वह बताती है कि संस्था की दीदियों ने पुरुष नसबंदी के बारे में भी बताया था, लेकिन कोई भी पुरुष ऐसा करने को तैयार नहीं होते हैं। बस्ती के ही दिहाड़ी मज़दूरी का काम करने वाले 25 वर्षीय राहुल जोगी के 3 बच्चे हैं। जिनमें एक से डेढ़ वर्ष का अंतराल है। राहुल की पत्नी और तीनों बच्चे कुपोषण का शिकार हैं। वह कहते हैं कि जानकारी के अभाव के कारण न तो उनकी पत्नी और न ही बच्चों को आज तक कोई टीका लगा है। वहीं कम आमदनी होने के कारण वह उन्हें अच्छा खाना भी नहीं खिला सकते हैं। राहुल के अनुसार पुरुषों को परिवार नियोजन नहीं कराना चाहिए, इससे उनमें कमज़ोरी आ जाती है।

पुरुषों में नसबंदी का विरोध करने वाले राहुल अकेले नहीं हैं। जागरूकता के अभाव में आज भी हमारे समाज में अधिकतर मर्द पुरुष नसबंदी को कमज़ोरी से जोड़ कर देखते हैं। वहीं दूसरी ओर कई बार धर्म और संस्कृति का हवाला देकर महिलाओं को भी परिवार नियोजन के तरीके अपनाने से रोका जाता है। हालांकि आवश्यक दस्तावेज़ की कमी के कारण रावण मंडी की महिलाएं चाह कर भी परिवार नियोजन के तरीके अपनाने से वंचित हैं। जबकि महिलाओं के लिए परिवार नियोजन के साधन की सुलभ सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2022 में राजस्थान को देश भर में द्वितीय स्थान मिल चुका है। ऐसे में रावण मंडी की महिलाओं का इस सुविधा की पहुंच से दूर होना भविष्य में इसकी कामयाबी पर ग्रहण लगा सकता है। (चरखा फीचर)

# पिछड़े वर्ग की कन्याओं के हाथ पीले कराने में मददगार बन रही है यूपी की सरकार

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार आर्थिक रूप से कमजोर पिछड़े वर्ग की कन्याओं का विवाह और उनका कन्यादान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हर साल इस योजना के लाभ का दायरा बढ़ रहा है।

प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार बताते हैं कि जनपद में इस बार पिछड़ा वर्ग के 1031 पात्रों का विवाह होगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को इसके लिए कुल 1469 आवेदन मिले थे। आवेदन पत्रों की जांच के बाद 1031 कन्याओं के आवेदन सही पाए गए हैं। इसके लिए 206.20 लाख का बजट स्वीकृत हुआ है। स्वीकृत बजट के अनुसार 1031 लाभार्थियों का विवाह होगा।

प्रदेश सरकार की पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना के तहत यह मदद पिछड़े वर्ग की पात्र कन्याओं को दी जाती है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत अलग अलग पात्रता सुनिश्चित है।

इस योजना के तहत पहले ग्रामीण क्षेत्र में 46 हजार व शहरी क्षेत्र में 56 हजार रुपये वार्षिक आय वाले पिछड़ा वर्ग के परिवार इसके लिए आवेदन कर सकते थे। लेकिन सरकार ने इस बार आवेदन के लिए आय सीमा को बढ़ा दिया है। अब एक लाख रुपये की वार्षिक आय होने पर आवेदन किया जा सकता है। अनुदान के रूप में पात्र परिवार को 20 हजार रुपये की राशि ही दी जाएगी।

पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन के समय मोबाइल नंबर से लिंक आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की पास बुक तथा शादी का कार्ड होना अनिवार्य है।

शादी के लिए परिवार की अधिकतम दो पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना का लाभ अनुमन्य है। योजना के तहत पात्र व्यक्ति को ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। अनुदान योजना में निराश्रित व दिव्यांग को प्राथमिकता दी जाएगी। अनुदान योजना के तहत विवाह के लिए लड़की की आयु 18 वर्ष और लड़के की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। सीडीओ गौरव कुमार ने निर्देश दिया कि ब्लॉक व तहसील स्तर पर सत्यापन

## प्रदेश में कोबरा की नयी प्रजाति की खोज

**प्रयागराज।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत भा.वा.अ.शि.प. पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केंद्र, प्रयागराज के शोध छात्र, राहुल निषाद ने हाल ही में रायबरेली, उत्तर प्रदेश में कोबरा सांप की एक नई प्रजाति अल्बिनो स्पेक्टेक्लेड कोबरा÷ की खोज की है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय शोध पेपर रेपटाइल एण्ड एम्फिबियंस द्वारा प्रकाशित किया गया है। यह जानकारी स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत दे सकती है। यह नयी प्रजाति विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के आर्द्रभूमि में पायी गयी है। इसकी पहचान, विश्लेषण और अध्ययन के आधार पर की गयी है। अल्बिनो स्पेक्टेक्लेड कोबरा का पूरा शरीर सफेद एवं गुलाबी रंग का होता है। इनकी आंखें लाल होती हैं और यह बहुत ही असामान्य दृश्य प्रदान करती हैं, जिसके कारण ये प्रसिद्ध होते हैं। इन साँपों का अल्बिनिज्म एक आनुवंशिक गुण होता है, जिसमें मेलनिन प्राकृतिक रंग पिगमेंट की अभावता होती है।

# कांग्रेस की जीत की गठबंधन की मजबूती का भी एक बड़ा पैगाम : प्रमोद तिवारी

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सात राज्यों में हुए विधानसभा की तेरह सीटों के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की भारी जीत को भाजपा का सूपड़ा साफ होना करार दिया है।

राज्यों में हुए विधानसभा के उपचुनावों के नतीजे पर प्रतिक्रिया जताते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उत्तराखण्ड में देवभूमि की जनता ने दोनों सीटों पर कांग्रेस की जीत का जनादेश लेकर अब अयोध्या के बाद देवभूमि से भी भाजपा के दांत खट्टे कर दिये हैं। कांग्रेस नेता द्वय ने कहा कि पर्वतीय राज्य हिमांचल प्रदेश तथा उत्तराखण्ड में कांग्रेस की जीत भाजपा की राजनीति में धर्म के नाम पर व्यापार की जनता ने एक बार फिर कलई खोल दी है। सांसद प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी तथा पंजाब में आप व तमिलनाडु में डीएमके ने भी इंडिया गठबंधन को भारी जीत दिलाकर भाजपा के लिए गहरा दर्द परोसा है। शनिवार को यहां जारी संयुक्त बयान में प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने कहा कि बद्रीनाथ धाम से कांग्रेस की जीत की बड़ी लहर इंडिया गठबंधन की मजबूती का भी एक बड़ा पैगाम है। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर संविधान हत्या दिवस मनाये जाने को लेकर भी तगड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का महंगाई तथा बेरोजगारी व सीमा सुरक्षा में विफलता से ध्यान हटाने के लिए भाजपा उन्चास साल पुराने मसले को इसलिए उभार रही है ताकि मोदी सरकार में संवैधानिक संस्थाओं के रोज हो रहे दुरूपयोग पर वह देश के सामने जवाबदेही से बच सके। उन्होंने कहा कि जिस आपातकाल की भाजपा बात कर रही है उसके बाद जनता ने कई जनादेश भी दिए। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि सच तो यह है कि रोज रोज संविधान का अपमान तथा संविधान की हत्या करने वाली मोदी सरकार का पूरा का पूरा युग ही संविधान हत्या के युग के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि देश के संविधान को लेकर कोई सरकार अगर संविधान की हत्या दिवस मनाने जा रही है तो यह संविधान निर्माताओं का भी एक तानाशाही सरकार द्वारा खुला अपमान है।

## पुलिस राजस्व टीम के साथ भूमि विवाद मामले का किया निस्तारण

**जौनपुर (खुटहन)** स्थानीय थाना क्षेत्र खुटहन गांव दरना के रामापुर गांव में वर्षो से चले आ रहे भुमि विवाद के मामले को शनिवार को पुलिस राजस्व टीम के द्वारा मौके पर दोनों पक्षों का आपसी सुलह समझौता कराकर मामले का निस्तारण करा दिया उक्त आबादी की भूमि पर कई वर्षों से दोनों पक्ष अपना अपना कब्जा बता रहे थे जिसको लेकर महीनों से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ था।गांव निवासी भुपेंद्र यादव व पड़ोसी विनय कुमार पुत्र सन्त राम ने पुलिस को तहरीर देकर उक्त विवादित आबादी की भूमि पर अपना अपना दावा कर रहे थे मामले को पुलिस संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व टीम के साथ दोनों पक्षों को सुलह समझौता के आधार पर संतुष्ट कर मामले का निस्तारण करा दिया गया इस मौके पर गांव के रामजीत यादव पद्माकर यादव कृष्ण चंद्र यादव, पूर्व प्रधान समरनाथ यादव, वर्तमान प्रधान बृजेश कुमार के साथ अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# एडीजीपी ने मुड़िया मेला क्षेत्र का किया निरिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**गोवर्धन (मथुरा)।** कस्बे में राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला प्रारंभ होने में दो दिन शेष रहे गए हैं। यहां मेला की सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखने के लिए शनिवार को एडीजीपी आगरा अनुपमा कुलश्रेष्ठ पहुंची। उन्होंने आईजी, डीएम, एसएसपी सहित प्रशासनिक अमले के साथ परिक्रमा मार्ग व मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उसके बाद ब्रज वसुंधरा में बैठक पर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी श्रद्धालु को मेला के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। ऐसा व्यवहार सभी पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी करें। शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक अनुपमा कुलश्रेष्ठ, आईजी दीपक कुमार, डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश कुमार पांडे प्रशासनिक अमले के साथ गिरिराज तलहटी पहुँचे। यहाँ सबसे पहले गिरिराज जी के सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग का निरिक्षण किया। कस्बे में स्थित दानघाटी मंदिर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी सिस्टम, आन्योर परिक्रमा मार्ग में संकर्षण कुंड, जल भराब, जतीपुरा में शौचालय, रूद्र कुंड, मुकुट मुखरबिंद मंदिर गोवर्धन में प्रकाश व्यवस्था, साउंड सिस्टम, वाच टावर, मानसी गंगा में बेरीकेटिंग,फब्बारे, मुकुट मुखार बिन्द मंदिर में सीसीटीवी कैमरा प्रकाश व्यवस्था,पार्किंग और राधाकुण्ड में राधारानी कुंड कृष्ण कुंड पर बेरीकेटिंग, सफाई व्यवस्था व कुसुम सरोवर सहित मेला क्षेत्र में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद ब्रज वसुंधरा में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर मुड़िया पूर्णिमा मेला की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा से किसी को खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा।

# शुगरलेस टॉमी-एटकिन्स प्रजाति की रही धूम

**अवधनामा संवाददाता**

### आम महोत्सव के दूसरे दिन उमड़ी भीड़, विभिन्न प्रजातियों के आम बने आकर्षण का केन्द्र





**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय आम महोत्सव के दूसरे दिन प्रदर्शनी में विभिन्न जिलों से आये किसानों व बागवानों तथा नागरिकों, मा0 जन प्रतिनिधियों द्वारा आम की लगभग 800 किस्मों के प्रदर्शों का अवलोकन किया गया। अरूणिका, पूसा अरूणिमा, अम्बिका, पूसा सूर्या, पूसा लालिमा, पूसा पीताम्बरा आदि आम की रंगीन किस्मों को देखकर किसान बन्धु अति उत्साहित दिखे तथा स्टॉलों पर पहुँच कर आम को चख कर रसास्वादन भी किया गया।

उद्यान मंत्री ने बताया कि आम महोत्सव में बढ़ते मधुमेह रोगियों के लिए वरदान सिद्ध हो रही आम की टामी-एटकिन्स प्रजाति मुख्य आकर्षण का केन्द्र बन रही है। इसके साथ ही आम की सेन्सेशन प्रजाति अपने रंग एवं आकार के कारण जन-मानस को आकर्षित कर रही है। स्टॉल से कृषकों एवं नागरिकों द्वारा उच्च गुणवत्ता की विभिन्न प्रजातियों (मल्लिका, आम्रपाली, हुस्ने-ए-आरा, अम्बिका, अरूणिमा, चौसा, लगंड़ा, दशहरी, रामकेला आदि) के कलमी पौधों का क्रय किया गया। बच्चों के लिए आम खाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं संध्या काल में आये। आम महोत्सव के दूसरे दिन लगभग 30 हजार से अधिक आगंतुकों ने प्रदर्शनी का लुत्फ उठाया।

आम का उत्पादन, उत्पादकता, प्रसंस्करण एवं विपणन तथा निर्यात सम्बन्धी तकनीकी जानकारी बागवानों एवं आगन्तुकों को उपलब्ध कराने के हितार्थ तकनीकी सत्र का भी संचालन किया गया। तकनीकी सत्र के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा गुणवत्तापूर्ण आम उत्पादन, आम की फसल के पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, वैरायटी संरक्षण एवं क्राप इंप्रवूमेंट, जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में आम की बागवानी, आम उत्पादन में संरक्षित खेती की महत्ता एवं सहफसली खेती, आम में पोषक तत्वों की व्यवस्था तथा आम के निर्यात हेतु फाइटोसाइनेट्री मानक एवं ग्रेडिंग, पैकेजिंग पर विस्तार से चर्चा की गयी। आम महोत्सव के समापन के दिन तकनीकी सत्र के उपरान्त आम की विभिन्न प्रजातियों, आम के प्रसंस्कृत उत्पादन का प्रदर्शन, आम पकवान आदि की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों पुरस्कृत किया जायेगा।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुआ प्रवेश परीक्षा का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों की प्रवेश परीक्षा के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में माननीय कुलपति प्रो0 एन0बी0 सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस वर्ष से विश्वविद्यालय अपने सभी कोर्सों के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश दे रहा है। साथ ही अपने प्रोफेशनल कोर्सेस में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रवेश देगा, जिस फ़ेहरिस्त में 08 विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें B PHRMA, D PHRMA, M TECH, MBA, MCA, BCA, BBA एवं B TECH (समस्त शाखा) हेतू प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

बतादें कि प्रत्येक वर्ष ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ विभिन्न विषयों में एडमिशन के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन करता है। इसी श्रृंखला में एमबीए, एमटेक, बीटेक, बीसीए, बीबीए, बीफार्मा, डीफार्मा, एमसीए में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षाओं का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर आज में किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए दो पालियों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रथम पाली सुबह 11 से 12 और द्वितीय पाली 3 से 4 के मध्य आयोजित की गई। प्रथम पाली में कुल 300 अभ्यर्थियों में से 161 ने परीक्षा दी। वहीं द्वितीय पाली में कुल 696 में 498 अभ्यर्थियों ने लिखित प्रवेश परीक्षा दी। प्रवेश समन्वयक प्रो0 एहतेशाम अहमद ने साझा किया कि आज की प्रवेश परीक्षा का परिणाम 15 जुलाई को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर घोषित कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी www.kmclu.ac.in पर लॉगिन कर के अपना परिणाम देख सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन में प्रवेश समन्वयक प्रो0 एहतेशाम अहमद, प्रो0 सौबान सईद, नीरज शुक्ल, डॉ वसी अहमद आज़म अंसारी की अहम भूमिका रही।

# लोक अदालत में 93629 मुकदमों का निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 93629 मुकदमों का निस्तारण किया गया। इससे पूर्व जिला जज संजीव शुक्ला ने हाल ऑफ जस्टिस में देवी सरस्वती के चित्र पर तथा दीप प्रज्वलित करके लोक अदालत की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला जज ने कहा कि लोक अदालत आम आदमी के लिए उपलब्ध एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र है। जिसके माध्यम से विवाद का निपटारा निशुल्क तथा त्वरित किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार मिश्रा ने बताया कि इस लोक अदालत में खास बात यह रही कि 24 दंपतियों ने एक ब आपसी मतभेद खत्म कर एक बार फिर से साथ रहना स्वीकार किया।इस लोक अदालत में जिला जज संजीव शुक्ला ने कुल सात मुकदमे तथा मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी अजय कुमार सिंह ने 113 मुकदमा का निस्तारण किया। पारिवारिक न्यायाधीश कोर्ट नंबर दो संदीपा यादव ने 30 मुकदमा पारिवारिक न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक प्रेम शंकर ने 47 मुकदमा तथा पारिवारिक न्यायाधीश कोर्ट नंबर 3 पारूल श्रीवास्तव ने 51 मुकदमों का निस्तारण किया। अपर जिला जज सतीश चंद्र द्विवेदी ने 10 मुकदमा, एससी एसटी कोर्ट के जज कमलापति ने आठ मुकदमा, पोक्सो कोर्ट के जज रामनारायन ने चार मुकदमा ,अपर जिला जज जैनेंद्र कुमार पांडेय ने दो मुकदमा ,विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र निगम ने 346 मुकदमा, अपर जिला अजय श्रीवास्तव ने 10 मुकदमा, पोक्सो कोर्ट नंबर एक शैलजा राठी ने चार मुकदमा, अपर जिला जज संतोष कुमार यादव ने 18 मुकदमा, फॉस्ट ट्रैक कोर्ट नंबर एक जैनुद्दीन अंसारी ने दो मुकदमा ,फॉस्ट ट्रैक नंबर दो अरविंद कुमार वर्मा ने चार मुकदमा का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सत्यवीर सिंह ने 2682 मुकदमा, सिविल जज सीनियर डिवीजन अनुपम कुमार त्रिपाठी। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के छेत्रिय कार्यालय वाराणसी से अमित कुमार साहू व आजमगढ़ मेन ब्रांच के शाखा प्रबंधक श्री मती बन्दना सिंह और सिधारी शाखा यू पी पी सी एल के प्रबंधक अखिलेश पाल व मुबारखपुर के शाखा प्रबंधक रजनी कुमारी जी राट्रीय लोक अदालत में उपस्थित हो कर बैंक ऋण समझवता का लोगो को लाभ दिलाया तथा बैंक का रुपया वसूल किए।

# सी.एम.एस. शिक्षिका सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ शिक्षिका डा. सुनीता पाण्डेय को टीचिंग-लर्निंग में सृजनात्मकता व नवीनता के उच्चस्तरीय मानक स्थापित करने हेतु 'एजुप्रिन्योरशिप अवार्ड-2024' से सम्मानित किया गया है। अभी हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में बोट कम्पनी के सी.ई.ओ. श्री अमन गुप्ता ने डा. सुनीता पाण्डेय को यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि डा. सुनीता पाण्डेय ने वर्तमान दौर में छात्रों की क्षमताओं को समझते हुए शिक्षण पद्धति में नवीनता को अपनाया है और टीचिंग-लर्निंग हेतु सकारात्मक वातावरण बनाने में महती भूमिका निभाई है। श्री खन्ना ने बताया कि यह सम्मान शैक्षिक प्रक्रिया में उत्कृष्टता एवं नवीनता के उनके प्रयासों को और मजबूती प्रदान करेगा। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस उपलब्धि हेतु डा. सुनीता पाण्डेय को हार्दिक बधाई दी है।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है। सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 65 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है। इन्हीं विद्वान शिक्षकों की बदौलत सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक तीनों प्रकार की शिक्षा देकर उन्हें चुस्त एवं संतुलित व्यक्तित्व का धनी, मानव जाति के लिए ईश्वर का उपहार एवं टोटल क्वालिटी पर्सन बनाने के लिए प्रयत्नशील है।

# 'राजऋषि गोकुल ग्राम प्रकल्प' प्रोजेक्ट का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** सुलतान रोड स्थित गुलजार उपवन में आज सांय 3:00 बजे किया गया। मधुबन से आए ब्रह्माकुमारीज गोकुल ग्राम के वरिष्ठ सदस्य चंद्रेश भाई जी ने इस प्रोडक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। जब तक गांव विकसित नहीं होंगे, भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं और गांव को सुधारने का यह नैतिक कार्य प्रधानमंत्री जी के प्रेरणा से ब्रह्माकुमारी ने अपने हाथ में लिया है। इसके लिए ब्रह्माकुमारीज का कृषि प्रभाग किसी एक गांव को गोद लेकर उसका आर्थिक, सामाजिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास कर, राजऋषि गोकुल ग्राम के रूप में विकसित किया जाता है। इसके लिए विभिन्न एनजीओ, सरकारी योजनाओं एवं ब्रह्मकुमारीज के सदस्यों के माध्यम से गांव की सफाई व्यवस्था, उसका सौंदर्यकरण, महिला सशक्तिकरण, बच्चों की उचित शिक्षा का प्रबंध एवं उसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना, महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए तरह-तरह के प्रशिक्षण एवं इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराया जाता है।

गांव में व्याप्त बुराइयों जैसे शराब, नशे आदि की आदतों से ग्रामीणों को उनसे छूटने की प्रेरणा देना और उसमें सहायता करना और इसके साथ-साथ गांव का मुख्य आधार कृषि, उसकी गुणवत्ता में सुधार लाया जाता है। इस प्रोजेक्ट का एक प्रमुख अंग कृषि की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके लिए बीजों से शुरुआत करके, कृषि के विभिन्न स्तरों पर बिना किसी खाद के ऑर्गेनिक खेती तो की ही जाती है, साथ-साथ कृषि के विभिन्न स्तरों पर संस्कारीकरण करके शाश्वत योगिक खेती सिखाई जाती है। इस तरह की खेती की वैज्ञानिक सत्यता भी स्थापित की जा चुकी है और इसके माध्यम से बहुत ही पोषक अनाज प्राप्त किया जाता है। इस कृषि से प्राप्त फसलों का बाजार में मूल्य भी बहुत अच्छा मिलता है।

## महानगर रामलीला समिति की बैठक

**लखनऊ।** महानगर रामलीला समिति की एक बैठक आज महासचिव हेम पंत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे इस वर्ष होने वाले श्री रामलीला महोत्सव की तैयारियों के विषय में चर्चा हुई। बैठक मे महासचिव हेम पंत ने बताया कि इस वर्ष की रामलीला मंचन 7 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक भव्यता के साथ होगा।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष रामलीला महोत्सव के निर्देशन की ज़िम्मेदारी श्री महेन्द्र पंत को सौंपी गई है। कार्यक्रम के मंचन सहयोगी इत्यादि की सम्पूर्ण कार्य उनको सौंपा गया। उन्होंने बताया कि 20 अगस्त दिन मंगलवार को सायं 5.00 बजे से से श्री सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ श्री रामलीला महोत्सव के पूर्वाभ्यास तालीम की शुरुआत होगी। महेन्द्र पंत ने बताया कि जो भी कलाकार श्री रामलीला महोत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन करना चाहते हैं सम्पर्क कर सकते हैं। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार पंत, संयोजक दीपक पांडे दीनू, देवेन्द्र मिश्रा, कुणाल पंत, हरीश लोहुमी, मृत्युंजय पांडे, तारा दत्त जोशी, आनंद सिंह, तारा चंद, हेमा जोशी मौजूद थे।

# बिजली दरों में चोर दरवाजे बढोत्तरी बर्दाश्त नहीं

**अवधनामा संवाददाता**

### उपभोक्ता परिषद के साप्ताहिक वेबीनार में उठाया मुद्दा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले उपभोक्ता जागरूकता व उनकी समस्या संबंधी प्रादेशिक ऑनलाइन वेबीनार में बडी संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने एक शुर में यह मुद्दा उठाया बिजली दरो में बढोतरी किसी भी हालत में नहीं होनी चाहिए प्रदेश के उपभोक्ताओं का जो बिजली कंपनियों पर सरप्लस 33122 करोड निकल रहा है उसके एवज में दरों में कमी होनी चाहिए बडी संख्या में अनेकों जनपदों से जुडे कृषि क्षेत्र के किसानों ने यह मुद्दा उठाया की सरकार की फ्री बिजली योजना को फील्ड में तैनाद कुछ अभियंता फ्लाप करना चाहते हैं लाभ नहीं देना चाहते हैं जो भी किसान बकायेदार हैं उनके गलत बिल को सही नहीं कर रहे है इसीलिए वह फ्री योजना का रजिस्ट्रेशन नहीं करा पा रहे आज भी किसानों को 10 घंटे बिजली मिलने का अनवरत आदेश है लेकिन अनेकों जनपदों में ब्रेकडाउन के चलते मंत्र 6 से 7 घंटे बिजली मिल रही है जबकि इस समय किसानों को धान की रोपाई करने के लिए बिजली की ज्यादा से ज्यादा आवश्यकता है ग्रामीण क्षेत्रों में भी बडे पैमाने पर ब्रेकडाउन हो रहे हैं तार टूट रहे ट्रांसफार्मर जल रहे आलम यह है कि अनेकों जनपदों में अनेकों फीडर पर घंटे की बात छोडिए दो-दो दिन बिजली नहीं आती और कोई फोन भी नहीं उठाता।

उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा आप सभी की समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखूंगा और नियामक आयोग की बनारस आगरा व मेरठ सहित ग्रेटर नोएडा की बैठक में भी उठाऊंगा ग्रामीण क्षेत्र में एक दो कमरे के मकान में रहने वाले गरीब विद्युत उपभोक्ता जो अपनी जीविका चलाने के लिए अपने-अपने घर में छोटी-मोटी दुकान कर लेते हैं उन्हें बिजली चोरी में फसाया जाता है यह उनके ऊपर राजस्व निर्धारण किया जाता है उसके खिलाफ उपभोक्ता परिषद लगातार लडाई लड रहा है और आगामी बिजली दर की सुनवाई में उपभोक्ता परिषद फिर वह प्रस्ताव रखेगा जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 2 किलो वाट 200 यूनिट तक उपभोग करने पर उसे घरेलू विद्या में ही माना जाए उस पर कोई राजस्व निर्धारण या बिजली चोरी की कार्रवाई न की जाए का प्रस्ताव बनारस की बैठक में नियामक आयोग के सामने रखूंगा पहले भी इस पूरे प्रस्ताव पर पावर कारपोरेशन ने अपनी सहमति दी थी लेकिन प्रस्ताव लागू नहीं हो पाया अब उसको आगे टैरिफ में शामिल करने की मांग उठाऊंगा।

# टीएमयू एल्युमिनाई से जाने कृषि करियर के विकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस की ओर से प्रॉमिसिंग करियर स्कोप इन एग्रीकल्चर पर एल्युमिनाई टॉक



**मुरादाबाद।** अदम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के टेरिटरी मैनेजर श्री ऋषभ शर्मा बोले, यदि आप अभिनव हैं और कृषि क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, तो आपके लिए कृषि वैज्ञानिक बेहतर करियर होगा। कृषि विज्ञान का क्षेत्र नौकरी की विविधताओं के विभिन्न करियर के अवसर प्रदान करता है।

कृषि इंजीनियर कृषि और इंजीनियरिंग के सिद्धांतों को लागू करता है। कृषि इंजीनियर खेती की नई तकनीक और उपकरण डिजाइन एवम् विकसित करते हैं, जो खेती को स्थिरता, सुरक्षा और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में मदद करते हैं। कृषि वैज्ञानिक के रूप में कृषि उत्पादकता का अध्ययन, आकलन और मूल्यांकन करना शामिल हैं। श्री शर्मा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की ओर से आयोजित एल्युमिनाई टॉक में प्रॉमिसिंग करियर स्कोप इन एग्रीकल्चर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले अदम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के टेरिटरी मैनेजर श्री ऋषभ शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि, एल्युमिनाई रिलेशन्स सेल-एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी, डॉ. शाकुली सक्सेना आदि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

टीएमयू एग्रीकल्चर के एल्युमिनाई श्री ऋषभ ने कृषि के क्षेत्र में विभिन्न जॉब्स प्रोफाइल्स के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया, कृषि निरीक्षक खाद्य जनित बीमारियों को रोकने और सभी को स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराने के लिए काम करता है। वह निरीक्षण करके बताता है कि खेत की फसलों से संसाधित भोजन या प्रसंस्करण सुविधा का कच्चा मांस खाने के लिए स्वस्थ है या नहीं। कृषि प्रबंधक खेतों और फसलों का उत्पादन करने वाली अन्य सुविधाओं को चलाने के सभी पहलुओं की देखरेख करता है। एक कृषि प्रबंधक के कर्तव्यों में योजना बनाना, पर्यवेक्षण करना और कभी-कभी रोपण, निषेचन और कटाई प्रक्रिया में भाग लेना शामिल है। कृषि वैज्ञानिक के रूप में करियर चुनने वाले स्टुडेंट्स मिट्टी के संरक्षण और प्रबंधन के तरीकों को विकसित करने से संबंधित होते हैं। वे प्रयोग करते हैं और नई फसलें विकसित करते हैं। अपने शोध और निष्कर्षों के अनुसार विस्तृत रिपोर्ट तैयार करते हैं।

# एम.डी. लिखकर डॉक्टरी करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों पर ग्यारह लाख का जुर्माना

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** लापरवाही से मरीजों की मौत के मामले आए दिन समाचारों आते रहते हैं उसके बावजूद जिला प्रशासन सोया रहता है यहां तो एक झोला छाप ने अपने हॉस्पिटल के बोर्ड पर अपने नाम के आगे एम डी लिखा गर्भवती महिला के नवजात शिशु की झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से मृत्यु हो गई मामला उपभोक्ता आयोग पहुंचा तो जिला उपभोक्ता आयोग संभल ने झोलाछाप डाक्टर पर 11 लाख जुर्माना लगा दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय के अनुसार तहसील सम्भल के गांव ततारपुर संदल निवासनी सऊदा जहां पत्नी मोहम्मद यामीन गर्भवती थी दिनांक 18 मार्च,2023 की रात 2 बजे को महिला को प्रसवपीड़ा हुई तो किसी ने बताया संभल के रेलवे स्टेशन रोड हातिम सराय में शिफा हेल्थ सेंटर में डॉक्टर अनीस व उसकी पत्नी जरीना बैठकर महिलाओं का अच्छा इलाज करते है महिला के पति ने अपनी पत्नी को उक्त अस्पताल में भर्ती करा दिया डाक्टर अनीस के नाम के आगे एम डी भी लिखा था। कथित डॉक्टर व उसकी पत्नी ने गर्भवती महिला के इंजेक्शन लगाया और दवाएं दी लेकिन कथित डाक्टर की लापरवाही से महिला की तबियत और बिगड़ गई और महिला के पेट में पल रहे बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई मामला मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचा तो नखासा पुलिस ने दिनांक 22 मार्च 2023 को कथित डॉक्टर अनीस पुत्र भूरा निवासी ग्राम मंडलायी, थाना नखासा,तहसील संभल के विरूद्ध इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट की धारा 15(2)15(3) व भारतीय दण्ड सहित की धारा 420 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया और अनीस के स्वामित्व वाली शिफा हेल्थ केयर सेंटर को चिकित्साधिकारियों ने सील कर दिया इधर वादनी ने उपभोक्ता मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग संभल में कथित डॉक्टरों के विरूद्ध परिवाद योजित किया जिसमे झोलाछाप डॉक्टरों ने कहा कि वे चिकित्सक नही है और नाही उन्होने कोई इलाज किया अनीस ने अपने नाम के आगे एम डी लिखा है उसका मतलब चिकित्सा की डिग्री नही बल्कि उसका मतलब मैनेजिंग डायरेक्टर है लेकिन जिला उपभोक्ता आयोग ने कथित झोला छाप चिकिसक अनीस व जरीना को सेवाओं में कमी एवं लापरवाही का दोषी मानते हुए आदेश दिया कि वे बादनी को 10 लाख बच्चे की मृत्यु के संबंध में अपूर्णीय क्षति के रूप में एक लाख मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि हेतु, 7 प्रतिशत ब्याज सहित अदा करे आयोग ने स्पष्ट किया है कि समय पर धनराशि अदा ना करने पर व्याज की दर 9 प्रतिशत मानी जायेगी।

# तेज रफ्तार रोडवेज में ई-रिक्शा में मारी टक्कर

■ दो मासूम सहित छह घायल

अवधनामा संवाददाता



**सम्भल।** सदर कोतवाली क्षेत्र तेज रफ्तार रोडवेज ने ई रिक्शा को मारी टक्कर जिसमें दो मासूम सहित छह घायल। राहगीरों द्वारा सभी घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती। राहगीरों ने रोडवेज बस चालक को पकडा। घटना की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे पुलिस। जांच पड़ताल में जुटी।शनिवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के संभल मुरादाबाद मार्ग पर मुरादाबाद दिशा की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज ने ई-रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोहम्मद आलिम पुत्र दुल्लन,तहसीना पत्नी तालीब,शायदा पुत्री मोहम्मद आलिम, राविया पुत्री आलिम निवासी ग्राम पंचायत मिठौली थाना हजरत नगर गढ़ी जनपद सम्भल अपने गांव से सम्भल दबाई लेने आ रहें थे रास्ते मे सीमा पत्नी मोहम्मद उमर आदिवा पुत्री मोहम्मद उमर निवासी ग्राम पंचायत चिमयावली भी सम्भल जाने के लिए ई रिक्शा में बैठकर सम्भल दबाई लेने आ रहे थे। जैसे ही ई रिक्शा सम्भल मुरादाबाद रोड पर एकता बिहार कालोनी के पास पहुंचा ही था।इसी बीच मुरादाबाद दिशा की और से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। ई-रिक्शा में सवार दो मासूम सहित छह लोग घायल हो गए। और चीख-पुकार मचने लगी।मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। राहगीरों द्वारा रोडवेज बस चालक को भीड़ ने पकड़ लिया।और सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर सदर कोतवाली पुलिस जिला अस्पताल पहची।

# आपसी सौहार्द से मनाए त्यौहार: डीएम

■ भ्रामक अफवाह या अराजक तत्वों के प्रति संवेदनशील रहे पुलिस: एसपी
■ एसडीएम व सीओ आयोजन स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं
■ विद्युत, पेयजल, सुरक्षा, यातायात के साथ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएं




अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** आगामी मोहर्रम त्यौहार एवं श्रावण मास के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था सम्बंधी बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं कि त्यौहारों के दौरान कोई नई परम्परा शुरु नहीं की जाएगी, पूर्व की भांति आयोजन किया जाएगा, उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि वे क्षेत्र में जाकर आयोजन के रुट की व्यवस्थाओं का जायजा लें, इस दौरान धर्मगुरुओं को भी साथ ले जायें। ड्रोन से रुट की निगरानी करें तथा रुट पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। साथ ही क्षेत्र में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कराएं। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान जुलूस में कोई भी व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में सावन मास प्रारंभ हो रहा है, जिस हेतु मंदिरों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि जुलूस के आयोजकों, जुलूस का समय एवं वॉलेटिंयर्स के नम्बर अपने पास उपलब्ध रखें, ताकि कोई भी अव्यवस्था न हो पाए। अधिशासी अभियंता विद्युत एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका त्यौहार के दौरान अभियान चलाकर विद्युत एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें, इसके लिए पूर्व से ही आयोजन स्थलों का भ्रमण कर लें। यदि मार्ग में जर्जर तार हैं तो उन्हें दुरुस्त करा लें ताकि कोई घटना घटित न हो। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि त्यौहार के दौरान एम्बुलेंस भी सक्रिय रहेंगी। यातायात व्यवस्था बेहतर तरीके से व्यवस्थित की जाए, वाहनों को एकत्र न हो दें। अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए पीस कमेटी की बैठकें आयोजित करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि धर्मगुरु किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन की सूचना अपने क्षेत्र के थानों में अवश्य दें। किसी भी प्रकार की अफवाह या संदेहास्पद व्यक्ति/अराजक तत्व के बारे में तत्काल प्रशासन को सूचित करें।

## पेड़- पौधे है तो जीवन है: रूमा कुमारी

**मथुरा।** पूरा विश्व पर्यावरण को लेकर चिंतित है वहीं भारत में भी वायु प्रदूषण को संतुलित बनाए रखना बहुत बड़ी समस्या है वैज्ञानिकों के अनुसार वृक्षारोपण एकमात्र समाधान है इसी क्रम में भारत सरकार और प्रदेश सरकार नए सघन वृक्षारोपण अभियान प्रतिवर्ष की भवति किस वर्ष भी चलाया हुआ है इसी क्रम के अंतर्गत सर्वोदय इण्टर कॉलेज चौमुहाँ मथुरा की प्रधानाचार्य श्रीमती रूमा कुमारी वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेड़- पौधे है, तो जीवन है। सभी को वृक्ष लगाना चाहिए और संरक्षित भी करना चाहिए । विद्यालय के प्रबंधक डॉ सिद्धार्थ सिसोदिया द्वारा बताया गया की सभी एक पेड़ लगाकर उसकी सेवा करें, वहीं पेड़ फलने- फूलने पर सभी के लिए लाभदायक होगा । शासन के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रांगण में अमरूद , कंजी , नीम , अनार, शोभादार आदि के वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर डॉ हुकुम सिंह सिसोदिया , छोटेलाल, बृजेश कुमार, अजय कुमार ,कृष्ण पाल सिंह, श्रीकांत शर्मा, विवेक कुमार ,राहुल कुमार शर्मा, खेमचंद शर्मा, गिर्राज सिंह एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीएचसी गिरार में स्वास्थ्य मेला आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** तहसील मड़ावरा के गिरार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच एवं इलाज किया गया। गिरार गाँव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित हुए स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य बीर सिंह बुन्देला और व्लाक प्रमुख ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस दौरान अधीक्षक डा.अविनाश कुमार ने मेले में आये हुए ग्रामीणों को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही संक्रामक रोगों से बचाव के बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक किया। इस स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों की ब्लड जांच, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, टीवी, मलेरिया, एचआईवी की जांच की गई और परिवार कल्याण से संबंधित जानकारी दी गई तथा एएनएम के द्वारा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया, वहीं बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा स्टाल लगाकर पोषाहार और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दी जाने बाली सुविधाओं की जानकारी दी गई वहीं गर्भवती, धात्री महिलाओं को टीकाकरण कराने के लिए जागरूक किया और पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न रोगों से पीड़ित करीब 61 मरीजों की जांच और इलाज किया गया। वहीं क्षय रोग विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि क्षय रोग अब असाध्य रोग नही है।

मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आकर क्षय रोग की जांच और इलाज निऱ्शुल्क उपलब्ध है। डा.जितेन्द्र लिधोरिया ने ग्रामीणों को बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गिरार मरीजों की सेवा में 24 घण्टे चिकित्सा सेवा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अब प्रसवकाल से सम्बंधित समस्त जानकारी और प्रसव सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गिरार में उपलब्ध हो गई है। इस स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा परिवार कल्याण, क्षय रोग, एचआईवी,आर वी एस के स्कीम और बाल विकास परियोजना विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा स्टाल लगाए गये।

# मातम के साथ नोहा पढ़कर करबला के शहीदों को किया याद



अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** मोहर्रम के छठे दिन औनो मौहम्मद की शहादत के शोक में शबीहे ताबूत बरामद किये गये नूरियो सराय हुसैन खॉ सराय मिया सराय में मजलिसो के बाद मातम व नोहा पढकर कर्बला के शहीदो का शोक मनाया गया! नूरियो सराय मे मजलिस को सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था पुरुषों के साथ साथ महिलाओं ने भी मजलिसो मे शिरकत की इमामबाडा फरमान हुसैन मे मजलिस के बाद वार्षिक परम्परागत शबीहे ताबूत औनो मौहम्मद बरामद किये गये !मजलिस को मौलाना असगर ने खिताब करते हुए कहा कि कर्बला मे हजरत इमाम हुसैन की बहन जनाबे जैनब के दोनो बेटे औनो मौहम्मद शहीद हो गये थे तीन दिन के भूखे प्यासे बच्चों ने यजीद की सेना से ऐसी जंग की जिसको कभी नही भुलाया जा सकता लेकिन लाखो के लशकर के सामने तीन दिनों के भूखे प्यासे बच्चों कहॉ तक जंग करते और दोनो बच्चों को शहीद कर दिया गया इमाम हुसैन दोनो बच्चो के लाशो को मैदान से लेकर खेमो की जानिब आये बाद मजलिस के ताबूत बरामद किये गये जिनकी नम ऑखो के बीच अजॉदारो ने जियरत की और मातम किया हुसैन खॉ सराय मे भी ताबूत बरामद किये गये मिया सराय में अलम बरामद किया गया इस दौरान अजॉदारो ने मातम व नोहाख्वानी बरपा की।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस पर सुनी जनसामान्य की समस्याएं




**सम्भल।** शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कोतवाली संभल एवं असमोली थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्भल के एतिहासिक चक्की के पाट का अवलोकन किया तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संभल एवं उप जिलाधिकारी संभल को आवश्यक निर्देशित करते हुए कहा कि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए । जिलाधिकारी ने ए.एस.आई के संबंधित अधिकारियों से भी एतिहासिक चक्की के पाट के संबंध में वार्ता की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने चौधरी सराय संभल चौकी पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सम्भल विनय कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज चौधरी तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने छह बिछड़े परिवारों को मिलाया



**सम्भल/बहजोई।** शनिवार को पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया जहां कुल 62 पत्रावली सुनकर 13 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया जहां 6 बिछड़े परिवारों को मिलाया गया तथा एक पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की स्तुति की गई एवं 6पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की स्तुति की गई इस अवसर पर काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय संगीता भार्गव पूनम अरोरा कंचन माहेश्वरी बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता तथा उपनिरीक्षक मनोहर लाल ओमप्रकाश तथा कांस्टेबल नूतन उषा रश्मि गहलोत और शहजाद मलिक आदि उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्यायें



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक की संयुक्त अध्यक्षता में थाना महरौनी मे थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनता की समस्याओं को सुनकर उनके तत्काल निस्तारण करने एवं भू-राजस्व से संबंधित शिकायतो को राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार द्वारा थाना मड़ावरा में जनता की समस्याओं को सुनकर उनके तत्काल निस्तारण करने एवं भू-राजस्व से संबंधित शिकायतों को राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

### दिव्यांगता समाज में अभिशाप नहीं वरन दिव्यांग सेवा ईश्वरीय कार्य: डा.शर्मा

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में समदृष्टि विकास अनुसंधान मंडल सक्षम के तत्वावधान में नेत्रदान एवं दिव्यांग सम्मान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि सक्षम प्रान्त के उपाध्यक्ष डा.सुरेन्द्र नारायण शर्मा ने कहा दिव्यांग समाज में अभिशाप नहीं वल्कि दिव्यांगों की सेवा ईश्वरीय कार्य है। दिव्यांगों को दया नहीं मुख्य धारा में लाने की जरूरत है खेल व्यवसाय शोध प्रशासनिक सेवा में दिव्यांगों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज में आदर्श कायम किया है। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.राकेश नारायण ने करते हुए सूरदास और लुईस ब्रेल के कार्यो का उल्लेख किया जिनकी प्रेरणा से दिव्यांगों को नई उर्जा मिली। संस्कृत भारती के प्रान्त उपाध्यक्ष डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने परहित कार्यो को समाज का आधार बताते हुए कहा दूसरों की सेवा करने में आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है। जिलाध्यक्ष अक्षय अलया ने ललितपुर में दिव्यांग केन्द्रों के माध्यम से की जा रही दिव्यांग सेवा की जानकारी दी और कहा सक्षम का प्रयास है कि दिव्यांग बन्धुओं को मिलने वाली शासकीय सुविधाएं मुहैया हो इसके लिए समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती है।

# योगी की अपराध के प्रति खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति हवा

■ भूमाफिया बेखौफ जमीनी विवाद मै जमकर बरसे पत्थर चली गोली

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार माफियाओं के सफाए के नाम पर बनी बाबा ने बढ़े बढ़े गुंडों को ठिकाने भी लगाया पर बाबा का भय मथुरा मैं प्रशासन कायम नही रख पा रहा इसके पीछे क्या सोची समझी रणनीति प्रशासन मै बैठे लोग खेल रहे है। इस बात का अंदाजा लगाना मुश्किल है प्रदेश सरकार ने मथुरा मैं अपने चुनिंदा अधिकारियों को उतारा हुआ था शुरुवात में अधिकारी काफी एक्टिव भी नजर आए पर लोकसभा चुनावों में भाजपा के हाल को देखकर प्रशासन के अधिकारी मान बैठे है कि बाबा का जाना तय है उसी तरीके से अब शासन को मथुरा मै चलाया जा रहा है। धीरे धीरे अपराधियो से भी प्रशासन का खौफ कम होता जा रहा है। इसका जीता जागता प्रमाण मथुरा के वृंदावन में देखने को मिल रहा है। भूमि विवाद पर दो पक्ष आपस मै खुले आम जमकर पथराव कर रहे है और सूत्रों से पता चला है कि खुलेआम गोली भी चलाई गई है। राहगीरों मै भय का माहौल है जिसका सोसल मीडिया मै वीडियो भी वायरल हो गया। मामला मथुरा के वृंदावन परिक्रमा मार्ग रामनगर का है जहा किसी प्लाट पर एक पक्ष बाउंड्री वॉल करा रहा था तभी दूसरा पक्ष भी मौके पर पहुंच गया दोनों पक्षों मै बवाल मच गया जिसे अचानक होते देख वृंदावन परिक्रमा मार्ग में परिक्रमा दे रहे श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर दौड़ने लगे। पथराव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चार लोगों को हिरासत में लिया गया।

# एक्सन एमवीडी : यमुना एक्सप्रेस-वे पर चला बुलडोजर

■ प्राधिकरण ने ध्वस्त कीं चार कॉलोनी और पांच होटल व ढाबे

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।**मांट क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण की सीमा में बिना अनुमति बनाई गई 4 कॉलोनियों व 5 होटलों-ढाबों-दुकानों को शुक्रवार को प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्त करा दिया। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश पर की गई है। कुल 7 घंटे चली कार्रवाई के दौरान कब्जाधारकों में अफरा-तफरी मची रही। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की सीमा में पानीगांव से एक्सप्रेस-वे के वृंदावन कट तक कई कॉलोनी, होटल और ढाबे बनाए गए हैं। इनका निर्माण नियमों को ताक पर रखकर किया गया है। शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के ओएसडी शैलेश सिंह नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक जेसीबी पहुंचीं और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हुई। ओएसडी ने बताया कि बिना अनुमति हेरिटेज सिटी क्षेत्र में निर्माण किया है। वहीं शासन की मंशा है कि यहां ग्रीन बेल्ट बनाई जाए। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार मांट पवन कुमार के साथ ही राजस्व व पुलिस टीम भी मौजूद रही। यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के ओएसडी ने बताया गया कि एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण ने पूर्व में इन अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर लिया था। उन्हें अवैध निर्माण हटाने के लिए कहा भी गया था। जब निर्माण नहीं हटाए गए तो शुक्रवार को कार्रवाई की गई। कुल 37 कॉलोनियों, होटलों, ढाबों आदि पर कार्रवाई की जानी है। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश पर की गई है। एसडीएम मांट आदेश कुमार ने बताया कि कब्जा करने वालों से ध्वस्त करने से पहले सामान को हटाने के लिए कहा गया था। इसके बाद भी सामान नहीं हटाया गया। शेष बची कॉलोनियों, होटलों-ढाबों व दुकानों पर मंगलवार को कार्रवाई की जाएगी। वृंदावन कट पर स्थित रुद्र शिवा ढाबा को ध्वस्त करने जब प्राधिकरण की टीम पहुंची तो वहां कई यात्री भोजन कर रहे थे। जाते ही पुलिस टीम ने ऐलान कर दिया है थोड़ी देर में इसे तोड़ने वाले हैं। इससे वहां अफरातफरी मच गई। यहां करीब दो घंटे तक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। शुक्रवार को प्राधिकरण की टीम को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के वक्त विरोध भी झेलना पड़ा। भूतिया गांव की रहने वाली कमलेश ने बताया कि जमीन को बेचकर कॉलोनी का निर्माण किया था। प्रशासन ने उसे ढहा दिया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि कार्रवाई से भूमि की कीमतें घटेंगी। लोगों ने अलग अलग प्रतिक्रिया देते हुए एमडीडीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए कि ये कालोंनिया रातों-रात तो खड़ी हुई नही थी, जव निर्माण कार्य चल रहा था तभी प्रशासन को कार्यवाही कर इन अवैध कालोनियों का निर्माण होने से रोकना चाहिए था जव लोग इन अवैध कॉलोनाइजर के जाल मै फस कर अपनी मेहनत की कमाई लूटा बैठते हैं तव एमडीडीए आकर कार्यवाही करता है।

# एनसीएल की सीएसआर पहल के तहत चलेंगी 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स

माननीय लोकसभा सांसद (सीधी) डॉ. राजेश मिश्रा ने मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ सिंगरौली।** शनिवार को एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत में माननीय लोकसभा सांसद (सीधी) डॉ. राजेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का लोकार्पण किया गया। एनसीएल की सीएसआर के तहत की गई इस पहल से सिंगरौली परिक्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं को नया आयाम मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान राम निवास शाह माननीय विधायक-सिंगरौली, विश्वामित्र पाठक माननीय विधायक सिहावल, चन्द्रशेखर शुक्ला-कलेक्टर सिंगरौली, सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निवेदिता गुप्ता-पुलिस अधीक्षक सिंगरौली, सृजन वर्मा एसडीएम सिंगरौली, निदेशक (कार्मिक), एनसीएल मनीष कुमार, लक्ष्मा रेड्डी कोयला प्रभारी बीएमएस, देवेश पांडेय नगर निगम अध्यक्ष, कंपनी जेसीसी सदस्य अजय कुमार , अशोक कुमार पांडेय अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति व एनसीएल कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय सांसद डा. राजेश मिश्रा ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि एनसीएल के सौजन्य से सिंगरौली परिक्षेत्र को चिकित्सा के क्षेत्र में नई सौगात मिली है। उन्होने एनसीएल को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस पहल से अस्पताल तक न पहुँच पाने वाले ग्रामीण अंचल के रोगियों तक अस्पताल सीधे पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से सामाजिक व मानवीय संवेदना के साथ ग्रामीणों की चिकित्सकीय मदद करें। इस अवसर पर उन्होने एनसीएल की स्वास्थ, शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए आगे बढ़कर समाज सेवा का कार्य करते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंगरौली विधायक राम निवास शाह ने एनसीएल का आभार व्यक्त किया व चलित चिकित्सालय जैसे नवाचारी पहल हेतु एनसीएल को बधाई दिया व आगे भी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग का आवाहन किया। एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत रु 5.85 करोड़ रुपए की लागत के इन मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (वैन) के द्वारा सिंगरौली परिक्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के लाभार्थी बनेंगे। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के परिचालन से प्रारम्भिक बीमारियों के निदान एवं उपचार के साथ साथ मातृ और शिशु स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। सभी मोबाइल मेडिकल यूनिट्स आवश्यक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित हैं एवं इनका संचालन प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स एवं चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा जिससे उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएँ ग्रामीण इलाकों में पहुंचेगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा स्वास्थ्य जांच, मातृ शिशु देखभाल, टीकाकरण, डायग्नोस्टिक सेवाएँ, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसे रोगों का परीक्षण, रेफेरल सुविधा, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं दवाओं का वितरण आदि सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम के आयोजन में सीएमएस एनसीएल डॉ विवेक खरे, सीएमएस एनएससी डॉ पंकज कुमार एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। गौरतलब है कि एनसीएल अपनी सीएसआर गतिविधियों से सिंगरौली परिक्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं में लगातार अपना योगदान दे रहा है।

# 10- 12 वर्षों से एक्सप्रेस वे से हो रही है टोल वसूली

अवधनामा संवाददाता

■ सर्विस रोड बनाना तो दूर , किसानों से किए वादे नहीं किए पूरे
■ किसानों के ट्रैक्टरों पर प्रतिबंध लगाना अन्याय: रामवीर सिंह तोमर

**बल्देव (मथुरा)।** यमुना एक्सप्रेस वे को बने हुए करीब 12 वर्ष हो चुके हैं। एक्सप्रेस वे बनाते समय किसानों को बड़े सब्जबाग दिखाए गए थे। लेकिन यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने दो दशक बाद भी किसानों से किए गए वादे पूरे नहीं किए हैं, ऊपर से एक्सप्रेस वे पर किसानों के ट्रैक्टरों को प्रतिबंधित करना किसानों के साथ अन्याय है, यह कहना है भाकियू चढ़ूनी के मंडल अध्यक्ष प्रदेश प्रवक्ता रामवीर सिंह तोमर का। उन्होंने कहा 10-12 वर्षो से एक्सप्रेस वे से टोल वसूली हो रही है लेकिन यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण ने सर्विस रोड तक पक्के नहीं कराए हैं। प्राधिकरण पहले सर्विस रोड बनाए उसके बाद ट्रैक्टरों को प्रतिबंधित करे। भाकियू चढ़ूनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान, जिला अध्यक्ष संजय पराशर ने कहा कि ट्रैक्टरों को ही हादसे का कारण मान लेना पूरी तरह गलत है, उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के फैसले को सहन नहीं किया जायेगा, और विरोध किया जायेगा। एक्सप्रेस वे पर हादसों को रोकना है तो वाहनों की स्पीड और दूसरे कारणों पर जाना होगा। उन्होंने कहा कि सर्विस रोड़ों को बनाना, उस पर रोशनी की सुविधा करना तो दूर किवली बबूल से लोगों का जीवन असुरक्षित हो गया है। अंडर पास बरसात के दिनों में पानी और कीचड़ से अटे पड़े रहते हैं। किसान अपने खेतों में दूसरी तरफ कैसे जाए ये गंभीर समस्या आज तक बनी हुई है। किसानों के सिर पर होकर जा रहा एक्सप्रेस वे से क्षेत्रीय किसानों को किसी तरह का कोई फायदा नहीं हुआ है। न तो एक्सप्रेस वे पर किसान चढ़ सकता है और न उसके सहारे कोई दुकान मकान बना सकता है यहां तक कि रोजी रोटी के लिए कोई छोटी मोटी दुकान ढाबा तक नहीं खोल सकता।

# दमकती-बेदाग त्वचा पाने के लिए लगाएं ये जेल होममेड फेस पैक, मिलेगा गजब का निखार



हम सभी हेल्दी और ग्लोइंग स्किन पाना चाहते हैं। लेकिन गर्मियों में पसीने की चिपचिपाहट किसी को पसंद नहीं होती है। ऐसे में गर्मियों में हम सभी ऐसा स्किन प्रोडक्ट चाहते हैं, जो हमारी त्वचा को ठंडक पहुंचाने के साथ ही एक्स्ट्रा तेल को भी रोक लें। हालांकि गर्मी के मौसम में स्किन केयर के लिए बाजार में आपको बहुत सारे प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे। लेकिन इनमें केमिकल की मात्रा भी होती है। ऐसे में आप गर्मियों में त्वचा की चिपचिपाहट को कम करने के लिए नेचुरल तरीके अपना सकते हैं। ऐसे में ऑयली स्किन की समस्या से बचने के लिए हम आपको तीन जेल फेस मास्क के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप आसानी से घर पर बनाकर अपने फेस पर अप्लाई कर सकती हैं।

***एलोवेरा और पपीते का फेस पैक सामग्री***

एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

पपीते का पल्प- 1 छोटा चम्मच

विटामिन-ई कैप्सूल- 1

ऐसे बनाएं फेस पैक

एक कटोरी में एलोवेरा जेल, पपीते का पल्प और विटामिन-ई कैप्सूल निकाल लें। अब इस मिश्रण को अपने फेस पर 25 मिनट के लिए अप्लाई करें। फिर चेहरे को पानी से धो लें। आप रोजाना दिन में एक बार इस फेस पैक को लगा सकती हैं। इससे आपकी स्किन पर सीबम का प्रोडक्शन कम होता और फेस पर एक्स्ट्रा ऑयल भी नहीं बनेगा। वहीं अगर आपकी त्वचा ग्लोइंग नहीं है और दाग-धब्बे हैं, तो यह इन समस्याओं को भी दूर करने में कारगर है।

***चिया सीड्स और केले का फेस पैक सामग्री***

चिया सीड्स- 1 छोटा चम्मच

केले का पल्प- 1 बड़ा चम्मच

***ऐसे बनाएं फेस पैक***

सबसे पहले चिया सीड्स को रातभर के लिए पानी में भिगो दें। फिर अगली सुबह इन्हें पानी से निकाल लें और इसमें केले का पल्प मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने फेस पर अप्लाई करें और फिर 20 मिनट बाद नॉर्मल पानी से चेहरा साफ कर लें। दिन में एक बार इस फेस पैक को लगाने से आपको जल्द ही अच्छा रिजल्ट देखने को मिलेगा। बता दें कि यह एक एंटी एजिंग फेस पैक है। जो आपकी स्किन में कसाव लाता है।

गुलाब जल और नींबू का फेस पैक सामग्री

नींबू के छिलके का जेल- 1 बड़ा चम्मच

गुलाब जल- 1 छोटा चम्मच

***ऐसे बनाएं फेस पैक***

सबसे पहले नींबू के छिलकों को अच्छे से उबाल लें, ताकि यह जेल के फॉर्म में आ जाएं। इसके बाद इसमें गुलाब जल मिक्स करें और फिर इसको अपने फेस पर अप्लाई करें। बता दें कि नींबू में विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा पायी जाती है। जो स्किन में आने वाली चिकनाहट को दूर करता है। आप सप्ताह में एक बार इस फेस पैक को लगाएं। आप चाहें तो नींबू के छिलके का जेल बनाकर इसको कांच की शीशी में भी स्टोर कर सकती हैं। इस फेस पैक को लगाने से आपकी स्किन पर गजब का ग्लो आएगा और साथ ही स्किन की रंगत भी निखर जाएगी।

# नाक पर मौजूद ब्लैकहेड्स को नेचुरल तरीके से करें रिमूव, घर पर आजमाएं ये सिंपल टिप्स

हम सभी अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाना चाहते हैं। जिसके लिए हम तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके बाद भी नाक पर ब्लैकहेड्स हो जाते हैं। बता दें कि आमतौर पर जिन लोगों की स्किन पोर्स बड़े होते हैं, उनको इस समस्या का सामना करना पड़ता है। कई बार ब्लैकहेड्स को रिमूव करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट से भी यह रिमूव नहीं होते हैं। ऐसे में आप कुछ घरेलू नुस्खों की मदद से नाक पर मौजूद ब्लैकहेड्स को आसानी से रिमूव कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ नेचुरल स्क्रब के बारे में बताने जा रहे हैं, इस स्क्रब को आप किचन में मौजूद कुछ चीजों की मदद से बना सकते हैं और आसानी से ब्लैकहेड्स को रिमूव कर सकते हैं। क्योंकि अगर आप लंबे समय तक ब्लैकहेड्स को रिमूव नहीं करते हैं, तो इससे आपकी त्वचा बं?स और पिंपल्स की समस्या हो सकती हैं।


***वॉलनट स्क्रब की सामग्री***

1 छोटा चम्मच अखरोट के छिलके का पाउडर

1 छोटा चम्मच शहद

***विधि***

अधिकतर लोग अखरोट के छिलको को फेंक देते हैं। लेकिन आपको बता दें कि अखरोट के यह छिलके आपके बहुत काम के हैं। इन छिलको को पीसकर पाउडर बना लें और फिर इस पाउडर को शहद में मिक्स कर नाक पर हल्के हाथों से रब करें। दो मिनट तक रब करने के बाद फेस को धो लें। इसके बाद नाक और उसके आस-पास के हिस्से को कॉटन के मुलायम कपड़े से दबाएं। ऐसा करने से ब्लैकहेड्स आसानी से रिमूव हो जाएंगे। ध्यान रहे कि आपको बहुत तेज स्क्रब नहीं करना चाहिए। क्योंकि इससे आपके नाक पर स्क्रैच आ सकते हैं।



***सूजी स्क्रब की सामग्री***

सूजी- 1 छोटा चम्मच

दही- 1 छोटा चम्मच

***विधि***

सूजी स्क्रब बनाने के लिए सूजी और दही को एकसाथ मिक्स कर लें और इससे अपनी नाक पर रब करें। 2-3 मिनट तक नाक पर इस स्क्रब को रब करने के बाद फेस वॉश कर लें। दही एक नेचुरल स्किन एक्सफोलिएटर होता है। इस स्क्रब का इस्तेमाल करने से डेड स्किन भी रिमूव हो जाएगी। लेकिन अगर आपकी त्वचा ड्राई है, तो आपको दही की जगह मलाई का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि अगर आप दही का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा ज्यादा ड्राई हो सकती है।

***कॉफी स्क्रब की सामग्री***

कॉफी पाउडर- 1 छोटा चम्मच

एलोवेरा जेल- 1 छोटा चम्मच

***विधि***

सबसे पहले एलोवेरा जेल में कॉफी पाउडर मिक्स करें और इससे नाक को स्क्रब करें। अब 2-3 मिनट तक स्क्रब कर नाक के ब्लैकहेड्स को साफ करें। फिर गर्म पानी में कॉटन बॉल्स को डिप करके नाक पर रखें। इसके बाद नाक की त्वचा को दबा दबाकर कॉटन के कपड़े से ब्लैकहेड्स को रिमूव कर सकती हैं। इससे आपको अधिक तकलीफ नहीं होगी। ध्यान रखें कि इस दौरान ज्यादा गर्म पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि अधिक गर्म पानी का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन झुलस सकती है और स्किन ड्राई हो सकती है।

# घर पर बनाएं क्रिस्पी और टेस्टी दही के शोले, नोट करें आसान रेसिपी

अगर आप के बच्चे भी घर पर रोजाना वही पुराना स्नैक्स खाकर बोर हो गए हैं, तो आप इस नई रेसिपी को घर पर जरुर ट्राई करें। घर पर आसानी से बनाएं टेस्टी और स्वादिष्ट दही के शोले। यह एक ऐसा स्नैक है दही की फिलिंग के साथ बनाया जाता है और यह खाने में बेहद ही मजेदार होता है। घर में एक बार इसे बना लिया तो आपके बच्चे बार-बार दही के शोले घर पर बनवाएंगे। चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।

***दही के शोले की सामग्री***

-दही - 800 ग्राम/ 5 कप

-प्याज कटा हुआ -3 बड़े चम्मच

-शिमला मिर्च, कटी हुई- 2 बड़े चम्मच

-अदरक कटा हुआ - बड़ा चम्मच

-हरी मिर्च कटी हुई - 1

-धनिया कटा हुआ - 2 बड़े चम्मच

-नमक स्वादानुसार

-काला नमक - छोटा चम्मच

-पनीर, कसा हुआ - कप

-भुना जीरा पाउडर- 2 चम्मच

काली मिर्च पाउडर - छोटा चम्मच

-सफेद ब्रेड - 26 स्लाइस

-तेल- तलने के लिए

***दही के शोले बनाने का तरीका***

- दही के शोले के लिए, दही को किसी छलनी या कपड़े में लटका कर कम से कम 4 घंटे के लिए रख दीजिए, ताकि दही का पानी निकल जाये और हमें गाढ़ा दही मिल जाए।

- हंग कर्ड में थोड़ा कटा हुआ प्याज, कटी हुई शिमला मिर्च, कटा हुआ अदरक, कटी हुई हरी मिर्च, कटा हरा धनिया, काला नमक, नमक, भुना जीरा पाउडर, काली मिर्च पाउडर और कसा हुआ पनीर डालकर अच्छी तरह मिला लें और यह मिश्रण तैयार है।

- अब दो ब्रेड स्लाइस लें और उसे बेलन की मदद से चपटा कर लें। फिर एक प्लास्टिक शीट लें और ब्रेड स्लाइस को शीट पर एक तरफ से दूसरे स्लाइस को ओवरलैप करते हुए रखें।

- अब इस मिश्रण को दूसरी ब्रेड स्लाइस के ऊपर तिरछा रखें और फिर ब्रेड को मोड़ दें। फिर दूसरी ब्रेड को भी मोड़ लें और प्लास्टिक शीट को टॉफी रैप की तरह रोल कर लें। सभी दही के शोले के साथ भी ऐसा ही करें।

- गरम तेल में बेले हुए दही के शोले को हल्का सुनहरा होने तक तल लीजिए।

-स्वादिष्ट और क्रिस्पी दही के शोले तैयार हैं। किसी भी प्रकार की चटनी या डिप के साथ आनंद लें!



# जवां स्किन पाने के लिए ऐसे करें खीरे का इस्तेमाल, मिलेगी निखरी और खिली त्वचा

हर मौसम में अपनी स्किन का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। वहीं समय के साथ ही स्किन में कई तरह के बदलाव होते हैं। जिनको एजिंग साइंस कहा जाता है। एजिंग साइंस की समस्या को कम करने के लिए स्किन केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। कई लोग मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट में कई केमिकल पाए जाते हैं, जो आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में आप घर में मौजूद खीरे की मदद से अपनी स्किन का खास ख्याल रख सकती हैं। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से खीरे की मदद से आप अपनी फेस की स्किन का ख्याल रख सकते हैं।



***जवां स्किन पाने के लिए फेस पर लगाएं ये चीजें***

खीरा

एलोवेरा जेल

फेस पर एलोवेरा जेल लगाने का फायदा

बता दें कि एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी पाया जाता है। जो आपकी त्वचा को भरपूर पोषण देता है।

ऐलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट गुण पाया जाता है, जो त्वचा को हाइड्रेट करता है।

इसमें मौजूद एंटी बैक्टीरियल तत्व स्किन को हर तरह के इंफेक्शन से बचाता है।

***खीरा लगाने का फायदा***

खीरे में एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होता है, जो आपकी स्किन को नमी देने का काम करता है।

खीरे में मौजूद तत्व हमारी त्वचा को डीप क्लीन करता है।

इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकता है।

***घरेलू उपाय***

जवां स्किन पाने के लिए एक बाउल में खीरे के छिलके निकाल लें और इसको अच्छे से पीस लें।

फिर ऐलोवेरा की पत्तियों में मौजूद जेल निकाल लें।

अब इन दोनों को अच्छे से मिक्स कर लें।

करीब 25 मिनट तक इसको अपने फेस पर अप्लाई करें।

फिर पानी और कॉटन की मदद से फेस साफ कर लें।

आप सप्ताह में 3 बार इस फेसपैक को लगा सकती हैं।

इस फेसपैक को लगाने से कुछ ही दिनों में आपकी स्किन जवां और निखरी नजर आएगी।

# ग्लोइंग स्किन पाने की है चाहत तो घर पर बनाएं नाइट क्रीम, मिलेगी खिली-निखरी त्वचा

हेल्दी और ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए स्किन का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। वहीं गर्मियों के मौसम में धूप-धूल और पसीने के कारण हमारी स्किन डार्क नजर आने लगती हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि हम अपनी त्वचा का सही से ध्यान नहीं रख पाते हैं। जिसके कारण स्किन पर खुजली और रेडनेस की समस्या हो जाती है। ऐसे में त्वचा को खूबसूरत और नेचुरली ग्लोइंग बनाने के लिए जरूरी होता है, हमारी स्किन अंदर से हेल्दी हो। ऐसे में स्किन केयर रूटीन जरूर फॉलो करना चाहिए।

जिससे कि पूरे दिन की थकान के बाद त्वचा रिलैक्स कर सके और आपकी स्किन हाइड्रेट रहे। ऐसे में अगर आप भी अपनी त्वचा को ग्लोइंग और खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक नाइट क्रीम के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसको आप घर पर नेचुरल चीजों के इस्तेमाल से बनाकर तैयार कर सकती हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि इसका किस तरह से इस्तेमाल करना चाहिए।

***नाइट क्रीम सामग्री***

ओट्स- 2 चम्मच

नींबू का छिल्का

फ्लैक सीड्स- 1 चम्मच

एलोवेरा जेल- 1 चम्मच

एसेंसिशयल ऑयल- 3 से 4 बूंदे

कॉटन का कपड़ा



बनाने का तरीका

इस क्रीम को बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में फ्लैक सीड्स और ओट्स को डालें।

फिर एक कप पानी डालकर नींबू के छिलके को पैन में डाल दें और इसको गैस पर चढ़ा दें।

अब पानी को तब तक पकाएं, जब तक यह पानी एकदम गाढ़ा न हो जाए।

फिर जब पानी गाढ़ा हो जाए, तो इसको कॉटन के कपड़े से छान लें।

अब इसको एक कटोरी में निकालकर इसमें एलोवेरा जेल मिक्स कर लें।

साथ ही इसमें एसेंसिशल ऑयल भी मिला लें।

अब आपकी क्रीम बनकर तैयार है, इसको एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें।

***ऐसे करें इस्तेमाल***

नाइट क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले फेस को अच्छे से साफ कर लें। इसे अप्लाई करने के दौरान आपके चेहर पर मेकअप नहीं होना चाहिए।

नाइट क्रीम से फेस पर मसाज करें, जिससे कि यह आपकी त्वचा में अच्छे से एब्जॉर्व हो सके।

नाइट क्रीम को पूरी रात अपने फेस पर लगा रहने दें। वहीं सुबह इसको साफ कर लें।

रोजाना नाइट क्रीम का इस्तेमाल करने से एंटी-एजिंग की समस्या दूर होगा और आपकी त्वचा हाइड्रेट लगेगी।

# कच्चे आलू से बनेगा मस्त कुरकुरा टेस्टी डोसा, नोट करें आसान रेसिपी

साउथ इंडियन स्टाइल का डोसा तो आप सभी ने खूब खाया होगा। दक्षिण भारत का डोसा पूरे देश में काफी फेमस है। इसे खाने का एक अलग ही स्वाद होता है। लेकिन आज हम आपको एक नए स्टाइल के डोसा की रेसिपी बता रहे हैं। वैसे आलू तो सबसे पसंदीदा है। सब्जियों का राजा आलू की मदद से हम आपको मस्त कुरकुरा टेस्टी आलू डोसा की रेसिपी बताएंगे। इसे एक बार बनाने के बाद आप घर में आलू का डोसा बार-बार बनाएंगे। चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।



***कच्चे आलू डोसा की सामग्री***

**बेटर के लिए**

-1 कप सूजी

-2 बड़े चम्मच मैदा

-1 चम्मच नमक

-2 मध्यम आकार के आलू या 1 बड़े आकार का आलू

-1/2 छोटा चम्मच जीरा

-2 हरी मिर्च

-1 इंच अदरक

-1/2 कप दही

-1/2 कप पानी

- तिल का तेल (खाना पकाने के लिए)

- 1/4 छोटा चम्मच बेकिंग सोडा

***चटनी के लिए***

-1/2 कप ताजा नारियल

-1 इंच अदरक

-1/2 छोटा चम्मच जीरा

-2 बड़े चम्मच दही

-3 - 4 हरी मिर्च

-2 बड़े चम्मच भुना हुआ चना

-1/2 नमक

-धनिए के पत्ते

-आवश्यकतानुसार पानी

***तड़का के लिए***

-2 बड़े चम्मच टाटा बस बेहतर कोल्ड प्रेस्ड तिल का तेल

-1/2 छोटा चम्मच उड़द दाल

-1 चम्मच सरसों के बीज

-2 सूखी लाल मिर्च

-करी पत्ते

***कच्चे आलू का बैटर बनाने का तरीका***

- एक मिक्सर जर में सूजी लें और उसमे मैंदा लें, साथ ही में नमक डाले और ग्राइड कर लें।

- 2 बड़े आलू लें छोटा कट करके मिक्सी में डालें इसमें आधा चम्मच जीरा, 2 हरी मिर्च और अदरक डालें, बिना पानी डालें इसे पीस लें। जब आलू फाइन हो जाए तब उसी मिक्सर जर में दहीं डालें और आधा कप पानी डालकर मिक्सी को चला लें।

- इसके बाद आप आलू के बैटर को सूजी के मिक्सर से मिला लें। ध्यान रखें कोई लम्स न हो। और आपका बैटर तैयार है।

***चटनी बनाने का तरीका***

- मिक्सर जर में आप आधा कप ताजा नारियल, 2-3 हरी मिर्च और भूने चना डालें। इसमें जीरा, हरा धनिया, दही और आधा चम्मच नमक और अदरक डालकर इसे ग्राइड कर लें।

-जब दरदरा पेस्ट बन जाए उसमें ऊपर पानी डालें फिरसे मिक्सी को चला दें और चटनी तैयार है।

- तड़का लगाने के लिए आप तिल के तेल को गर्म कर लें। अब इसमें उड़द की दाल डालें। दाल पका लें, इसके बाद सरसों के बीज डालें, 2 सूखी लाल मिर्च और करी पत्ता डाल दें। इसके बाद इस तड़के को चटनी के ऊपर डाल दें।

***डोसा बनाने का तरीका***

- रखे हुए बैटर में थोड़ा-सा सोड़ा डाल लें और थोड़ा ही पानी डालें गढ़ा बैटर पतला हो जाएगा। डोसा बनाने से पहले आप तवा पर प्याज को रगड़ दें इससे डोसा चिपकेगा नहीं।

-पानी छिड़कने के बाद तवा साफ करके बैटर को तवा पर फैलाना है।

- इसे हल्के हाथ से फैलाएं और ऊपर से तिल का तेल डालें और गैस का मीडियम पर रखें।

-आपका मजेदार कुरकुरा आलू का डोसा तैयार है।

# महंगे क्लीनर पर पैसे खर्च करने की क्या जरूरत, जब नींबू का छिलका चमका सकता है आपका घर

हम सभी अपने घर को साफ-सुथरा और चमचमाता हुआ देखना चाहते हैं और इसके लिए मार्केट में मिलने वाले महंगे-महंगे क्लीनर पर पैसे खर्च करने से भी गुरेज नहीं करते हैं। लेकिन ये क्लीनर ना केवल आपकी जेब पर अतिरिक्त बोझ डालते हैं, बल्कि इनमें कई तरह के केमिकल्स का इस्तेमाल भी किया जाता है, जो कहीं ना कहीं आपको काफी नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप एक बजट फ्रेंडली और नेचुरल तरीका अपनाएं। इसके लिए नींबू के बेकार समझे जाने वाले छिलकों की मदद ली जा सकती है। नींबू के छिलके एक बेहतरीन क्लीनर साबित हो सकते हैं। आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से काम में ला सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-



नींबू के छिलके से बनाएं क्लीनिंग स्क्रब

आप नींबू के छिलकों को बतौर क्लीनिंग स्क्रब भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप उन्हें धूप या ओवन में तब तक सुखाएं, जब तक कि वे क्रिस्पी ना हो जाएं। अब आप स्क्रब बनाने के लिए उन्हें बारीक पीस लें। अब इस पाउडर को बेकिंग सोडा और थोड़े से पानी के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें। आप इस पेस्ट का इस्तेमाल सिंक, नल और बाथटब के दाग आदि को क्लीन करने के लिए कर सकते हैं।

***नींबू के छिलके और सिरके से बनाएं क्लीनर***

आप नींबू के छिलकों की मदद से एक बेहतरीन क्लीनर तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप नींबू के छिलकों से एक कांच का जार भरें। छिलकों पर सफेद सिरका डालें जब तक कि वे पूरी तरह से डूब न जाएं। जार को सील करें और इसे 1-2 सप्ताह तक ठंडी, अंधेरी जगह पर रखें। अब इसे छानकर एक स्प्रे बोतल में डालें। उतनी ही मात्रा में पानी डालकर इसे डायलूट करें। आपका क्लीनर तैयार है। आप इसे काउंटरटॉप, कांच और स्टेनलेस स्टील जैसी सतहों को साफ करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

***माइक्रोवेव को करें क्लीन***

अगर आपके घर में माइक्रोवेव है तो आप उसे क्लीन करने के लिए नींबू के छिलकों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप नींबू के छिलकों को पानी से भरे माइक्रोवेव-सेफ बाउल में रखें। 3 मिनट के लिए हाई पर माइक्रोवेव करें, जिससे भाप माइक्रोवेव के अंदर जमी गंदगी को नरम कर दे। अब इसे साफ करने के लिए अंदर के हिस्से को नम कपड़े से पोंछें।

# लिव-इन में रहने के लिए करवाना होगा रजिस्ट्रेशन

## माता-पिता को होगी पूरी जानकारी

**वायरस**

माता-पिता की अनुमति के बाद ही लिव इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा

एजेंसी



**देहरादून।** उत्तराखंड के लिए 12 जुलाई का दिन बेहद खास रहा। सरकार की ओर से समान नागरिक संहिता की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई है।

देहरादून के राज्य अतिथि गृह एनेक्सी में समान नागरिक संहिता को लेकर पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता की पूरी रिपोर्ट शुक्रवार को सार्वजनिक कर दी गई है। आम लोगों के लिए शाम से यूसीसी की पूरी रिपोर्ट उपलब्ध हो जाएगी, आम जनता अब इस रिपोर्ट को पढ़ सकती है। सरकार ने रिपोर्ट को पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

उत्तराखंड सरकार ने इससे पहले रिपोर्ट के मुख्य अंश ही जारी किए थे। लेकिन, शुक्रवार शाम पूरी रिपोर्ट आम लोगों के लिए उपलब्ध हो जाएगी। जिसके बाद कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट को वेबसाइट पर जाकर देख सकता है।

उन्होंने कहा कि लिव इन रिलेशनशिप' में रहने वाले कपल को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए लड़का-लड़की के माता-पिता को भी सूचना सरकार की ओर से दी जाएगी। माता-पिता की अनुमति के बाद ही लिव इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन का उद्देश्य प्रोटेक्शन देना है, किसी की प्राइवेसी भंग नहीं होगी। रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को रुल में भी रखा जाए। 18 से 21 साल के बीच का उम्र परिपक्व नहीं होता है और प्रोटेक्शन की जरूरत है।

दरअसल, उत्तराखंड की धामी सरकार ने 27 मई 2022 को यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी बनाई थी। रिटायर्ड जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने 43 जनसंवाद कार्यक्रम और विभिन्न माध्यमों से 2.33 लाख लोगों से यूसीसी के लिए सुझाव लिए थे। इसके बाद 2 फरवरी, 2024 को कमेटी ने सरकार को यूसीसी की रिपोर्ट सौंपी।

कमेटी की ओर से रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद मुख्यमंत्री धामी ने 7 फरवरी को यूसीसी के ड्राफ्ट को विधानसभा के पटल पर रखा। इसे विधानसभा में ध्वनि मत से पास कर दिया गया। इसके बाद उत्तराखंड यूसीसी को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। विधेयक को कानून बनाने के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा गया और फिर 11 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यूसीसी विधेयक को मंजूरी दे दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अक्टूबर माह में इसे उत्तराखंड में लागू करने का ऐलान किया है।

# नकारात्मक राजनीति वाले मनाएंगे संविधान हत्या दिवस, इसमें आश्चर्य कैसा : प्रियंका गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने के केंद्र सरकार के फैसले पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने निशाना साधा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा, भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। जिन्होंने संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाले संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा?



वहीं कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र सरकार के इस फैसले पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि संविधान बदलने की भाजपा की साजिश नाकाम हो गई है और इस देश की जनता ने उनके साजिश का पर्दाफाश कर दिया है। इस तरह की हरकतें हार की झुंझलाहट और ध्यान भटकाने की नाकाम कोशिश मात्र है। जब बात अग्निवीर पर होनी चाहिए, मणिपुर पर होनी चाहिए, बेरोजगारी पर होनी चाहिए, महंगाई पर होनी चाहिए तो ये सरकार बात 50 साल पहले की करेगी। अगर ऐसा ही है तो क्यों न हर दिन इस देश में रोजगार हत्या दिवस, किसान हत्या दिवस, महिला सुरक्षा हत्या दिवस मनाया जाए?

केंद्र सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया है। हर साल 25 जून को देश उन लोगों के महान योगदान को याद करेगा, जिन्होंने 1975 के इमरजेंसी के अमानवीय दर्द को सहन किया था।

25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने को लेकर भारत सरकार की ओर से एक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

**क्विक न्यूज**

### झारखंड सीएम हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ की सुनीता केजरीवाल से मुलाकात

**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पहुंचे और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के साथ भी मुलाकात की थी। जेल से बाहर आने के बाद उनकी यह पहली मुलाकात थी। दरअसल हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामले में 31 जनवरी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्होंने ईडी की हिरासत में रात साढ़े आठ बजे राजभवन पहुंचकर सीएम पद से इस्तीफा दिया था। 1 फरवरी को उन्हें न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेजा गया था। बाद में, झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद 28 जून को उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। उसके बाद उन्होंने फिर से सीएम पद की शपथ ली।

### तीर्थयात्रियों से भरी बस ने ट्रक को मारी टक्कर, तीन की मौत

**ओडिशा।** ओडिशा के मयूरभंज जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। हैदराबाद से बिहार जा रही तीर्थयात्री बस दुर्घटना का शिकार हो गई। इस भयंकर हादसे में तीन लोगों की दुखद मौत हो गई, जबकि 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में घायल सभी पीड़ितों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार, बस 23 तीर्थयात्रियों को हैदराबाद से लेकर बिहार के गया के लिए रवाना हुई थी। शनिवार को तड़के सुबह बस ओडिशा जिले के बारीपदा एनएच-18 हाईवे पर पहुंची। बेतनोटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बूढ़ीखमार चौक के पास एक ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी, जिसे तेज रफ्तार से आ रही टूरिस्ट बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

# बंगाल में सेप्टिक टैंक से शराब बनाने का समान निकालते वक्त हादसे में 3 की मौत

एजेंसी

**पश्चिम मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले के डेबरा ब्लॉक के चक्रधवल्लव गांव में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। जहां, सेप्टिक टैंक से शराब बनाने के लिए कच्चा माल निकालते समय एक नाबालिग समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान सूजन सारेन (16), बदीनाथ हेम्ब्रम (55) और बापी बास्के (45) के रूप में की गई है।

सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, चक्रवल्लभपुर के रहने वाले रवि हेमाराम अपने घर में शराब बनाने का कारोबार करता था। इसके लिए वह कच्चे माल से लेकर शराब बनाने वाले उपकरण को घर के पीछे बने सेप्टिक टैंक में रखता था।

स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार सुबह शराब बनाने के लिए कच्चा माल और उपकरण निकालने के लिए सुजान सारेन सेप्टिक टैंक में उतरा। टैंक में उतरने के बाद जब वह बाहर नहीं निकला तो उसके परिवार के दो और लोग सैप्टिक टैंक में घुसे और वे भी अंदर ही रह गए।

इसके बाद डेबरा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों लोगों को बाहर निकालकर इलाज के लिए डेबरा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पहले तो ये मामला सामान्य लग रहा था, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि टैंक में शराब बनाने का सामान रखा हुआ था।

पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# सीएम केजरीवाल की सेहत पर संजय सिंह ने जताई चिंता

## बोले- उनका वजन 8.5 किलो गिरा, ये गंभीर बीमारी का संकेत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा और उसकी केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है, जिनका वजन जेल में रहने के दौरान 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे पांच बार जा चुका है। सिंह के दावों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, उनकी स्वास्थ्य स्थिति ऐसी है कि अगर उन्हें जल्द जेल से बाहर नहीं लाया गया और इलाज नहीं किया गया तो उनके साथ कोई भी गंभीर घटना घट सकती है।



उन्होंने कहा कि जब 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था, जो कम होकर 61.5 किलोग्राम रह गया है। सिंह ने दावा किया कि उनका वजन लगातार घटने का कारण अज्ञात है, क्योंकि कोई जांच नहीं हुई है। सिंह ने कहा कि वजन घटना किसी गंभीर बीमारी का संकेत है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल का परिवार, %आप' और उनके शुभचिंतक जेल में उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंतित हैं। सिंह ने आरोप लगाया, भाजपा और केंद्र की उसकी सरकार का मकसद उन्हें जेल में रखना और उनके जीवन से खेलना है। वे साजिश रच रहे हैं ताकि उन्हें कुछ गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कारण वह अभी भी जेल में हैं।

# मुंबई में अखिलेश यादव ने की पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक

एजेंसी

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के बाद अब कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे लेकर राजनीतिक दल अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में अखिलेश यादव ने मुंबई में एक अहम बैठक की।

सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को मुंबई में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान महाराष्ट्र विधानसभा और बीएमसी चुनाव पर चर्चा की गई। अखिलेश यादव ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारी पार्टी एमवीए गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी। लेकिन, यदि समाजवादी पार्टी को नज़रअंदाज़ किया गया, तो फिर सपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा और महानगरपालिका चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए अखिलेश यादव ने गठबंधन में या फिर अकेले चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए संगठन को बूथ स्तर तक तैयार रहने के लिए कहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पूरे जोश के साथ 19 जुलाई को मुंबई में होने वाले सभी सपा सांसदों के स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक से पहले अखिलेश यादव शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी में शामिल हुए। इस दौरान अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी लोकसभा सीट से सांसद डिंपल यादव भी मौजूद रहीं।

बता दें कि महाराष्ट्र में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे, इसे लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव के मद्देनजर महा विकास आघाडी और महायुति गठबंधन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

# रूस के किस बयान से यूरोपीय कमीशन को दिखाई देने लगे दिन में तारे

एजेंसी

**पैराग्वे।** रूस से नार्ड स्ट्रीम 1 के द्वारा यूरोप को होने वाली गैस सप्लाई रुक जाने से यूरोप के सामने संकट खड़ा हो गया है। पहले जर्मनी ने इस पर अपनी चिंता जताई थी, लेकिन अब यूरोपीय कमीशन को भी दिन में तारे दिखाई देने लगे हैं। दरअसल, रूस द्वारा यूरोप को गैस सप्लाई के लिए बिछाई गई नार्ड स्ट्रीम 1 पाइपलाइन में दिक्कत आ गई है। इसके चलते इसकी मरम्मत का काम चल रहा है। ये मरम्मत का काम करीब 10 दिनों तक चलना है। इसके बाद भी यूरोप को रूस गैस सप्लाई शुरू करेगा, इसको लेकर भी कुछ साफ नहीं है। रूस कह चुका है कि यूरोप को होने वाली गैस सप्लाई उनके द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को खत्म करने पर निर्भर करती है। पश्चिमी देश ऐसा चाहेंगे तो रूस की तरफ से स्थिति सामान्य की जा सकेगी। रूस की तरफ से आए इस बयान ने भी यूरोप की घंटी बजा दी है।



इस बीच यूरोपीय कमीशन ने सभी सदस्य देशों से ये अपील की है कि वो अपने दफ्तरों पर लगे कूलिंग प्लांट का उपयोग कम करें। इतना ही नहीं कमीशन की तरफ से ये भी कहा गया है कि आफिसों को 19 डिग्री सेल्सियस के तापमान से कम न किया जाए। यूरोप में भविष्य में होने वाली गैस की किल्लत और मौजूदा समय की परेशानी को देखते हुए ये अपील की गई है। यूरोपीय कमीशन की तरफ से जारी दस्तावेज में साफतौर पर गैस की कमी का जिक्र किया गया है।

इस दस्तावेज में ये भी कहा गया है कि इमारतों के तापमान को एयर कंडीशन के जरिए 25 डिग्री सेल्सियस से कम न किया जाए। ये अपील न सिर्फ सरकारी दफ्तरों के लिए की गई है बलिक इसमें सभी तरह की इमारतों का जिक्र किया गया है। इसमें साफतौर पर कहा गया है कि यदि आज इसकी बचत कर लेंगे तो इसका इस्तेमाल सर्दियों में किया जा सकेगा। यूरोपीय कमीशन की तरफ से कही गई ये लाइनें अपने आप में काफी खास हैं।

आपको बता दें कि यूएन प्रमुख एंटोनियो गुतारेस ने यूक्रेन का दौरा करने के समय कहा था कि यहां के लोगों को सर्दियां काटना और मुश्किल हो सकता है। उनका इशारा केवल वहां पर हो रहे रूस के हमलों से नहीं था बल्कि रूस की तरफ से आ रही गैस सप्?लाई की तरफ भी था। उनके बयानों में आने वाले दिनों में गैस की कमी से बढ़ती चिंताओं की आशंका साफतौर पर दिखाई दी थी। इसके अलावा जर्मनी की एनर्जी कंट्रोलिंग एजेंसी ने गैस की कमी पर चिंता पहले ही जता चुकी है। यूरोप में ये संकट रूस-यूक्रेन युद्ध से अधिक गहराया है।

### इस्राइल ने गाजा पट्टी में हमला कर मचाई तबाही, 71 लोगों की मौत, 290 से अधिक लोग घायल

**इजराइल।** इजराइल और हमास के बीच हो रही जंग के दौरान गाजा में हालात बदतर हो गए हैं। इजराइल ने एक बार फिर से गाजा पट्टी पर भीषण हमला किया है। जानकारी के अनुसार इस हमले में 71 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 290 लोग घायल हो गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी है। इस घटना को लेकर हमास के एक अधिकारी ने इजराइल पर योजनाबद्ध तरीके से लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया है। हमास सरकार मीडिया कार्यालय के महानिदेशक इस्माइल अल-थवाब्ता ने दावा किया कि इजराइली सेना ने पूर्वी गाजा शहर में हजारों फलिस्तीनियों को पश्चिमी और दक्षिणी इलाकों में जाने के लिए निर्देशित किया और उनके पहुंचने पर उन पर गोलियां चला दीं।

# इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमास की मिलिट्री साइट पर दागे राकेट

**व्यवहार**

अपने वार प्लेन के बचाव में किया हमला

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजरायल ने एक बार फिर से गाजा पट्टी स्थित हमास के ठिकाने पर राकेट से हमला किया है। इस बार ये हमला आतंकी संगठन हमास के मिलिट्री साइट पर किया गया है। इजरायल ने इस पर अपनी सफाई देते हुए कहा है कि उनका वार प्लेन इस इलाके में फंस गया था। इजरायल का कहना है कि जहां पर उन्होंने राकेट से हमला किया है वो दरअसल एक वेपंस मैन्युफेक्चरिंग फेसेलिटी सेंटर है।

एएफपी की रिपोर्ट में कहा गया है कि ये जगह हमास से जुड़ी है और यहां पर एक अंडरग्राउंड काम्प्लैक्स में राकेट बनाने के लिए सामान एकत्रित किया जाता है। इससे पहले गाजा की तरफ से हमास ने इजरायल पर राकेट से हमला किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमले की आवाज से यहां के लोगों जग गए। स?थानीय लोगों के मुताबिक इजरायल ने करीब दर्जन भर राकेट इस इलाके के अलग-अलग हिस्से पर दागे। अलजजीरा ने हमास के प्रवक्ता के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति बाइडन के जाने के बाद इजरायल द्वारा की गई ये कार्रवाई हैरानी का विषय नहीं है। ये बताता है कि इजरायल को अमेरिका का पूरा समर्थन हासिल है। यही वजह है कि इजरायल लगातार गाजा पर हमले करता रहा है।



गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले फलस्तीन और इजरायल के राष्ट्रपतियों के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। इस बातचीत में दोनों ही नेता क्षेत्र में शांति स?थापित करने के लिए विकल्पों को तलाशने पर भी राजी हुए थे। फलस्तीन की तरफ से कहा गया था कि वो इस समूचे क्षेत्र में शांति चाहते हैं। इजरायल ने भी इस पर अपनी सहमति दी थी।

बता दें कि इजरायल ने हमला अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के यहां से जाने के बाद किया है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति एक दिन पहले ही अपने मिडिल ईस्ट का दौरा खत्म कर वापस स्वदेश लौटे हैं। इजरायल के अलावा वे सऊदी अरब भी गए थे। उनके इस दौरे के बाद ही सऊदी अरब ने इजरायल के लिए पूरी तरह से अपना एयर स्पेस खोलने का एलान किया था। अपने इस दौरे में बाइडन ने सऊदी अरब से जमाल खाशोगी के किसी भी परिवारिक सदस्य के खिलाफ कोई भी गलत कदम न उठाने की चेतावनी भी दी है।

# वेस्ट नाइल बुखार तेजी से पसार रहा पांव, मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हुई

एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायल में वेस्ट नाइल बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। देश में इस बुखार से 12 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। इसी के साथ मई की शुरुआत से अब तक मरने वालों की संख्या 31 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को 49 नए संक्रमण मामलों की सूचना दी। इसी के साथ देश में कुल मामलों की संख्या 405 हो गई, जो कि साल 2000 में 425 मामलों के वार्षिक रिकॉर्ड के करीब है। मंत्रालय ने इस बढ़ते रोग का कारण क्षेत्र में गर्म और ज्यादा आर्द्र मौसम को बताया है। यह मौसम मच्छरों के लिए अनुकूल है। मच्छर पक्षियों को काटते हैं, जिसके बाद ये इंसानों में वायरस फैलाते हैं। संक्रमित लोगों में से ज्यादातर बुजुर्ग शामिल हैं, जबकि बच्चों में भी इस वायरस का संक्रमण पाया गया है। अधिकांश लोगों में संक्रमणों में सर्दी के कोई लक्षण नहीं या हल्के लक्षण दिखाई देते हैं।



लेकिन कभी-कभी कुछ लोगों में गंभीर बीमारियां हो जाती हैं, जो तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती हैं।

इस हफ्ते की शुरुआत में इजरायल के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तामीर गोशेन ने न्यूज वेबसाइट को बताया था कि पिछले दो महीनों में 159 पक्षी वायरस से संक्रमित पाए गए, जबकि 2023 में केवल तीन पक्षियों में संक्रमण होंगे।

### जालंधर वेस्ट सीट पर फिर चला आप का झाड़ू, मोहिंदर भगत ने 37,325 मतों से हासिल की बड़ी जीत

**जालंधर।** जालंधर उपचुनाव में आप के उम्मीदवार मोहिंदर भगत 37325 वोटों से जीत गए हैं। भाजपा दूसरे स्थान पर, कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। मोहिंदर भगत को 55246 वोट मिले हैं। वहीं, कांग्रेस के सुरिंदर कौर को 16757, भाजपा के शीतल अंगुराल 17921, अकाली दल से सुरजीत कौर को 1242 व बीएसपी के बिंदर कुमार को 734 वोट मिले। जालंधर वेस्ट विधानसभा सीट शीतल अंगुराल के इस्तीफा देने के बाद खाली हुई थी। भाजपा ने उन्हें उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया था। मोहिंदर भगत की बड़ी जीत के बाद कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है।

# इमरान खान और बुशरा बीबी को बड़ी राहत

## गैर-इस्लामिक विवाह मामले में कोर्ट ने किया बरी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को गैर-इस्लामिक विवाह मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को बरी कर दिया। पिछले साल अगस्त से सलाखों के पीछे बंद इमरान खान फिलहाल इसी मामले के चलते अभी भी जेल में हैं।

8 फरवरी को पाकिस्तानी आम चुनाव से कुछ दिन पहले इस्लामाबाद की एक अदालत ने बुशरा बीबी के पूर्व पति, खावर फरीद मनेका की शिकायत के आधार पर बुशरा और इमरान खान को दोषी ठहराया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व प्रथम महिला की इद्दत अवधि के दौरान शादी का अनुबंध किया था।

गौरतलब है कि इस्लाम में कोई महिला तलाक या अपने पति की मृत्यु के चार महीने पूरे होने से पहले दोबारा शादी नहीं कर सकती है। दंपति ने सजा को राजधानी इस्लामाबाद की एक जिला और सत्र अदालत में चुनौती दी थी, जहां अतिरिक्त न्यायाधीश अफजल मजोका ने मामले की सुनवाई की। न्यायाधीश ने दिन की शुरुआत में फैसला सुरक्षित रखने के बाद दोपहर में फैसले की घोषणा की और खान 71 और बुशरा को बरी कर दिया। न्यायाधीश ने उनकी अपील स्वीकार करने के बाद कहा, अगर वे किसी अन्य मामले में वांछित नहीं हैं, तो पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और बुशरा बीबी को तुरंत जेल से रिहा किया जाना चाहिए।'



हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं था कि उन्हें रिहा किया जाएगा या नहीं। यह एकमात्र मामला था, जिसके लिए तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा निलंबित होने और सिफर मामले में बरी होने के बाद खान जेल में थे। क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा सुनाए जाने और उसके बाद 8 फरवरी के चुनावों से पहले अन्य मामलों में सजा सुनाए जाने के बाद पिछले साल अगस्त से सलाखों के पीछे हैं।

### दर्दनाक हादसा- दो मंजिला स्कूल की इमारत गिरी, 22 लोगों की मौत- 132 घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य पठारी राज्य में दो मंजिला स्कूल की इमारत गिरने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 132 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जोस शहर में एक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, निजी स्वामित्व वाली सेंट अकादमी की इमारत उस समय ढह गई जब छात्र शुक्रवार सुबह एक प्रचार परीक्षा दे रहे थे। इमारत में कई कक्षाएँ और कार्यालय थे। पठारी राज्य में सूचना एवं संचार आयुक्त मूसा अशोम्स ने कहा कि बचाव दल ने शुक्रवार शाम तक कुल 154 लोगों को मलबे से बाहर निकाला, जिनमें 22 मृत शव और 132 लोग शामिल थे, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। पठारी गवर्नर कालेब मुतफवांग ने इस घटना को राज्य के लिए एक दुखद और एक बड़ी क्षति बताया और आपातकालीन सेवाओं पीड़ितों को मलबे से बाहर निकालकर बचाने के लिए मलबे को खोजने का आग्रह किया। एक अलग बयान में, नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनूबू ने कहा कि विनाशकारी विकास बहुत ही कष्टदायी था।

# महर्षि दयानंद धार्मिक एवं राजनीतिक स्वतंत्रता आंदोलन के उत्प्रेरक थेः शैलेंद्र

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** आज आर्य समाज रम्मन का पूरा, प्रयाग में महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती हवन प्रवचन के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य यजमान आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के मंत्री पंकज जयसवाल थे तथा मुख्य अतिथि के रूप में विधायक वाचस्पति ने भी हवन पूजन में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना ने किया और अतिथियों का स्वागत आर्य समाज के मंत्री रामसुरेमन आर्य दिलीप आर्य एवं निर्मल आर्य ने किया। इस अवसर पर प्रवचन कार्यक्रम में प्रकांड आर्य विद्वान अशर्फ़ीलाल शास्त्री, उमाशंकर शास्त्री एवं भजनोंप्देशिका संध्या आर्य ने उपस्थित सैकड़ों आर्य जनों को ऋषि दयानंद के विचारों से ओतप्रोत किया। अपने उद्बोधन में पूर्व सांसद व प्रधान आर्य समाज प्रयागराज शैलेंद्र कुमार ने ऋषि दयानंद को भारत के धार्मिक एवं स्वतंत्रता आंदोलन का उत्प्रेरक बताया। वहीं मुख्य यजमान पंकज जयसवाल ने ऋषि दयानंद जी की 200वीं जयंती को आगामी महाकुंभ मेले में बहुत ही भव्य रूप से आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। विधायक वाचस्पति ने कहा कि आज जो कुछ भी हम सब हैं वह आर्य समाज की देन है। संचालन करते हुए पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना ने आर्य समाज को निशुल्क दूध रूपी ज्ञान व संस्कार बाँटने वाला संगठन बताया जो भारत के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक उत्थान के लिए सतत् प्रयासरत रहता है। डॉक्टर अंबेडकर विचार मंच के भवनाथ पासवान जी ने गौतमबुद्ध ऋषिवर दयानंद एवं अंबेडकर जी को भारत के मूल निवासियों को मुख्यधारा में पिरोने वाली शृंखला बताया। महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती वर्ष समारोह में मुख्य रूप से दिनेश केसरवानी, पूर्व सभासद महेंद्र सिंह, चौक आर्य समाज के राधेश्याम आर्य, पी.एन.मिश्रा, ए.के.सिंह मुँडेरा, आर्य समाज के राजेंद्र कपूर, प्रमोद आर्य, संयुक्ता आर्य, मधुवीर आर्य, उर्मिला शर्मा, नीता आर्य, आर्य, नंदविशोर नंदू, शिवकुमार शर्मा, रामसिंह पासी, मनोज आर्य, मूलचंद बाबा, नरेंद्र आर्य, दिनेश आर्य, इंद्रदेव आर्य, कन्हाईलाल आर्य, सूर्यवीर आर्य, देवव्रत आर्य, रामखेलवन आर्य, बद्री प्रसाद दिलीप चाचा इन्दु आर्य, सूबेदार नायक केसकर, धर्मनारायण फ़ौजी, सूबेदार देवनारायण, महेंद्र पासी, राजकुमार विश्वकर्मा आदि आर्यजनों सहित महिलाओं व बच्चों की गरिमामई उपस्थिति रही।

# तेजी से बढ़ रहा गंगा और यमुना का जलस्तर



अवधनामा संवाददाता

**24 घंटे में बढ़ा डेढ़ मीटर पानी, गंगा का जलस्तर शनिवार सुबह पहुंचा 76.90 मीटर**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बारिश नहीं हो रही है लेकिन बाढ़ के खतरे का संकेत आने लगा है। अभी गंगा यमुना खतरे के निशान से लगभग 10 मीटर नीचे बह रही हैं, लेकिन बीते चौबीस घंटे में जिस गति से गंगा-यमुना का जल स्तर बढ़ रहा है उससे जुलाई महीने के अंत तक जल सतर के खतरे के निशान के आस-पास पहुंचने की संभावना है।

गंगा नदी आज शनिवार 13 जुलाई की सुबह आठ बजे गंगा का जलस्तर 76.90 मीटर पहुंच गया। यहां खतरे का निशान 84.73 मीटर है। यमुना नदी का जल स्तर 74.65 मीटर है हैं। जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है और सभी को खास कर तटीय इलाके में रहने वाले लोगों को सावधान रहने को कहा है।

प्रयागराज में बड़ी संख्या में तटीय इलाके में बने घरों में किराये के कमरे में छात्र रहते हैं। बाढ़ का पानी जब इन इलाकों में घुसेगा तो सबसे अधिक छात्र प्रभावित होंगे। इनमें हजारों की संख्या में छात्र अपना कमरा छोड़कर घर लौट जाते हैं, जबकि कुछ बाढ़ के बीच तीसरे चौथे पर रुक कर बाढ़ के खत्म होने का इंतजार करते हैं। कई सालों से तटीय इलाकें पानी से जलमग्न हो जाते हैं जिससे इन इलाकों में नाव चलाने की आवश्यकता पड़ जाती है।

## ऐतिहासिक तारा बाबू की मेहंदी शान ए शौकत के साथ उठाई गई

**प्रयागराज।** तारा बाबू की ऐतिहासिक मेहंदी 300 सालो से उठाई जा रही है और इस साल भी गज्जू बज्जू के इमामबाड़े से शानदार मेहंदी निकाली गई। मेहंदी को शीशे से नकाशी की गई थी। मेहंदी की खूबसूरती देखते ही बन रही थी। मेहंदी पर जब लाइट और फोकस पड़ रहा था तो ऐसा लग रहा था जैसे कोई हीरा चमक रहा हो। मेहंदी के उठते ही नारे, रिसालत या रसूल अल्लाह या अली या हुसैन के नारे लग रहे थे। इलाहाबाद में सबसे लंबा रास्ता तय करने वाली मेहंदी है जो बहादुरगंज, बतासा मंडी, गुड मंडी, लोकनाथ, कोतवाली, सेवई मंडी, नखास कोहना, शाहगंज थाना, अहमदगंज, रोशन बाग, होते हुए तारा बाबू की गली में रखा गया। इस दौरान जिया सिद्दीकी नियाजी, शमीम अंसारी, अनीस अहमद, सरफराज अहमद, जफर खान, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद महबूब डाबर, गुलाम नबी, मोहम्मद मेराज, इरशाद उल्ला, मोहम्मद शकील, आकीब पप्पू, उमर अली खान, मोहम्मद अकरम आदि हजारों लोग मेहंदी में शामिल हुए। कोतवाली क्षेत्र के एसीपी मनोज सिंह अपनी पूरी पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए थे।

# एसडीएम सदर के आदेश को लेखपाल ने दिखाया ठेंगा

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर आजमगढ़।** योगी आदित्यनाथ नाथ के आदेशों की हनक का असर प्रदेश के अन्य तहसीलों में भले ही दिखाई पड़ रहा होगा मगर आजमगढ़ के सदर तहसील में तनिक भर भी दिखाई नहीं पड़ रहा है जिसका जवलंत उदाहरण भटौरा के एक लेखपाल के कार्य गुजरी ने एक यादव परिवार की रातों की नींद हराम कर दिया है।एसडीएम सदर के आदेश के बावजूद भी लेखपाल ठेंगा दिखा रहा है। कब्जा पाने के लिए पीड़िता दर-दर की ठोकरे खा रहा है। खबर है कि राजेश यादव भटौरा अपनी माता के नाम मौजा भटौरा आराजी न.1789 से 20 कड़ी बैनामा लिया उसी बगल में नवरत्न यादव,अवधेश यादव की भी भुमि है। जिसमें पर दोनों पक्षों में कब्जे को लेकर बाद विवाद हुआ और 107,16 की कार्रवाई राजेश यादव पर कई बार किया गया। इसके साथ ही उपजिलाधिकारी न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन हुआ और उप जिलाधिकारी सदर ज्ञानचंद गुप्ता द्वारा समरजीय देवी को राजस्व, पुलिस को कब्जा दिलाने का आदेश दिनांक 20.7.2023 को पारित किया लेकिन लेखपाल अवनीश कुमार सिंह के गुड़ा गणित के तोगलकी फ़रमान ने यादव परिवार कि रातों की नींद हराम कर दिया है।राजेश यादव का आरोप है कि लेखपाल द्वारा सुविधा शुल्क की डिमांड की जा रही है और पैसा न देने पर कह रहे हैं कि ऐसे ऐसे एसडीएम के आदेश हमारे जेब में पड़े हुए हैं अब समय बताया कि उप जिलाधिकारी के आदेशों का कितना प्रतिशत लेखपाल पालन कर रहा है यह तो आने वाला समय निर्धारित करेगा।

# हज़रत अली असग़र के झूले की ज़ियारत को उमड़ा अक़ीदतमन्दों का सैलाब



हज़रत अली अकबर के ताबूत और दो विशाल अलम व हज़रत अली असग़र के झूले के साथ स्व मुस्तफा हुसैन के अज़ाख़ाने से अन्जुमन मोहाफिज़े अज़ा क़दीम ने नौहों और मातम की सदा बुलन्द करते हुए निकाला जुलूस

## बिसौना सादात में ज़ुलजनाह निकाल कर आग पर नंगे पैर चलते हुए क़मा व ज़न्जीरों का हुआ मातम

**प्रयागराज।** करैली क्षेत्र के बिसौना सादात में इमामबाड़ा क़दीम में शहादत ए इमाम हुसैन को याद करते हुए मौलाना इरशाद हुसैन लखनऊ ने ग़मगीन मसाएब पढ़ें। अन्जुमन ज़ुलफेक़ारिया के सदस्यों ने दहकते अंगारों पर नंगे पैर चल कर मातम किया तो तेज़ धार की छूरियों से लैस ज़ंजीरों से पुश्तज़नी कि तो सर पर क़मा का मातम किया। राजेन्द्र रघुवंशी, आबिश सुल्तानपुरी व सदफ हुसैन ने नौहा पढ़ा। शबीहे ज़ुलजनाह हज़रत क़ासिम की मेंहदी व ग़ाज़ी अब्बास का अलम जियारत को निकाला गया। शाहिद प्रधान की ओर से ठण्डे पानी व शर्बत की सबील लगाई गई।

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** रौशन बाग़ स्थित इमामबाड़ा स्व मुस्तफा हुसैन से छठवीं मोहर्रम का ऐतिहासिक जुलूस अक़ीदत व ऐहतेराम के साथ निकाला गया। नागरिक सुरक्षा के पूर्व डिप्यूटी वार्डेन नासिर ज़ैदी, वार्डेन व जुलूस आयोजक खुशनूद रिज़वी की सरपरस्ती में देर रात हज़रत अली असग़र के झूले, दो विशाल अलम, हज़रत अली अकबर के ताबूत का जुलूस निकाला गया।

अज़ाख़ाने में काज़िम अब्बास, अहमद जावेद कज्जन, ज़रग़ाम हैदर, ऐजाज़ हुसैन आदि ने ग़मगीन मर्सिया पढ़ा तो ज़ाकिरे अहलेबैत रज़ा अब्बास ज़ैदी ने शहादत का ग़मगीन तज़केरा किया।

बाद मजलिस शबीहे ताबूत हज़रत अली अकबर, हज़रत अली असग़र का झूला और दो विशाल अलम को गुलाब व चमेली के फूलों से सजा कर ज़ियारत को निकाला गया। अन्जुमन मोहाफिज़े अज़ा क़दीम दरियाबाद के नौहाख्वानो ग़ुलाम अब्बास नकवी व अन्य साथियों ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए जुलूस निकाला जो रौशनबाग़, बख्शी बाज़ार, मस्जिद क़ाज़ी साहब से मुड़ कर क़ाज़ी गंज स्थित इमामबाड़ा फूटा दायरा पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ।

जुलूस में नासिर ज़ैदी, खुशनूद रिज़वी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, पार्षद रमीज़ अहसन, ज़ाहिद भाई, शाने भाई, शादाब ज़मन, आसिफ रिज़वी, सादिक़ रिज़वी, आमिर रिज़वी, अली रज़ा रिज़वी, वसीम असग़र औन ज़ैदी, ज़ामिन हसन, शमीर ज़मन आदि शामिल रहे।

# मतदाता अभिनंदन में हुआ पौध रोपड़

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी लालगंज के लालगंज विधान सभा के पल्हना मंडल में विधान सभा लालगंज में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव रहे। जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि और गौरव का विषय है। की देश में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृव में केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा और एनडीए की सरकार बनी है।मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर देश व प्रदेश के मतदाताओं ने भाजपा के प्रति अपना समर्थन एवम् विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों और मनीषियों ने संकल्प लिया था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने का, सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को विकास की मुख्य धारा में लाने का, जो आज पूरा हो रहा है।जिस प्रकार से हमारे कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम करके पार्टी को वोट दिलाने का कार्य किया है निश्चित ही वो अभिनंदन के पात्र हैं। मैं अपने सम्मानित कार्यकर्ता साथियों को विश्वास दिलाता हूं कि मंडल से लेकर बूथ स्तर तक हमारे कार्यकर्ताओं की बात प्रशासन स्तर पे सुनी जाएगी तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं के माध्यम से क्षेत्र की जनता की सेवा होती रहेगी । पूर्व सांसद संगीता आजाद ने कहा कि 2024 के चुनाव में विपक्षियों द्वारा भ्रामक प्रचार किया गया कि भाजपा के लोग संविधान बदल देंगे, जबकि संविधान को इन्ही कांग्रेस के लोगों द्वारा कई बार बदला गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन, नरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह, रामनयन सिंह, मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह, रजनीकांत त्रिपाठी, राजेश सिंह, उमाकांत तिवारी, बृजेश राय, मयंक श्रीवास्तव, आदर्श राय, रजनीश जायसवाल, सौरभ कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

## भवम ने सेंट पीटर्स क्लब को हराया

**प्रयागराज।** भवम क्लब ने सेंट पीटर्स क्लब को 8 विकेट से हराकर तीन मैच की फ्रेंडशिप कप अंडर-19 क्रिकेट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। इस जीत में सानिध्य श्रीवास्तव की उम्दा गेंदबाजी (5.1-1-20-5) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में सेंट पीटर्स क्लब ने 24.1 ओवर में 138 रन (सचिन तिवारी 85, वीर प्रताप 15, सानिध्य श्रीवास्तव 5/20, सिद्धार्थ मिश्र 2/05) बनाये। जवाब में भवम क्लब ने 26.5 ओवर में दो विकेट पर 140 रन (रोशन कुशवाहा 50 नाबाद, बलजीत सरोज 37, शिवांश पाण्डेय 31 नाबाद, अमन पटेल 2/30) बना लिए। सानिध्य श्रीवास्तव को संजय पाल ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। मैच से पहले क्रिकेट कोच देवेश मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर विवेक सिंह, विजय त्रिपाठी, अनिल सिंह, विजय कुमार, मुकेश भारतीय आदि मौजूद रहे।

# सभी शिक्षक संघ आये एक बैनर तले

**15 जुलाई को संयुक्त मोर्चा डिजिटलाइजेशन के खिलाफ देगा ज्ञापन**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जनपद के सभी शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक नवदुर्गा मन्दिर सद्भावना पुल पर हुई। बैठक में प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सर्वसम्मति से शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा उ0प्र0 जौनपुर इकाई का गठन हुआ। बैठक में सभी संगठन के जनपदीय अध्यक्ष/महामंत्रीगण ने प्रतिभाग किया जो संयुक्त मोर्चा में प्रदेश स्तर में सम्मिलित हैं। बैठक को सभी शिक्षक संगठनों के अध्यक्ष/मंत्री ने संबोधित किया और प्रांतीय नेतृत्व द्वारा प्रदेश के लाखों-लाख शिक्षक कर्मचारियों के भावनाओं का सम्मान करते हुए संघर्ष के इस बेला पर ÷संयुक्त मोर्चा÷ के बैनर तले एकजुट होने के निर्णय की सराहना की। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रांतीय नेतृत्व के दिशानिर्देश के क्रम में ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में चल रहे आंदोलन के क्रम में संयुक्त मोर्चा जनपदीय इकाई आगामी 15 जुलाई सोमवार को अपराह्न 3:00 बजे मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से देगा। सनद रहे कि 08 जुलाई से शासन द्वारा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य किए जाने को लेकर शिक्षक संघ आंदोलनरत हैं। इसी क्रम में आंदोलन को और भी धार देने के लिए एवं शासन प्रशासन से आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए प्रदेश के शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक एवं कर्मचारी संगठनों ने आपस में मिलकर शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के नाम से एक बैनर के तले संघर्ष करने का ऐलान किया है। संयुक्त मोर्चा ने प्रांतीय स्तर पर सरकार से ऑनलाइन उपस्थिति आदेश को तत्काल निरस्त करने, परिषदीय शिक्षणेत्तर कर्मियों को 30 ईएल. हाफ डे सीएल, एंव प्रतिकर अवकाश प्रदान की जाए, समस्त शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए, वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण किया जाए, शिक्षा मित्र, अनुदेशकों को नियमित किया जाए व सम्मानजनक मानदेय दिया जाए, परिषदीय शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से दूर रखा जाए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित सिंह, डॉ0 अतुल प्रकाश यादव, सुशील उपाध्याय, चंदन सिंह, राममूरत यादव, अनिल यादव, सुधीर सिंह, लक्ष्मी नारायण तिवारी अरविंद यादव, संदीप यादव, राजेश यादव, रविन्द्र यादव, डॉ0 शैलेंद्र यादव, अशोक राजभर, अर्चना सिंह, एंव सतीश पाठक, मनीष सोमवंशी, बिकास सिंह, हवलदार, इंदु प्रकाश यादव, प्रेम नारायण चौरसिया, प्रवीण सिंह, सन्तोष बघेल, मनोज गुप्ता, सरोज सिंह, विशाल सिंह, राघवेंद्र सिंह, केके पांडेय, प्रमोद शुक्ला, नूपुर श्रीवास्तव, आराधना चौहान, मीरा कन्नौजिया, टीएन यादव, सुबाष सरोज, यशवंत सिंह, प्रभाकर, डॉ0 अखिलेश सहित संयुक्त मोर्चा में सम्मिलित सभी संगठनों के जनपदीय जिला अध्यक्ष व जिला मंत्री उपस्थित रहे।

# शिक्षक मांगो को सम्मिलित किए बिना शिक्षक नहीं भेजेगा डिजिटल अटेंडेंस

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर की प्रत्येक ब्लॉक इकाई जनपद के प्रत्येक ब्लॉकों में हस्ताक्षर अभियान चलाकर ऑनलाइन अटेंडेंस पर शिक्षको की राय जानी। शिक्षको ने डिजिटल अटेंडेंस पर असहमति का प्रस्ताव पास किया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि शिक्षक पूरे बेसिक शिक्षा विभाग का डिजिटलाइजेशन चाहता है और ऑनलाइन अटेंडेंस के लीव मैन्युअल में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों एवम कार्मिकों की तरह लीव मैनेजमेंट चाहता है। जहां डिजिटलाइजेशन हेतु प्रशिक्षित स्टाफ है वहां पर डिजिटलाइजेशन एवम ऑनलाइन अटेंडेंस क्यों नही शिक्षक अपने साथ भेदभाव नहीं चाहता है। शिक्षक शिक्षण कार्य के अतिरिक्त 30 प्रकार के अन्य गैर शैक्षणिक कार्य, विभिन्न प्रकार की परीक्षाओं का संपादन एवं उच्चाधिकारियों के आदेश के अनुपालन में विभिन्न सरकारी योजनाओं में पिलर्स की भूमिका भी अदा करता है, तो उसे बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य कार्मिकों की तरह समानता का अधिकार क्यों नही। उच्चाधिकारियों द्वारा आज शिक्षको की छवि खराब करने की साजिश रची जा रही जबकि जब कोरोना का प्रकोप हुआ और भाई भाई से, पुत्र अपने माता पिता से दूरी बना रहा था तो शिक्षक ही था जिसने जान जोखिम में डालकर बस स्टैंड, रेलवे स्टैंड, कोरोना सेंटर अस्पतालों में खड़े हुए थे। आपदा में सबसे बड़ी आर्थिक सहायता शिक्षको ने दी और जरूरतमंदों के लिए भोजन सामग्री की चंदा इकट्ठा कर व्यवस्था किया, आदमी छोड़िए पशुओं के लिए भूसा तक पहुंचाया। कोरोना काल में शिक्षक घर जाकर मोहल्ला क्लास चलाया और कोरोना काल में ही पंचायत चुनाव संपन्न कराने में 1600 से भी अधिक शिक्षक काल कवलित हुए। जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने बताया कि शिक्षको द्वारा ऑनलाइन अटेंडेस पर हस्ताक्षरयुक्त शिक्षको के प्रस्ताव से संबंधित ज्ञापन 15 जुलाई को दोपहर साढ़े तीन बजे बीएसए जौनपुर को सौंपा जाएगा।


## महत्वपूर्ण सूचना

### कांवड़ मेला – 2024 के लिए विशेष व्यवस्था (22.07.2024 से 19.08.2024)

कांवड़ मेला–2024 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी संख्या 04465/04466 दिल्ली–शामली–दिल्ली डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. 04465 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04465 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04466 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04466 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 20:00 | दिल्ली | 09:25 | – |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन टाउन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रूड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | – | हरिद्वार | -- | 03:05 |

चलने की तिथिः 04465 दिल्ली से 21.07.2024 से 03.08.2024 और 04466 हरिद्वार से दिनांक 22.07.2024 से 04.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04403/04404 दिल्ली–सहारनपुर–दिल्ली एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. 04403 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04403 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04404 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04404 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 16:25 | दिल्ली | 08.45 | – |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रूड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | – | हरिद्वार | -- | 02:00 |

चलने की तिथिः 04403 दिल्ली से 22.07.2024 से 03.08.2024 और 04404 हरिद्वार से दिनांक 23.07.2024 से 04.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।

**मेला विशेष रेलगाड़ियों का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालन**

**रेलगाड़ी संख्या 04322/04321 मुरादाबाद–लक्सर–मुरादाबाद मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04322 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04322 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04321 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04321 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 07:15 | – | लक्सर | – | 12:00 |
| – | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | -- |

चलने की तिथिः 04322 मुरादाबाद से और 04321 लक्सर से दिनांक 22.07.2024 से 19.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : बालावाली, मुअज्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा और कांठ स्टेशन।

**रेलगाड़ी संख्या 04324/04323 हरिद्वार–दिल्ली–हरिद्वार मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04324 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04324 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04323 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04323 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 15:45 | हरिद्वार | 04:25 | – |
| 20:50 | – | दिल्ली | – | 22:00 |

चलने की तिथिः 04324 हरिद्वार से और 04323 दिल्ली से दिनांक 29.07.2024 से 02.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव: ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी और गाजियाबाद स्टेशन।

**रेलगाड़ी संख्या 04330/04329 योग नगर ऋषिकेश–दिल्ली–योग नगर ऋषिकेश मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04330 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04330 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04329 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04329 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | – |
| 04:15 | – | दिल्ली | – | 04:45 |

चलने की तिथिः 04330 योग नगरी ऋषिकेश से और 04329 दिल्ली से दिनांक 29.07.2024 से 02.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, शामली और दिल्ली शाहदरा स्टेशन।

**रेलगाड़ी संख्या 04372/04371 योग नगर ऋषिकेश–लखनऊ–योग नगर ऋषिकेश मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04372 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04372 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04371 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04371 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | – |
| 11:15 | – | लखनऊ | – | 11:45 |

चलने की तिथिः 04372 योग नगरी ऋषिकेश से और 04371 लखनऊ से दिनांक 06.08.2024 से 19.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और शाहजहांपुर स्टेशन।

**रेलगाड़ी संख्या 04370/04369 योग नगर ऋषिकेश–बरेली–योग नगर ऋषिकेश मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04370 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04370 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04369 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04369 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | – |
| 05:15 | – | बरेली | – | 15:50 |

चलने की तिथिः 04370 योग नगरी ऋषिकेश से और 04369 बरेली से दिनांक 03.08.2024 से 05.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद और रामपुर स्टेशन।

**दिनांक 22.07.2024 से 03.08.2024 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | फ्रीक्वेंसी | अस्थाई ठहराव | समय–सारणी आगमन | समय–सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सुबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सुबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इन्दौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इन्दौर एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |

**दिनांक 22.07.2024 से 19.08.2024 तक रेलगाड़ी का अस्थाई ठहराव**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04303 बरेली–दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 04304 दिल्ली–बरेली स्पेशल एक्सप्रेस | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2143/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भाग लेने रेजियो कैलाब्रिया का दौरे करेंगे गोयल

**गोयल 16 और 17 जुलाई को इटली के रेजियो कैलाब्रिया का करेंगे दौरा इससे पहले वे 14-15 जुलाई को स्विट्जरलैंड की बैठकों में होंगे शामिल**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए 16-17 जुलाई को इटली के रेजियो कैलाब्रिया का दौरा करेंगे। इससे पहले गोयल 14 और 15 जुलाई को स्विट्जरलैंड में अपने समकक्षों के साथ व्यापारिक और आधिकारिक बैठकों में शामिल होंगे।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल 16 और 17 जुलाई को इटली के रेजियो कैलाब्रिया का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान गोयल जी-7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के आउटरीच सत्र में भाग लेंगे। अपने यात्रा के दौरान गोयल जी-7 देशों और अन्य भाग लेने वाले देशों के व्यापार मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भी शामिल होंगे, जिससे वैश्विक व्यापार और निवेश साझेदारी के लिए भारत की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा।

मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री अपने इटली दौरे से पहले 14-15 जुलाई को स्विट्जरलैंड में अपने समकक्षों के साथ व्यापारिक और आधिकारिक बैठकों में भाग लेने के लिए मौजूद रहेंगे। ये बैठक यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) के कार्यान्वयन और ईएफटीए द्वारा की गई 100 बिलियन यूएस डॉलर की निवेश प्रतिबद्धताओं के लिए रोडमैप तैयार करने पर केंद्रित होगी। गोयल के इस दौरे का उद्देश्य भारत और स्विट्जरलैंड के बीच द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापक साझेदारी को और मजबूत करना, गहरे आर्थिक संबंधों और आपसी विकास को बढ़ावा देना है।

उल्लेखनीय है कि भारत का दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना इसकी गतिशील आर्थिक स्थिति और मजबूत विकास क्षमता का प्रमाण है।

इन उच्च-स्तरीय बैठकों में पीयूष गोयल की भागीदारी भारत की आर्थिक कूटनीति को आगे बढ़ाएगी, जिससे वैश्विक मंच पर देश के हितों को बढ़ावा मिलेगा।

# क्या पर्सनल लोन लेकर क्रेडिट कार्ड का बिल भरना सही है?




**नई दिल्ली।** क्रेडिट कार्ड यूजर्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के एक डेटा के अनुसार वर्तमान में देश में 10 करोड़ से ज्यादा क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं। इसके साथ ही एक साल में क्रेडिट कार्ड का खर्च 17 फीसदी बढ़कर 1.65 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुका है। ऐसे में अगर क्रेडिट कार्ड का खर्च बढ़ता है तो उसे चुकाने में भी दिक्कत आती है। कई लोगों को क्रेडिट कार्ड का बिल भरने में परेशानी होती है। ऐसे में वह पर्सनल लोन लेकर क्रेडिट कार्ड का बिल भर सकते हैं। पर्सनल लोन लेकर क्रेडिट कार्ड का बिल चुकाना काफी अच्छी रणनीति है। भले ही पर्सनल लोन महंगा है, लेकिन क्रेडिट कार्ड की तुलना में यह काफी सस्ता है। पर्सनल लोन का इंटरेस्ट रेट 10.5 फीसदी से 20.6 फीसदी होता है। वहीं, क्रेडिट कार्ड के बकाया का ब्याज दर पर 40 फीसदी का ब्याज लगता है। कई लोग अंधाधुंध क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं और क्रेडिट कार्ड का बिल पेमेंट करते समय दिक्कत आती है। अगर टाइम से क्रेडिट कार्ड बिल नहीं भरते हैं तो फिर सिबिल स्कोर (ष्टढ्ढ्रढ्ढद्य स्ष्टह्रक्र) भी डाउन हो जाता है। सिबिल स्कोर को मेंटेन करने के लिए कई बार यूजर्स कर्ज लेते हैं और जाल में फंस जाते हैं। कर्ज के जाल में फंसने से बचने के लिए हमेशा खर्च पर कंट्रोल करना चाहिए।

## इस हफ्ते कैसी रहेगी बाजार की चाल, किस सेक्टर पर रखना चाहिए निवेशकों को नजरः एनालिस्ट ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के निवेशकों को आगामी हफ्ते में बाजार की चाल पर ध्यान देना होगा। 15 जुलाई 2024 (सोमवार) से शुरू होने वाले हफ्ते में बाजार केवल 4 दिन के लिए ही खुला रहेगा। मोहरम के मौके पर 17 जुलाई 2024 (बुधवार) को बाजार के स्टॉक एक्सचेंज में कोई शेयर की खरीद-बिक्री नहीं होगी। ऐसे में एनलिस्ट का कहना है कि निवेशकों को आगामी हफ्ते में जारी होने वाले कंपनी के तिमाही नतीजों पर नजर बना कर रखनी चाहिए। कंपनी के शेयरों के साथ फॉरेन इन्वेस्टर का भी शेयर मार्केट में काफी अहम रोल है। सोमवार 15 जुलाई को जून महीने के खुदरा महंगाई दर का एलान होगा। शुक्रवार को जारी रिटेल महंगाई दर के अनुसार जून में खान-पान की चीजें महंगी हो जाने की वजह से सीपीआई 5 फीसदी के ऊपर पहुंच गया।

## आरबीआई डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने कह दी बड़ी बात

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था में जारी तेजी पर पूरे विश्व की नजर बनी हुई है। अब इंडियन इकोनॉमी पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी गवर्नर



माइकल पात्रा ने एक बड़ी बात कह दी है। माइकल पात्रा ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में भाषण देते हुए कहा कि अब दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए वर्ष 2048 का इंतजार नहीं करना होगा। भारत यह मुकाम साल 20231 तक ही हासिल कर लेगा। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि वर्ष 2068 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी बन जाएगा। पात्रा के अनुसार भारत अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए लगातार नए कदम उठा रहा है ऐसे में आने वाले दशक में भारत बाकी देशों से आगे निकल जाएगा। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने अनुमान जताया है कि अगल दशक में भारत की इकोनॉमी ग्रोथ रेट 9.6 फीसदी रहेगी। अगर यह ग्रोथ रेट रहती है तो लोअर मिडिल क्लास खत्म हो सकता है और भारत विकसित देश बन सकता है। इकोनॉमी ग्रोथ रेट का असर प्रति व्यक्ति आय पर देखने को मिलेगा। हालांकि, विकसित राष्ट्र बनने के लिए साल 2047 तक भारत में प्रति व्यक्ति आय 34,000 अमेरिकी डॉलर (करीब ?28 लाख) तक होना चाहिए। माइकल पात्रा ने भारतीय करेंसी को लेकर कहा कि भारतीय मुद्रा इंटरनेशनल बनाने के लिए अग्रसर है। इसके लिए वह मैक्रो इकोनॉमिक पॉलिसी और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी पॉजिटिव ट्रैक में है। भारतीय करेंसी को इंटरनेशनली तौर पर पहचान देने के लिए भारत की महंगाई दर को वैश्विक महंगाई दर के अनुसार करने की जरूरत है। अगर ऐसा होता है तो रुपया इंटरनेशनलाइजेशन ग्राउंड के तौर पर तैयार होगा और आज जैसे डॉलर की पहचान है वैसे ही रुपये की भी पहचान होगी। देश में मौजूद महंगाई दर को लेकर पात्रा ने कहा कि महंगाई दर को 4 फीसदी के आस-पास रखने की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई दर 4.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। वहीं, अगले वित्त वर्ष यानी 2025-26 के लिए 4.1 फीसदी का अनुमान लगाया है।

## बजट से पहले सरकार का भरा खजाना, नेट डायरेक्ट कलेक्शन में 19 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** 23 जुलाई को आम बजट पेश होने वाला है। बजट पेश होने से पहले ही वित्त मंत्रालय ने बड़ा अपडेट दिया। वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में हुए टैक्स कलेक्शन की जानकारी दी है। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार FY25 में सरकार के डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में तेजी देखने को मिली है। आंकड़ों से पता चलता है कि डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 24 फीसदी की ग्रोथ हुई है। नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शनः केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस कारोबारी साल में नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 24.07 फीसदी की वृद्धि हुई है। अभी तक 5.74 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष कर का शुद्ध संग्रह हुआ है। आपको बता दें कि यह आंकड़ा 11 जुलाई 2024 तक का है। पिछले वित्त वर्ष की इस अवधि में नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 4.80 लाख करोड़ रुपये था। आंकड़ों के अनुसार कॉरपोरेट टैक्स में भी तेजी आई है। यह 11 जुलाई 2024 तक 2.1 लाख करोड़ रुपये था। पर्सनल इनकम टैक्सः पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन 3.46 लाख करोड़ रुपये हुआ है। आपको बता दें कि पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन में सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स शामिल होता है। सीबीडीटी ने बताया कि एसटीटी ने डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में में 16,634 करोड़ रुपये का योगदान दिया।

टैक्स रिफंडः 11 जुलाई 2024 तक 70,902 करोड़ रुपये के टैक्स रिफंड जारी हुए हैं। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 64.4 फीसदी ज्यादा है। पूरे वित्तीय वर्ष के लिए अंतरिम बजट में प्रत्यक्ष कर संग्रह 21.99 लाख करोड़ रुपये आंका गया है।

# स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए 750 करोड़ रुपये खर्चेगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार कृषि उद्यमियों को सहायता देने के लिए %स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष शुरू करने जा रही है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस कोष के माध्यम से निवेश क्षेत्र-विशिष्ट होगा और ऋण वैकल्पिक निवेश कोष के साथ-साथ कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्ट-अप को प्रत्यक्ष इक्विटी सहायता भी दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य 750 करोड़ रुपये की कैटेगरी-द्ध्द्ध वैकल्पिक निवेश कोष की स्थापना के माध्यम से भारत के कृषि क्षेत्र में इनोवेशन और स्टेबिलिटी को बढ़ावा देना है। यह कोष विशेष रूप से कृषि मूल्य श्रृंखला में उच्च जोखिम, उच्च प्रभाव वाली गतिविधियों को लक्षित करते हुए इक्विटी और ऋण दोनों सहायता प्रदान करेगा। यह घोषणा शुक्रवार



को मुंबई में नाबार्ड मुख्यालय में प्री-लॉन्च स्टेकहोल्डर मीट में की गई। इस कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों, निवेशकों, एआईएफ प्रबंधकों और कृषि स्टार्टअप सहित प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बोलते हुए, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव अजीत कुमार साहू ने इस कोष की क्षमता पर जोर दिया, जिससे एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जा सके जो नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से कृषि क्षेत्र के लिए वित्तपोषण को बढ़ाए, जिससे छोटे और सीमांत किसानों को लाभ हो। कार्यक्रम के दौरान, नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी के वी ने तकनीकी नवाचारों के माध्यम से कृषि में विकास के अगले स्तर को आगे बढ़ाने के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के सहयोग की आवश्यकता पर बात की।

# टैक्स सेविंग्स FD पर मिल रहा 7.25% तक ब्याजः पोस्ट ऑफिस NSC में 7.7% इंटरेस्ट, इनमें 5 साल के लिए करना होता है निवेश

**नई दिल्ली।** टैक्स प्लानिंग के लिए फाइनेंशियल ईयर के आखिर का इंतजार न करें। नए वित्त वर्ष की शुरुआत से ही इसके लिए निवेश शुरू करना चाहिए। अगर



आप टैक्स बचाने के साथ कहीं ऐसी जगह निवेश करना चाहते हैं जहां आपका पैस सुरक्षित रहे तो टैक्स सेविंग्स FD (5 साल की स्नष्ठ) और पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट स्कीम आपके लिए सही हो सकती हैं। NSC स्कीम में टैक्स छूट के साथ सालाना 7.7% का ब्याज मिल रहा है। हस्ष्ट स्कीम में भी 5 साल के लिए निवेश करना होता है। यहां हम आपको पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट स्कीम के अलावा ये भी बता रहे हैं कि देश के प्रमुख बैंक 5 साल की टैक्स सेविंग स्नष्ठ पर कितना ब्याज ऑफर कर रहे हैं। पोस्ट ऑफिस नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट पोस्ट ऑफिस नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट में निवेश पर 7.7% सालाना ब्याज मिल रहा है। इसमें ब्याज का कैलकुलेशन सालाना आधार पर होती है, लेकिन ब्याज की राशि निवेश की अवधि होने पर ही दी जाती है। इस अकाउंट को किसी नाबालिग के नाम पर और 3 वयस्कों के नाम पर जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। इसका मैच्योरिटी पीरियड 5 साल है। इससे पहले आप स्कीम से बाहर नहीं निकल सकते हैं। नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट में जमा राशि पर इनकम टैक्स के सेक्शन 80C के तहत टैक्स छूट मिलती है। आप NSC में कितनी भी रकम निवेश कर सकते हैं। इसमें निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। इस स्कीम्स से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें टैक्स सेविंग FD 5 साल में मैच्योर होती है। इसमें निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80C के तहत आप अपनी कुल आय से 1.5 लाख रुपए की कटौती का दावा कर सकते हैं। आसान भाषा में इसे ऐसे समझें, आप सेक्शन 80C के माध्यम से अपनी कुल कर योग्य आय से 1.5 लाख तक कम कर सकते हैं। यदि आप किसी एक बैंक में एफडी में 10 लाख रुपए का निवेश करने की योजना बना रहे हैं, तो इसकी जगह एक से ज्यादा बैंकों में 1 लाख रुपए की 9 स्नष्ठ और 50,000 रुपए की 2 FD में निवेश करें। इससे बीच में पैसों की जरूरत पड़ने पर आप अपनी जरूरत के हिसाब से स्नष्ठ को बीच में ही तुड़वाकर पैसों की व्यवस्था कर सकते हैं। आपकी बाकी स्नष्ठ सेफ रहेंगी। बैंक में पहले तिमाही और सालाना आधार पर ब्याज का विड्रॉल करने का ऑप्शन था, अब कुछ बैंक में मासिक विड्रॉल भी कर सकते हैं। आप अपनी जरूरत के हिसाब से इसे चुन सकते हैं।

आप अपनी FD पर लोन भी ले सकते हैं। इसके तहत स्नष्ठ की वैल्यू का 90% तक आप लोन ले सकते हैं। मान लीजिए आपकी स्नष्ठ की कीमत 1.5 लाख रुपए है तो आपको 1 लाख 35 हजार रुपए लोन मिल सकता है। अगर आप स्नष्ठ पर लोन लेते हैं तो आपको फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज से 1-2% ज्यादा ब्याज देना होगा। जैसे मान लीजिए की आपकी स्नष्ठ पर 6% ब्याज मिल रहा है तो आपको 7 से 8त्न ब्याज दर पर लोन मिल सकता है।

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजन को स्नष्ठ पर 0.50त्न तक ज्यादा ब्याज ऑफर करते हैं। ऐसे में अगर आपके घर में कोई सीनियर सिटीजन है तो आप उनके नाम पर स्नष्ठ करवाकर ज्यादा फायदा कमा सकते हैं।

## पेटीएम से बाहर हुई सॉफ्टबैंक, जून तिमाही में 15 करोड़ डॉलर का उठाया घाटा




**नई दिल्ली (हि.स.)।** संकट की दौर से गुजर रही ऑनलाइन पेमेंट मंच पेटीएम को एक और झटका लगा है। जापान की इनवेस्टमेंट बैंक सॉफ्टबैंक ने पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी है। बैंक ने अप्रैल-जून तिमाही में 15 करोड़ डॉलर का घाटा होने के बाद यह कदम उठाया है। सूत्रों ने शनिवार को दी जानकारी में बताया कि जापान की सॉफ्टबैंक ने 10-12 फीसदी के नुकसान के साथ पेटीएम से अपना कारोबार समेट लिया है। जापान की सॉफ्टबैंक निवेश शाखा सॉफ्टबैंक विजन फंड अप्रैल-जून तिमाही में लगभग 150 मिलियन डॉलर के नुकसान के साथ पेटीएम से बाहर हो गई है। साल 2021 में कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले सॉफ्टबैंक के पास पेटीएम में करीब 18.5 फीसदी हिस्सेदारी थी। उल्लेखनीय है कि जापान की सॉफ्टबैंक ने 2017 में किस्तों में पेटीएम ब्रांड की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में करीब 1.5 बिलियन डॉलर का निवेश किया था।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 24.07 फीसदी उछलकर 5.74 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यस्था के मोंचे पर अच्छी खबर आई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से पहले केंद्र सरकार का खजाना भर गया है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह अब तक 24.07 फीसदी उछलकर 5.74 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.80 लाख करोड़ रुपये था।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 11 जुलाई, 2024 तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 24.07 फीसदी बढ़कर 5.74 लाख करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.80 लाख करोड़ रुपये रहा था। सीबीडीटी के मुताबिक इसमें 2.1 लाख करोड़ रुपये का कॉर्पोरेट टैक्स और 3.46 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर शामिल है। व्यक्तिगत आयकर के आंकड़ों में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से प्राप्त इनकम भी शामिल है।

सीबीडीटी ने बताया कि जून महीने में रिफंड के समायोजन के बाद प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.62 लाख करोड़ रुपये एकत्र रहा जो सालाना आधार पर 20.99 फीसदी की वृद्धि है। इसमें 1.8 लाख करोड़ रुपये का कॉर्पोरेट टैक्स और 2.81 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर शामिल है।

गौरतलब है कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई, 2024 से शुरू हो रहा है। बजट सत्र के दूसरे दिन ही 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 का पूर्ण बजट लोकसभा में पेश करने वाली हैं।

## म्यूचुअल फंड्स ने जून में एनएफओ से 14,370 करोड़ रुपये जुटाए, अभी तक की है सबसे ज्यादा राशि

**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड्स ने जून के दौरान 11 नए फंड आफर पेश किए हैं। इनके जरिये 14,370 करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। यह एनएफओ के जरिये किसी एक महीने में जुटाई गई अब तक की सबसे ज्यादा राशि है। इससे पहले जुलाई 2021 में चार एनएफओ के जरिये 13,709 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। डाटा के अनुसार, 2024 की पहली छमाही यानी जनवरी से जून के दौरान म्यूचुअल फंड्स की ओर से कुल 30 एक्टिव इक्विटी स्कीम लांच की गईं। 2023 में समान अवधि के दौरान इनकी संख्या 51 थी। एनएफओ में जनवरी से जून के दौरान 37,885 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। 2023 में इन आफर्स में 36,657 करोड़ रुपये की राशि निवेश की गई थी। पूरे कैलेंडर वर्ष 2022 के दौरान 27 एनएफओ में 29,586




करोड़ रुपये का निवेश किया गया था।लोकसभा चुनावों के परिणामों के बाद भारतीय शेयर बाजारों में लगातार तेजी बनी हुई है। इसी तेजी के चलते बड़ी संख्या में म्यूचुअल फंड्स एनएफओ लांच कर रहे हैं। अभी करीब सात एक्टिव और पैसिव एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुले हैं। अधिकांश एनएफओ उच्च जोखिम वाली श्रेणियों जैसे थीमेटिक में आ रहे हैं। इसको लेकर पराग पारेख फाइनेंशियल एडवाइजरी सर्विसेज के चेयरमैन नील पारेख चिंता भी जता चुके हैं। उन्होंने निवेशकों को सतर्क रहने के लिए भी कहा है। जून के दौरान म्यूचुअल फंड्स में 40,608 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। मई में म्यूचुअल फंड में निवेश 34,697 करोड़ रुपये रहा था।


# टमाटर के दाम में जल्द गिरावट के आसार, खुदरा भाव 75 रुपये प्रति किलो

**नई दिल्ली(हि.स.)।** दिल्ली-एनसीआर में टमाटर की कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई



है। प्याज भी 50 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है लेकिन अब जल्द ही टमाटर और प्याज की बढ़ी कीमतों से राहत मिलने की उम्मीद है। मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि आपूर्ति में बाधा की वजह से टमाटर और प्याज सहित अन्य सब्जियों की बढ़ी कीमतों के जल्द ही स्थिर होने की उम्मीद है। दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इनकी कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है। फिलहाल राजधानी दिल्ली में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से टमाटर की आपूर्ति हो रही है। दरअसल राजधानी दिल्ली सहित कुछ अन्य शहरों में टमाटर, प्याज और आलू सहित अन्य सब्जियों की कीमतें बढ़ी हैं। बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने से नई दिल्ली में टमाटर का खुदरा भाव 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है लेकिन बारिश के कारण आपूर्ति शृंखला में और रुकावट नहीं आती है तो इसकी कीमतों में कमी आने की संभावना जताई जा रही है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 12 जुलाई को दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो एक साल पहले इसी अवधि में 150 रुपये प्रति किलोग्राम थी। मुंबई में टमाटर का भाव 83 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि कोलकाता में यह 80 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रहा है।

# चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से पहले केंद्र सरकार का खजाना भर गया




**नई दिल्ली।**(हि.स.)। अर्थव्यस्था के मोंचे पर अच्छी खबर आई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से पहले केंद्र सरकार का खजाना भर गया है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह अब तक 24.07 फीसदी उछलकर 5.74 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.80 लाख करोड़ रुपये था। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 11 जुलाई, 2024 तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 24.07 फीसदी बढ़कर 5.74 लाख करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.80 लाख करोड़ रुपये रहा था। सीबीडीटी के मुताबिक इसमें 2.1 लाख करोड़ रुपये का कॉर्पोरेट टैक्स और 3.46 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर शामिल है। व्यक्तिगत आयकर के आंकड़ों में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से प्राप्त इनकम भी शामिल है। सीबीडीटी ने बताया कि जून महीने में रिफंड के समायोजन के बाद प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.62 लाख करोड़ रुपये एकत्र रहा जो सालाना आधार पर 20.99 फीसदी की वृद्धि है। इसमें 1.8 लाख करोड़ रुपये का कॉर्पोरेट टैक्स और 2.81 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर शामिल है। गौरतलब है कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई, 2024 से शुरू हो रहा है। बजट सत्र के दूसरे दिन ही 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 का पूर्ण बजट लोकसभा में पेश करने वाली हैं।

# श्री श्याम वीथिका का शंखनाद के साथ लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** इस्कॉन उरई की अगुवाई में भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज की दिव्य भव्य रथ यात्रा के परम पुनीत अवसर पर कालपी रोड स्थित श्याम धाम में भगवान श्रीकृष्ण जी के ऊपर आधारित श्री श्याम वीथिका का आयोजन इन्टैक उरई अध्याय व संस्कार भारती जालौन की प्राच्य विधा की ओर से किया गया। श्री श्याम वीथिका में भगवान श्री कृष्ण जी की सुन्दर सी दो छोटी सी झांकियां भी लगाई गई। इनके साथ ही भगवान श्री जगन्नाथ जी की लगभग 125 वर्ष प्राचीन हाथ से बनाई गई पेन्टिंग भी रखी गई। भगवान श्री जगन्नाथ जी के धात्विक टैम्पल टोकन्स और भारतीय डाक विभाग द्वारा जारी रथयात्रा के डाक टिकट, मिनिएचर शीट आदि भी प्रदर्शित किये गये। अपने भारत में बंगाल के मायापुर स्थान में इस्कॉन का सबसे बडा मन्दिर है। इस मन्दिर में श्री विष्णु भगवान के नरसिंह अवतार की भी अत्याधिक मान्यता है। दक्षिण भारतीय मदुरै रियासत द्वारा श्री नरसिंह भगवान के चित्रों से युक्त तमाम छोटी छोटी ताम्र तथा स्वर्ण की मुद्राओं के साथ साथ अपने भारत के डाक विभाग तथा भूटान ,मंगोलिया आदि के द्वारा जारी डाक टिकटों का प्रदर्शन किया गया। इस वीथिका में उडिया शैली में बने भगवान श्रीकृष्ण जी के लगभग 70 वर्ष पुराने तमाम हस्त निर्मित चित्रों के अलावा श्रीकृष्ण भगवान जी के बहुत सारे डाक टिकटों के अलावा नेपाल, गुझिया आदि देशों केडाक टिकट व तमाम रजतीय तथा ताम्र के टैम्पल टोकन्स भी प्रदर्शित किये गये।भगवान श्रीकृष्ण राधा जी व श्रीकृष्ण यशोदा मैय्या के चित्रों से युक्त सरौते विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। इस श्री श्याम वीथिका में प्रदर्शित समस्त सामग्री श्री मती सन्ध्या पुरवार व डा0 हरी मोहन पुरवार के व्यक्तिगत संग्रह से प्रस्तुत की गई। विदेशों से आये इस्कॉन के तमाम भक्त गणों के अलावा बहुत सारे श्री कृष्ण भक्तों ने विभोर होकर वीथिका का अवलोकन किया।

## जनहित की समस्याओं को लेकर संवेदनहीन है प्रदेश सरकारः अमिताभ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने कहा कि जनहित की समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार संवेदनहीन है। इस सरकार को आमजन की समस्याओं से कुछ भी लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जब देवरिया के अधिवक्ताओं जैसे बुद्धिजीवी वर्ग के समस्याओं पर गौर नहीं किया जा रहा है तो इससे आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शासन -प्रशासन आम आदमी के साथ कैसा बर्ताव करता होगा।

श्री ठाकुर ने ये बातें कचहरी स्थित अधिवक्ताओं के आंदोलन में शरीक होने के बाद शहर के पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। इससे पहले श्री ठाकुर ने अधिवक्ताओं के आंदोलन में शरीक होकर उन्हें अपना समर्थन दिया और उनके जायज मांगों में हर तरह से साथ देने का भरोसा दिलाया।श्री ठाकुर ने कहा कि यहां के जिलाधिकारी के खिलाफ तमाम शिकायतें मिल रही है कि वह जन समस्याओं की अनदेखी करते हैं, जो एक लोक सेवक को बिल्कुल शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि डीएम आवास के सामने खतरनाक तार दौड़ रहा है, जो खतरे से खाली नहीं है। उन्होंने कहा कि देवरिया डीएम के खिलाफ मैं लखनऊ में लोकायुक्त से शिकायत करूंगा।वही श्री ठाकुर ने बताया कि मैं पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी के एक वायरल हो रहे ऑडियो का जिसमें उन्होंने कुछ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया था, की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि आजाद अधिकार सेना दबे कुचले व गरीबों के हर समस्याओं को लेकर मजबूती से संघर्ष करने के लिए तैयार है।

## ऑनलाइन उपस्थिति के लिए दबाव बनाने पर संकुल शिक्षकों ने दिया त्यागपत्र

**अमेठी।** शिक्षकों की आनलाइन उपस्थिति लेने के मामले में सरकार के अभी तक सभी प्रयास फेल साबित हुए हैं। सभी शिक्षक संगठन चट्टान की तरह एक जुट हैं। सरकार से लड़ाई को संयुक्त मोर्चा भी बनाया जा रहा है। आनलाइन उपस्थिति और डिजिटाइजेशन व्यवस्था लागू होने से स्कूल में कार्यभार बढ़ने की बात करते हुए सभी विकास खंडों में संकुल शिक्षकों ने इस पद का पदीय दायित्व निभाने से मना कर दिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी को सामूहिक रूप से कुछ ब्लाकों में त्यागपत्र दे दिया है। इस्तीफा देने वाले संकुल शिक्षकों ने कहा कि कि सरकार की ओर से आनलाइन उपस्थिति और पंजिकाओं की डिजिटाइजेशन व्यवस्था लागू होने के बाद कार्यभार बढ गया है। ऐसी स्थिति में नोडल संकुल शिक्षक पदीय दायित्व का निर्वहन करने में असमर्थ हैं। आनलाइन उपस्थिति के मामले में संगठन ने बहिष्कार का समर्थन किया है और कहा है कि संघर्ष अभियान में हम संगठन के साथ खड़े हैं। सरकार हमारी मांगों को पूरा करे हम आनलाइन उपस्थिति देने को तैयार हैं।

## सीएचसी कप्तानगंज में लापरवाही से गई नवजात की जान



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर स्थित सीएचसी कप्तानगंज पर प्रसव के दौरान लापरवाही बरते के आरोप में एक नवजात की मौत का मामला प्रकाश में आया है। नवजात के मौत के बाद परिजन अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिए। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बौलिया गांव की रहने वाली नेहा देवी को प्रसव पीड़ा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज भर्ती करवाया गया। परिजनों का आरोप है कि बच्चे के गलत तरीके से डिलेवरी कराने और जमीन पर बच्चें के गिरने से बच्चें की मौत हो गई। परिजनों स्टाफ पर यह भी आरोप लगाए की बच्चे की मौत की सूचना भी उनसे छिपाया गया। जब वे हॉस्पिटल से जाने की बात कहे तो उन्हें जाने भी नहीं दिया गया। जब उन्हें शक हुआ तो परिजनों ने हंगामा कर दिए जिसके बाद परिजनों को शांत करवाने की कोशिश की। इस मामले में सीएचसी प्रभारी हंगामे की बात मान रहे है और परिजनों के लगाए गए आरोप की जब जांच कि तो बच्चें की मौत की पुष्टि। साथ ही सीएचसी प्रभारी यह भी जानकारी दिए कि अगर परिजन शिकायत पत्र देते हैं तो जांच करवा कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## पितरों व स्वजनों के नाम पर पांच फलदार पौधे लगाए युवा : रणजीत

**तमकुहीराज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत शनिवार को



तमकुहीराज स्थित विद्यावती देवी महाविद्यालय के प्रांगण में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय बड़े ने पौधारोपण किया। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय बड़े ने कहा कि एक वृक्ष 100 पुत्रों के समान होता है, हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ आज प्रत्यक्ष रूप से हमारी पीढ़ी को हो रहा है, आज हम भी अपने माता-पिता, पितरों व स्वजनों के नाम पर फलदार व औषधीय गुणों वाले पौधे कर हम पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान भी दे सकते हैं। रणजीत राय ने कहा वर्तमान पर्यावरणीय प्रदूषण व वृक्षों की संख्या लगातार कम होने के कारण तापमान चरम पर पहुंचता जा रहा है, पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना तथा सभी वृक्षों की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। अन्यथा भविष्य में हमें व हमारी आने वाली पीढ़ी को पर्यावरणीय विसंगतियों का सामना करना पड़ सकता है। रणजीत राय बड़े के नेतृत्व महाविद्यालय परिसर में पीपल, आम, नीम सहित अन्य पौधे लगाए गए। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से विद्यावती देवी महाविद्यालय के प्रबंधक बबलू राय, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष दिव्यांशु शाही, ओजस्वी मिश्रा, सुधीर सिंह, सत्यम राय, गुड्डू राय, शौर्य प्रताप सिंह व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाढ़ग्रस्त गांव में दी जाएं स्वास्थ्य सुविधाएंः सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

- परसिया देवार में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**देवरिया।** बरहज ब्लॉक के बाढ़ ग्रस्त गांव परसिया देवार में शनिवार को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती की जांच, टीकाकरण, बीपी, शुगर की जांच सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई है।

शिविर में आए मरीजों को जुकाम, बुखार, पेट दर्द, त्वचा रोग और फंगल इन्फेक्शन स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ सेनेटरी पैड और निशुल्क दवाएं भी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेन के चिकित्सकों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच किया। इस दौरान शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ डॉ राजेश झा ने आए मरीजों से मिल रहीं सुविधाओं की जानकारी लिया और चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सीएमओ ने कहा कि आशा कार्यकर्ता द्वारा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान हेतु क्षेत्र में सम्पादित की जा रही समस्त गतिविधियों एवं गृह भ्रमण में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा कार्यकत्री के साथ रहते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करें। संचारी रोगों के पोस्टर को स्कूल में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाये। जिले में फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव का कार्य भी युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा बाढ़ का पानी चढ़ते व उतरते समय संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा होता है, इसलिए पहले से ही सतर्कता बरती जा रही है, ताकि समय रहते बीमारियों की रोकथाम की जा सके। सीएमओ ने कहा कि स्टॉप डायरिया अभियान के तहत 0 से पांच साल तक बच्चे को घर-घर जाकर ओआरएस का जीवन रक्षक घोल दिया जाए। इसके साथ ही कर्मी जिंक की गोलियां भी वितरित करें। विभाग की ओर से बच्चों को ओआरएस के दो-दो पैकेट और जिंक की गोलियां दी जाए। इसके साथ ओआरएस का घोल बनाने का तरीका बताया जाए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता बच्चों की जांच के साथ उनके माता-पिता को भी जागरूक करें। डायरिया होने पर बच्चों को कितना घोल दिया जाएगा उसकी जानकारी भी दें। इसके अलावा बच्चों और अभिभावकों को पानी उबालकर पीने, अच्छी तरह से हाथ होने, स्वच्छता और पोषक आहार लेने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## संघर्ष मोर्चा कल करेगा प्रदर्शन



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय रविन्द्र नगर धुस पर सम्पन्न हुई। बैठक में आनलाईन उपस्थिति, पंजीकाओं के डिजिटलाईजेशन के विरोध में आयोजित होने वाली धरना प्रदर्शन के सफलता की रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करे हुए संघर्ष मोर्चा के संयोजक/जू.शि.सं. जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने कहा कि संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कल 15 जुलाई को 3 बजे जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन होगा। 7 बिन्दुओं से सम्बंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलामंत्री छेदी प्रसाद ने शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धरना को ऐतिहासिक बनाने की अपील किया। बैठक में विभिन्न संगठ्नों के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर संघर्ष मोर्चा के सुनील दूबे, अजय कुमार, अनंत कुमार, अनिल कुमार, इंद्रजीत मणि त्रिपाठी आदि रहे।

## पंचायत लगाकर भाकियू ने दिया ज्ञापन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन -भानु गुट ने शनिवार को तहसील परिसर में पंचायत लगाकर सात सूत्रीय ज्ञापन एस डी एम को दिया। एसडीएम के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार नम्रता मिश्र ने ज्ञापन प्राप्त किया। ज्ञापन में कनू में इमारती लकड़ी के जंगल पर हो रहे अवैध निर्माण को रूकवाने और चतुर्भुजपुर में आबादी की जमीन पर बनी गोशाला को तोड़ने और सोलर लाइट को क्षति पहुंचाने के मामले में विधिक कार्रवाई की मांग की गई है। यूनियन के कार्यकर्ताओं ने चतुर्भुजपुर गांव में जल जीवन मिशन की ओर से गलत जमीन पर पाइप लाइन का विस्तार रोकने पूरब गांव में खाद गड्ढे और नवीन परती की जमीन पर अतिक्रमण रोकने और जंगल रामनगर में पेड़ों की नीलामी पूरी कराने की मांग की गई है। भाकियू -भानु के जिला अध्यक्ष राज कुमार पाण्डेय ने बताया कि नायब तहसीलदार ने राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर सभी मामलों के निस्तारण का भरोसा दिया है।

# छत के रास्ते घर में घुसकर आभूषण व नगदी चोरी

अवधनामा संवाददाता



घटना की जानकारी लेती अहिरौली पुलिस

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुस्महा में शुक्रवार की रात चोरों ने एक घर में छत के रास्ते घुसकर आभूषण तथा नकदी चोरी कर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयराम तिवारी पुत्र पौहारी तिवारी निवासी ग्राम कुस्महा थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर के घर बीते शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित जयराम तिवारी ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार की रात अज्ञात चोर छत के रास्ते चढ़ कर सीढ़ी के दरवाजे का ताला तोड़कर सीढ़ी से होते हुए नीचे घर के कमरे में उतर गए और घर में रखे अलमारी में रखे आभूषण और दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे नकदी चोरी की चोरी कर फरार हो गए। गृह स्वामी जब शनिवार की सुबह उठा तो देखा की अलमारी व दुकान का ताला टूटा हुआ है तथा समान और सामान बिखरा पड़ा है। और उसमें रखे आभूषण और नगदी गायब है। तब उन्होंने 112 नंबर की पुलिस को इस घटना की सूचना पुलिस दी। सूचना पर 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। इसके बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अहिरौली बाजार रवि कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### 18 मामलों में मात्र एक का निस्तारण

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना परिसर में इस माह के दूसरे शनिवार को तहसीलदार हाटा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस थाना समाधान दिवस पर कुल 18 फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे जिसमें एक मामला पुलिस से संबंधित था शेष 17 मामले राजस्व से संबंधित थे।जिसमें तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने पुलिस से संबंधित मामले का निस्तारण करा दिए। राजस्व से संबंधित एक भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। तहसीलदार हाटा ने सभी राजस्वकर्मियों को मौके पर जांच कर निस्तारण करने का आदेश दिए। इस दौरान तहसीलदार हाटा थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय, प्रियांशु राय, संजय कुमार आदि पुलिसकर्मी सहित राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

## लाइन क्षतिग्रस्त होने से कॉलेज की विद्युत आपूर्ति 5 दिन से बाधित

**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र के पनियार विद्युत उपकेंद्र से संचालित सरूवांवा गांव स्थित विद्या शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज को आने वाली एलटी लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण करीब पांच दिन से बिजली नहीं आ रही। इसके चलते स्कूल के छात्र छात्राओं को उमसभरी गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के प्रबंधक सुधीर द्विवेदी ने बताया कि करीब 5 दिन से विद्यालय को आने वाली विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। जेई की लापरवाही के चलते पांच दिन गुजर जाने के बाद भी स्कूल की विद्युत लाइन को सही नहीं किया गया। इसकी शिकायत कई बार जेई अशोक पाल से की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।कहा कि अधिशासी अभियंता व अधीक्षण अभियंता से भी लिखित शिकायत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि उमस भरी गर्मी में पंखे की हवा के बिना छात्र छात्राओं को कक्षा में बैठना दूभर हो रहा है। बिना पंखे के गर्मी में कक्षा कक्ष में बैठने विद्यार्थियों की तबीयत खराब होने का भय बना रहता है।

## देवरिया में किया गया थाना समाधान दिवस का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देवरिया के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया । इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी व क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय कुमार रेड्डी द्वारा थाना कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना कोतवाली पर कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उचित दिशा निर्देश दिये गये। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री भीम कुमार गौतम द्वारा थाना खामपार व थाना सलेमपुर जनसमस्याओं को सुना गया जिसमें थाना खामपार पर प्राप्त 05 प्रार्थना पत्र में से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा थाना सलेमपुर पर 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उचित दिशा निर्देश दिये गये।

## कांग्रेसियों ने संसदीय क्षेत्र में लगाए 17 हजार पेड़




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत अमेठी में शनिवार को कांग्रेसियों ने 17000 पौधे रोपित किए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिन पर प्रत्येक बूथ पर पौधारोपण एवं 3 वर्ष रखरखाव संकल्प के तहत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के प्रस्ताव पर सांसद किशोरी लाल शर्मा की मौजूदगी में कांग्रेस ग्रीन अमेठी का नया संकल्प लेते हुए संसदीय क्षेत्र के सभी 17 ब्लॉकों में कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता एक-एक लगाने के संकल्प पूरा हुआ। किशोरी लाल शर्मा ने जिला मुख्यालय स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पौध रोपण किया।साथ में जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा मुन्ना सिंह त्रिसुंडी प्रवक्ता अनिल सिंह पूर्व प्रमुख यूनुस धर्मेंद्र शुक्ला बृजेश तिवारी आदि रहे।

# गांव में आर्केस्ट्रा देखने गई बालिका से दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

- खून से लथपथ बालिका पहुंची घर, मां को सुनाई आपबीती
- रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला

**कुशीनगर।** जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बारात में मिठाई खिलाने के बहाने एक बालिका को गांव के ही एक युवक ने गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म कर बालिका को बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गया। खून से लथपथ बालिका जब घर पहुंची तो परिजन उसे रामकोला सीएचसी लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस सीएचसी पर बालिका से बयान लेकर आवश्यक कार्यवाई में जुट गई। बदहवास बालिका दुष्कर्मी का नाम नहीं बता पा रही है। वैसे पुलिस दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम बारात आई थी। बारात व आर्केस्ट्रा देखने गांव के ही एक बालिका वहां पहुंच थी। बताया जा रहा है कि रात करीब 12 बजे एक युवक बालिका को मिठाई खिलाने की लालच देकर भीड़ से बाहर ले गया फिर बहला फुसलाकर खेत की ओर ले गया। आरोप है कि 25 वर्षीय युवक बालिका को जबरिया गन्ने के खेत में खींच ले गया और मुंह दबाकर बालिका के साथ दुष्कर्म किया। खून से लथपथ बालिका घर पहुंची और मां से आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजन पहले गांव में इलाज करवाए। खून का रिसाव बंद न होने पर शनिवार को भोर में तकरीबन 5 बजे रामकोला सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां उपचार के बाद चिकित्सक ने बालिका को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

इसी दरम्यान जानकारी मिलने पर पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई और बालिका से बयान ली। बदहवास बालिका पहले तो कुछ नहीं बता रही थी। कुछ देर बाद घटनाक्रम के बारे में सब कुछ बताई। पूछताछ में बालिका ने पुलिस को यह भी बताई कि वह बरात आने से पहले भी दुष्कर्मी को गांव में देखी थी।

रितेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बालिका का मेडिकल परीक्षण के आधार पर स्थानीय पुलिस सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर गांव के ही दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# एक सप्ताह में दूसरी बार उफनाई गंडक नदी, लाल निशान से ऊपर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण एक सप्ताह में दूसरी बार बड़ी गंडक नदी उफना गई है। इस बार गंडक खतरा यानि लाल निशान से 28 सेमी ऊपर बह रही है। शुक्रवार को वाल्मीकिनगर गंडक बैराज से 3 लाख 30 हजार क्यूसेक पानी नदी में डिस्चार्ज किया गया है। अभी और डिस्चार्ज बढ़ने की संभावना है। ऐसे में लगातार नदी के बढ़ते जलस्तर को देख रेता क्षेत्र के लोगों की सांसें अटकी हैं। दूसरी बार रेता क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में बाढ़ की संभावना बढ़ गई है। जलस्तर में हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण जिले के तटबंधों पर भी दबाव बढ़ गया है। नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण कुशीनगर जिले में बह रही बड़ी गंडक नदी उफान पर है। सुबह तक 2 लाख 85 हजार क्यूसेक डिस्चार्ज रहा। अचानक दोपहर के वक्त डिस्चार्ज बढ़कर 3 लाख 30 हजार क्यूसेक पर पहुंच गया। वाल्मीकिनगर गंडक बैराज पर दबाव बढ़ने से सभी 36 फाटकों को चार से फीट ऊपर कर दिया गया है। इससे लगातार गंडक के डिस्चार्ज में इजाफा हो रहा है। जलस्तर बढ़ने के बाद नदी खड्डा भैंसहा गेज पर खतरा निशान से 28 सेमी ऊपर बह रही है। माना जा रहा है कि आधी रात डिस्चार्ज में और वृद्धि होगी, जिससे फिर खड्डा रेता क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी घुसने की आशंका है। महदेवा गांव के नदी महज 25 मीटर की दूरी बह रही है। वहीं, जलस्तर में उतार-चढ़ाव के कारण छितौनी तटबंध के संवेदनशील बिंदुओं पर नदी का दबाव बढ़ गया है। स्पर-सी, किमी 9.752 व किमी 10.500 वीरभार ठोकर पर नदी का दबाव बढ़ने से बाढ़ खंड विभाग के अभियंताओं ने पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। बाढ़ खंड के एसडीओ मनोरंजन कुमार अपने कर्मियों के साथ तटबंधों का निरीक्षण कर रहे हैं। रेता क्षेत्र के गांव बसंतपुर, मरिचहवा, विंध्याचलपुर, शाहपुर, शिवपुर व महदेवा में रहने वाले लोगों का कहना है कि सप्ताह में दूसरी बार गंडक उफान पर है। जलस्तर लगातार बढ़ने से फिर से बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। अगर दूसरी बार गंडक नदी में चार लाख क्यूसेक से अधिक पानी डिस्चार्ज किया गया तो न सिर्फ गांव डूबेंगे बल्कि महदेवा के अस्तित्व पर भी संकट मंडराने लगेगा।

## मैरिज लान के गेट से बाइक गायब

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कटरा राजा हिम्मत सिंह के पास माही मैरीज लान से एक बाइक गायब हो गई। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के थाना लंभुआ क्षेत्र के रामगढ़ गांव के निवासी राकेश कुमार पुत्र पन्नेलाल अपनी साढ़ू की बेटी की शादी में नगर के कटरा राजा हिम्मत सिंह के पास स्थित माही मैरिज लान में शामिल होने के लिए अपनी बाइक से आए थे। बाइक मैरिज लान के गेट पर खड़ी करके अंदर कार्यक्रम में चले गए। थोड़ी देर बाद जब वे बाहर निकले तो उनकी बाइक गेट से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद बाइक का पता नहीं चला तो निराश होकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## थाना दिवस में घरेलू व राजस्व से संबंधित 15 प्रार्थना पत्र

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस के आयोजन में कुठौंद के थाना दिवस पर एक दर्जन से अधिक शिकायतें आईं। जिस पर पुलिस प्रशासन ने उचित कार्यवाही हेतु अग्रसारित किया। समाधान दिवस की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष कृष्णपाल सरोज द्वारा की गई। जिसमें राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बना कर शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने का शिकायतकर्ताओं को आश्ववासन दिया गया। थाना समाधान दिवस के आयोजन में 15 शिकायतें दर्ज की गई। एस आई शशांक सुजीत मिश्रा, एसआई विनीत कुमार एस आई सचिन शुक्ला राजस्व विभाग से कानूनगो रामकुमार तथा क्षेत्रीय लेखपाल इंद्रपाल सिंह, तेज प्रकाश, हरेंद्र कुमार, लवी गुप्ता, ऋतु यादव, नैंसी, अभय सिंह, आर्यन त्रिपाठी, अशोक कुमार, आदित्य कुमार, राकेश कुमार, आनंद मंगल गौतम व पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा।

# आईजीआरएस सन्दर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये: जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** आईजीआरएस एवं 1076 के माध्यम से प्राप्त सन्दर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराने तथा असंतुष्टि फीड बैक की संख्या में कमी लाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बीडीओ, ए.डी.ओ. पंचायत, बी.ई.ओ., सी.डी.पी.ओ., पूर्ति निरीक्षक, सब रजिस्ट्रार, पशु चिकित्साधिकारी व प्रभारी चिकित्साधिकारियों के स्तर से निस्तारित ऐसे सन्दर्भ जिनकी असंतुष्टि फीड बैक प्राप्त हुई है, कि समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण करने से पूर्व पहले आप शिकायत को पूरी तरह से समझे कि फरियादी की वास्तव में समस्या क्या है। शिकायत को समझने के लिए ज़रूरी है कि सम्बन्धित अधिकारी उस स्थान पर जाकर वास्तविकता को देखे तथा फरियादी व अन्य सम्बन्धित लोगों से वार्ता भी की जाय। अधिकारीवार निस्तारण की समीक्षा में पाया गया कि सीडीपीओ के स्तर पर निस्तारित सन्दर्भों में असंतुष्टि की संख्या अधिक होने पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए शिथिल पर्यवेक्षण तथा बिना पूर्व अनुमति के मुख्यलाय से बाहर जाने पर अग्रिम आदेशों तक जिला कार्यक्रम अधिकारी का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये गये। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लाक में तेज़ तर्रार ग्राम विकास अधिकारियों की रैपिड एक्शन टीम का गठन कर लिया जाय जो कि मौके पर असतुष्टि फीड बैक से सम्बन्धित प्रकरणों की जांच कर सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि तहसील व ब्लाक स्तर पर ऐसे ग्राम पंचायतों व ग्रामों का चिन्हीकरण किया जाय जहां से अधिक व बार-बार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। डीएम ने कहा कि ऐसे चिन्हित किये गये गांवों में एसडीएम व बीडीओ स्वयं जाकर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए की गई विज़िट का विधिवत अभिलेखीकरण किया जाय। विज़िट करने वाले अधिकारी कर्मचारी, विजिट की तिथि व समय के विवरण तथा वहां पर किससे भेंट की गई इन सब बातों का उल्लेख भी निस्तारण आख्या में किया जाय।

# 20 जुलाई तक पौधारोपण अवष्य करें: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में 13 एवं 14 जुलाई तक वन विभाग की नर्सरी से अपने लक्ष्य के अनुसार पौधों का उठान करा लें और पौधों को सही समय से यथा स्थान पहुंचा दें, क्योंकि 20 जुलाई तक सभी स्थानों पर पौधारोपण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद को '80 लाख' पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, विकास खंडो, तहसीलों, सड़क किनारों, न्याय पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं में पौधे आरोपित लक्ष्य के अनुसार लगवाना सुनिश्चित करें और सभी जगह पर पौधारोपण हेतु लेबर लगवाकर गड्ढे खुदवाने का कार्य 13 जुलाई से ही प्रारंभ कर दें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देष दिए कि जनपद के सभी विद्यालयों एवं स्कूलों में वृहद स्तर पर पौधेरोपित का कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। उन्होने जिला उद्योग के उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि वह जनपद भर के सभी कारखानों में पौधारोपण कराऐं। उन्होने लोक निर्माण विभाग के एक्स ई इन को सड़कों के किनारे पौधे रोपित कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, डीएफ्ओ विकास नायक, एडीएम, परियोजना निदेषक प्रदीप पाण्डेय व समस्त एसडीएम व सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने वाला सटोरिया किया गिरफ्तार

**शिकोहाबाद।** थाना पुलिस ने एक आईपीएल और क्रिकेट मैच में सट्टा खेलने वाले सटोरिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक बीएमडब्लू कार और 2700 रुपये नकद बरामद किये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी से पूछताछ कर रही है। थाना पुलिस द्वारा शुक्रवार शाम को चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि क्रिकेट मैच में सट्टा खेलने वाला सटोरिया मंकुल महाजन पुत्र केवल कृष्ण महाजन मोहल्ला शम्भूनगर, मुरारी पुत्र नौरंगी मौहल्ला खेड़ा, दिलशाद पुत्र इरशाद निवासी नई बस्ती रुकनपुर और रिजवान पुत्र नौशेखान निवासी नाई वाली मस्जिद के पास रुकनपुर बताया। उनके कब्जे से एक बीएमडब्लू कार, दो मोबाइल और 2700 रुपये नकद बरामद किये हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि ऑन लाइन सट्टा खेल कर अवैध रूप से धन कमाने वाले गैंग को गिरफ्तार किया है। जिसमें पकड़े गये लोगों द्वारा ऑन लाइन सट्टा खेलना स्वीकार किया गया है। इनके पकड़े जाने के बाद ऑन लाइन स्ट्टा खेलने वालों के हौसले पस्त होंगे।

# निकाला गया आलम और जुलूस





अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** मोहर्रम की 5 तारीख को ताजखानपुर में जुलूस निकला गया। इस जुलूस में स्थानीय अंजुमनो जैसे अंजुमन सज्जादिया उसरा बहादुरपुर, अंजुमन आसगरिया अमहट, अंजुमन आसगरिया क़दीम अमहट,अंजुमन मन्जतनी तुराबखानी, अंजुमन अब्बासिया बहादुरपुर और अंजुमन मसुमिया जलालपुर ने भाग लिया। मजलिस में मौलाना ने खिताब (संबोधित किया) फरमाया। मौलाना ने एक यतीम को पालने से लेकर नवासाए रसूल इमाम हुसैन का मरतबा बयां किया। मौलाना ने फरमाया कि इमाम हुसैन ने करबला के मैदान में अपनी और परिवार वालों की कुर्बानियां पेश कर अपने नाना के दीन को बचा लिया। उन्होंने फरमाया कि अच्छाई की पहचान और हक को जिंदा रखने के लिए ही इमाम हुसैन ने शहादत पेश की। मजलिस के बाद जुलूस निकला। जिसमें जुलजुनाह (घोड़ा इमाम) की जियारत कर सोगवार रो पड़े। हर साल कि तरह इस साल भी मोहर्रम की 5 तारीख को ताजखानपुर के ईमामबारगाह से एक जुलूस निकाला गया जुलूस अपनी मंजिल तय करता हुआ दमगड़िया चौराहे पर पहोच कर सभी आई हुई अंजुमनो ने अपने अपने अंदाज में नौहाखानी और सीनाजनी की ।अंजुमन आसगरिया ताजखानपुर की तरफ से छबील लगाकर जुलूस में शामिल लोगों को शरबत आदि पिलाया।जुलूस दमगड़िया चौराहे से निकलकर जंजीर, , आग, कमा का मातम करते हुए ताजखानपुर ईमामबारगाह पहोच कर जुलूस समाप्त हुआ।जिसमे अंजुमन आसगरिया ताजखानपुर की तरफ से हसीब खान, आतिक खान, रफीक खान, सुहेल खान, अब्दुल बारी, अफसर खान, रजा अंसारी, तारिक अंसारी, नदीम अंसारी, मजहर अंसारी, मग्गन शाह, मुस्तकीम खान, इंतिखाब खान, मिंटू, रजी खान, साकिर खान, राजा खान, साहिल खान, वदूद खान, आदि लोग मौजूद रहे।

# अतिक्रमण को लेकर एसडीएम ने व्यापारियों के संग की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** शुक्रवार को तहसील सभागार में एसडीएम ने नगर में जाम व अतिक्रमण की समस्या को लेकर व्यापारी वर्ग के साथ बैठक की।व्यापारियों से अतिक्रमण और जाम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम गजेन्द्र पाल सिंह ने सभी व्यापारी वर्ग से नगर में हो रहे अतिक्रमण को लेकर चर्चा की तथा व्यापारियों की समस्याएं भी सुनी। एसडीएम ने कहा कि व्यापारी अपनी पक्की दुकान के आगे फड़ या ठेल लगवा लेते हैं जिससे फुटपाथ या पटरी पूरी तरह से घिर जाता है।जिससे कोई भी ग्राहक अगर सामान लेने आता है तो वह अपनी गाड़ी रोड पर ही खड़ी करता है जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है जाम की समस्या से निपटने के लिए नगर से अतिक्रमण को खत्म करना पड़ेगा इसके लिए दुकानदार और व्यापारी प्रशासन का सहयोग करें।और जो भी दुकानदार अतिक्रमण कर रहे हैं उनको 7 दिन का टाइम दिया गया है।इसके बाद प्रशासन व नगरपालिका मिलकर उचित कार्यवाही अमल में लायेंगे। उन्होंने बताया कि जाम लगने की प्रमुख समस्या का एक कारण ऑटो है।इस समस्या से निपटने के लिए जल्दी ही समाधान किया जायेगा।और इनकी पार्किंग की व्यवस्था भी की जायेगी। सब्जी मंडी पर रोड पर लगने वाली ठेल और रेहडियो को वेंडिंग जोन में भेजा जायेगा। जिससे वीआईपी स्टेशन रोड की जाम की समस्या खत्म हो जाएगी।

## भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष पर दर्ज हुई एक और एफआईआर

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाने में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा समेत 42 पर अब अश्लीलता फैलाने समेत अन्य आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। रिपोर्ट स्वाती सिंह ने दर्ज कराई है, जिनके पति राहुल सिंह पर हत्या के प्रयास का मुकदमा रोहित ने दर्ज कराया था।

स्वाती सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके बच्चे की तबीयत खराब थी, ऐसे में उनके पति 27 जून की रात डेढ़ बजे दवा लेने निकले। आरोप लगाया कि उनके मकान के ऊपर गर्ल्स हॉस्टल है और बाहर रोहित मिश्रा अपने 3-4 अन्य साथियों के साथ खड़े थे जिस पर पति ने वहां खड़े होने का कारण पूछा। आरोप है कि इस पर नाराज होकर रोहित गालियां देने लगे जिसे सीसीटीवी फुटेज में सुना जा सकता है। गाली देने से रोकने पर वह अन्य 3-4 लोगों के साथ पति पर हमलावर हो गए।

# शिकायती बैठक में दिए सम्बन्धितों में कड़े निर्देश

- 7 दिन में जांच कर निस्तारित करें: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस मामलों एवं शिकायतों से संबंधित बैठक आहुत की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने माह जून में जिन विभागों की लम्बित शिकायतें पाई गयी उन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आईजीआरएस शिकायतों को 24 घंटे के अंदर आगे बढ़ाये और पांचवें दिन रिपोर्ट मंगा लें एवं रिपोर्ट की गुणवत्तापूर्ण जांच कर 7 दिन में निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों की शिकायते असंतोषजनक एवं गुणवत्ता खराब है उन्हें प्रतिदिन बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराऐं। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग, राषन, जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता सहित आदि विभागों की लम्बित शिकायतें पाए जाने पर वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जो विभाग डिफॉल्टर की श्रेणी में है उन सभी का वेतन काटा जाए। उन्होंने कहा कि जिस विभाग से सम्बंधित शिकायत नहीं है उस शिकायत को उसी दिन सम्बंधित विभाग को वापस किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक भ्रमण कर मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित कराना सुनिष्चित करें। उन्होंने जोर देकर कड़े निर्देशों में कहा कि माह जुलाई के आईजीआरएस संदर्भों एवं शिकायतों को समयबद्धता से गम्भीरता लेते हुए निस्तारण करेंगे। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, डीएफ्ओ विकास नायक, एडीएम, परियोजना निदेषक प्रदीप पाण्डेय व समस्त एसडीएम व सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम द्वारा निस्तारित किये गये 18 वाद



**बहराइच।** राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा 08 राजस्व वादों, 01 फौज़दारी वाद, सरफेसी एक्ट से सम्बन्धित 03 वाद तथा स्टाम्प से सम्बन्धित 06 वाद कुल 18 वादों का निस्तारण किया गया। स्टाम्प से सम्बन्धित 06 वादों का निस्तारण करते हुए डीएम मोनिका रानी द्वारा रू. 13 लाख 58 हज़ार 70 की धनराशि जमा कराई गई। लोक अदालत में नियत वादों में पक्षों के अधिवक्ता व जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अजय शर्मा व विशेष अधिवक्ता (राजस्व) अतुल गौड़ उपस्थित रहे।

### चिरैय्याटांड पावर स्टेशन पर स्थापित हुआ 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर



**बहराइच।** चिरैय्याटांड विद्युत केन्द्र से पोषित विद्युत उपभोक्ताओं को शासन की मंशानुरूप अच्छी गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रयास से यहां पर 10 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर की स्थापना की गई है। इससे पूर्व इस विद्युत स्टेशन पर 05 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित था। विद्युत केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत सत्य प्रकाश, अधि.अभि. विद्युत कैसरगंज सौरभ निगम व बहराइच के शैलेंद्र कुमार, अवर अभियंता गजेंद्र मौर्या, क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजनों की मौजूदगी में फीता काटकर व स्वीच ऑन कर ट्रांसफार्मर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युत उपभोक्ताओं को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय।

### आर-एस ऑटो इलेक्ट्रिक मोटर्स शोरूम पर पहुंचे एसडीएम बल्दीराय प्रवीण कुमार

**सुल्तानपुर,बल्दीराय।** तहसील के पारा चौराहे से सुल्तानपुर रोड पर शुभारंभ हुई मल्टी ब्रांड ई बाइक के शोरूम पर एसडीएम बल्दीराय प्रवीण कुमार ने पहुंचकर उसका निरीक्षण किया। उन्होंने बैटरी से चलने वाली स्कूटी/बाइक के गुणवत्ता की जानकारी आर एस ऑटो इलेक्ट्रिक मोटर्स शोरूम पारा बाजार के प्रो0 बब्बन वर्मा से प्राप्त किया। इस दौरान एसडीएम बल्दीराय प्रवीण ने कहा कि इलेक्ट्रिक बाइक आज के समय में लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी है,यह प्रदूषण मुक्त बाइक है।



### भू माफियाओं पर पुलिस की निगाह हुई टेंढी



**सुल्तानपुर।** जनपद में सैकड़ो लोगों को गुमराह करके अभिलेखों में हेरा फेरी करके करोड़ों रुपए कमाने वाले भूमाफियाओं पर पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर के द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई है। दो भूमाफियाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार भूमामियों पर एक-एक दर्जन से ज्यादा अभियोग पंजीकृत हैं। मु0अ0स0 455/2024-- धारा 132/329 (3)/318/319/336/338/340 भारतीय न्याय संहिता मु0अ0स0 0449/2024 धारा 392/323/504/427/34 /419/420/467/ 468/471 भादवि0 जिसमे नूर अहमद उर्फ मम्मू पुत्र अकबर अली उम्र करीब 35 वर्ष निवासी पांचोपीरन तस्बा सुलतानपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सुतलानपुर तथा गुलाम हुसैन उर्फ सलमान पुत्र मो0 इजहार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी पांचोपीरन तस्बा सुलतानपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सुतलानपुर को नगर के करौदिया पुल के नीचे से गिरफ्तार कर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत कर करिए न्यायालय जेल रवाना किया गया।

# स्व. कर्पूरी ठाकुर पीडीए के महानायक: श्यामलाल पाल

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारत रत्न, पूर्व मुख्यमंत्री, जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल ने किया। सहसों के पास भोपतपुर गाँव के एक शिक्षण संस्थान में स्थापित स्व कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित पीडीए सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए सपा प्रदेश अध्यक्ष श्री पाल ने स्व कर्पूरी ठाकुर को पीडीए का महानायक बताया।

उन्होंने कहा कि बिहार प्रान्त ही नहीं पूरे देश में फैली सामाजिक गैर बराबरी, शैक्षिक और आर्थिक असमानता के खिलाफ समाजवादी आंदोलन की मुख्यधारा में देश के लाखों लोंगो को जोड़ते हुए जो राजनैतिक ऊंचाई हासिल की वह इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने स्व कर्पूरी ठाकुर को सादगी, ईमानदारी, कर्तव्य के प्रति समर्पित एवं पीडीए समाज के उत्थान के लिये अपना सब कुछ समर्पित कर देने वाला राजनेता बताते हुए कहा कि उनके विचार, सिद्धांत आज युवाओं को प्रेरणा लेने की जरुरत है।उन्होंने कहा कि सरकार भारत रत्न तो देती है लेकिन स्व कर्पूरी ठाकुर की पीढ़ीयों को उनका आरक्षण और अधिकार नहीं दे रही। इसी तरह चौधरी चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन को भारत रत्न देती हा मगर किसानों के साथ अन्याय करती है।

इस मौके पर एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक विजमा यादव, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, अमरनाथ सिंह मौर्य, पूर्व विधायक गण मुजतबा सिद्दीकी, सत्यवीर मुन्ना, धनीलाल आदि वक्ताओं ने भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार पर संविधान और लोकतंत्र विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीडीए की मजबूती ही देश में सत्ता परिवर्तन करेगी।

# पाली इंटर कॉलेज प्रबंध समिति तथा स्कूल एसोसिएशन के लिए हुए नामांकन

- प्रबंधक तथा एसोसिएशन अध्यक्ष पद पर आज होगा मतदान अधिकतर पदों पर हुए निर्विरोध निर्वाचित

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** पाली इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति तथा पालीवाल स्कूल एसोसिएशन शिकोहाबाद निर्वाचन बर्ष 2024 -2029 की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत शनिवार को नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जिसमें अधिकतर पदों पर एक-एक नामांकन आने के चलते ज्यादातर पदो पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया है। लेकिन पालीवाल प्रबंध समिति के प्रबंधक तथा स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए दो-दो नामांकन आने के कारण अब रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना के आधार पर दोनों पदों पर जीत के आधार पर निर्वाचन होगा।

शनिवार को प्रातः 10 बजे से पाली इंटर कॉलेज प्रबंध समिति की निर्वाचन प्रक्रिया हुई। इसके तहत 12 पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए गए। पाली इंटर कॉलेज शिकोहाबाद की समिति रजिस्टर की सूची के अनुसार 124 सदस्यों के सापेक्ष अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , प्रबंधक, उप प्रबंधक, कोषाध्यक्ष एवं सात सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया हुई। इसके तहत प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक नामांकन होने के बाद नामांकन पत्रों की जांच की गई । जिसमें प्रबंधक पद के लिए दो नामांकन पत्र आए इसमें राजीव मुद्गल तथा निवर्तमान उपाध्यक्ष विपिन कुमार पालीवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस पद के लिए दो नामांकन होने की चलते रविवार को मतदान कराया जाएगा। वहीं अध्यक्ष समेत अन्य पदों के लिए केवल एक-एक नामांकन पत्र आने के चलते सभी का निर्विरोध निर्वाचन हो गया।

**इन पदों पर हुआ है निर्विरोध निर्वाचन**

इसके तहत अध्यक्ष पद के लिए प्रभाकर पालीवाल पाढ़म , उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप पालीवाल, उप प्रबंधक पद पर अनिल कुमार पालीवाल, कोषाध्यक्ष पद पर राजेश गुप्ता के अलावा 7 सदस्यों में कुलदीप पालीवाल, प्रवीन पालीवाल, संजय पालीवाल, राकेश चंद्र, अरविंद कुमार पालीवाल, पीयूष कुमार पालीवाल तथा सुभाष चंद्र पालीवाल निर्विरोध चुने गए।

**द पालीवाल स्कूल एसोसिएशन में ये हुए निर्विरोध निर्वाचन -**

इधर दी पालीवाल स्कूल एसोसिएशन का निर्वाचन भी हुआ। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री , उप मंत्री, कोषाध्यक्ष, लेखा परीक्षक एवं पांच सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल हुए। इसमें अध्यक्ष पद के अलावा अन्य सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र आने के चलते सभी का निर्विरोध निर्वाचन हो गया। जबकि अध्यक्ष पद पर विपिन कुमार पालीवाल तथा भुवनेश पालीवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किए। दोनों ही नामांकन सही पाने के बाद रविवार को मतदान कराया जाएगा। इधर जिन लोगों का निर्वाचन हुआ उसमें उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण कुमार पालीवाल ( दयालबाग ), मंत्री पद पर कृष्ण दत्त पालीवाल, उप मंत्री पद पर दिनेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष पर डॉ अनिल पालीवाल मथुरा, लेखा परीक्षक पर अनिल उर्फ दीपू पालीवाल, के अलावा सदस्य पदों पर राजीव पालीवाल आगरा, देव प्रकाश पालीवाल सिकंदरपुर, विजयदत्त पालीवाल, कृष्ण कुमार पालीवाल तथा सुगंध पालीवाल का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के निर्वाचन अधिकारी के रूप में जीआईसी के प्रिंसिपल डॉक्टर प्रमोद कुमार यादव एवं सह निर्वाचन अधिकारी राहुल पालीवाल रहे। वहीं स्कूल एसोसिएशन के लिए निर्वाचन अधिकारी राजीव पालीवाल थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का डॉ. गौतम ने किया उद्घाटन

- राष्ट्रीय लोक अदालत में अलग-अलग मामलों के निस्तारण कराए गए
- मौके पर कुल 161542 वादों का निस्तारण किया गया



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रशासनिक न्यायूमर्ति डा0 गौतम चौधरी, जज, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। कार्यक्रम में हरवीर सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फ़िरोजाबाद, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरविन्द कुमार सिंह-।।, जिलाधिकारी रमेश रंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्रीमती संगीता गौतम उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अवसर पर प्रशासनिक न्यायमूर्ति डा0 गौतम चौधरी ने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के विषय मे बताते हुए यह संदेश दिया कि कुछ ऐसे मुकदमे होते हैं जिनमें छोटे-छोटे विवाद होते हैं, ऐसे पक्षकारों को समझाने की आवश्यकता है। सामाजिक और व्यवहारिक ज्ञान का तडका न्याय व्यवस्था में जरूर लगाना चाहिए जिससे विचाराधीन मुकदमों का शीघ्रता से निस्तारण हो सके। अधिवक्ता बंधुओं को यह संदेश दिया कि जब तक यह सृष्टि रहेगी तब तक यह न्याय व्यवस्था रहेगी और तब तक वकालत चलती रहेगी और मुकदमे आते रहेंगें। अतः अधिवक्ताओं को भी पक्षकारों के मध्य सुलह कराने का प्रयास करना चाहिए। अधिवक्तागण के लिए सदैव विद्वान अधिवक्ता का प्रयोग किया जाता है। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने उदाहरण देते हुए यह भी कहा कि बडे-बडे उद्योपतियों की अरबों खरबों की सम्पत्तियों के विवाद भी मध्यस्थता के माध्यम से निपटे हैं। यह मध्यस्थता घर के बडे बुजुर्ग भी करते हैं। प्रशासनिक न्यायमूर्ति डा0 गौतम चौधरी ने परिवार न्यायालय में विचाराधीन मामलों में पारिवारिक मतभेदों को और विवादों को समाप्त कर दम्पत्तियों को एक साथ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। 13 दम्पत्तियों ने आपसी मतभेदों को समाप्त कर एक दूसरे को फूलों की माला पहना कर नई शुरूआत करने का निर्णय लिया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने इन दम्पत्तियों को आर्शीवाद दिया। सभी जोडे आर्शीवाद प्राप्त कर हंसते मुस्काराते हुए न्यायालय से वापस अपने घर गये।

प्रशासनिक न्यायमूर्ति डा0 गौतम चौधरी ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण भी पहुंचे जहाँ भारी संख्या में उपस्थित विद्वान अधिवक्तागण से मिले।

# ज्ञान वैराग्य एवं भक्ति रस की सार्वजनिक प्याऊ है भागवत

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** काशीराज नगर बलुआ घाट में श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट प्रयागराज एवं क्षत्रिय सोनार युवक समिति एवं महिला समाज के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस में भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए विनय प्रिय त्रिपाठी मधुकर महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता भक्त और भगवान की मित्रता का प्रेम रूपी भाव समाज को सच्ची मित्रता का बोध कराती है जो ऊंच नीच भेदभाव को खत्म कर देती है। महाराज जी ने श्रीमद् भागवत कथा का सार बताते हुए कहा कि ज्ञान बैराग एवं भक्ति रस की सार्वजनिक प्याऊ है भागवत। जिसका जल पीने से मानव जगत अपने मलिन हृदय को निर्मल बना सकता है। कहा कि भागवत जीवन मरण को सुधारने वाली, पितृ देवों को प्रसन्नता, मोक्ष प्राप्त करने वाली एवं समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली, दोषों को शमन करने वाली कथा है। भागवत और स्वयं सच्चिदानंद भगवान श्री कृष्ण का साक्षात वांग्मय स्वरूप है।

ट्रस्ट के रथ यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि आज की कथा में श्री सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष भागवत कथा का सार वर्णन किया गया। इस अवसर पर सांसद उज्जवल रमण सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, रोहित वर्मा , दुर्गा प्रसाद गुप्ता, राजेश केसरवानी, अमर रस्तोगी, बसंत लाल आजाद, जयराम गुप्ता, गगन दास गुप्ता, दाऊ दयाल गुप्ता, त्रिलोकी केसरवानी ने आरती की तत्पश्चात श्रीमद्भागवत पुराण कथा की पूर्णाहुति महायज्ञ की गई।

# शिकवों से मुरझाए जीवन में लौटी नई बहार

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** लंबे अरसा बाद खुशियों के रंग खिले और गिले-शिकवे भूल फिर जिंदगी मुस्कुराई। एक-दूजे का हाथ थामा तो आंखें भर आई। आंसू कुछ पश्चाताप के थे तो कुछ पुनर्मिलन की खुशियों के। सात जन्मों के बंधन को संवारते, समेटते और अब फिर न कभी अलग होने की कसमें खाते वे लौट गए अपनी उन राहों पर जहां परिवार की खुशियां उनके लौटने का पूरी शिद्दत से इंतजार कर रही थीं। रिश्तों के ये अनोखे रंग नजर आए शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में और इसके प्रेरक बने पारिवारिक न्यायालय सोनभद्र के प्रधान न्यायाधीश राजेंद्र सिंह। अपनी राहें अलग करने अदालत आई 13 जोड़ियां फिर से जिंदगी के सफर में हमसफर बन गई। वैवाहिक वादों के कुल 13 मुकदमे यहां सुलह-समझौते आधार पर निस्तारित किए गए। गलतफहमियां, कुछ शिकवे और कुछ परेशानियां। विवादों की शुरुआत हुई तो फासले बढ़ते गए और फिर दांपत्य जीवन की मिठास कड़वाहट में बदलती चली गई। मामला अदालत में पहुंच गया। ऐसे जोड़ों के लिए शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली के निर्देशन में यहां जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत वरदान बन गया। राजेन्द्र सिंहए चतुर्थए प्रधान न्यायाधीशए परिवार न्यायालयए सोनभद्र के प्रयासों से ऐसे 13 मुकदमे सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए गए। किसी सूरत पर साथ रहने को राजी नहीं हो रहे इन जोड़ों को समझाना आसान नहीं था लेकिन अदालत के प्रयास रंग लाए। दोनों पक्षों को बारी-बारी सुना गया। एक-दूसरे से जुड़ी उनकी शिकायतें जानी गई और फिर समाधान का रास्ता तलाशा गया। आखिरकार दोनों पक्षों को अपनी भूल समझ आई और वे आपसी शिकवे भूल फिर हो गए एक-दूजे के। इन जोड़ियों का हुआ मिलन 10 जोड़ी पारिवारिक पक्षकार ;1 मधु बनाम पंकज ;2 रबीना बेगम बनाम असरफ शाह ;3 सुनीता देवी बनाम विनोद कुमार श्रीवास्तव ;4 रूबीना बनाम अशरफ ;5 सुखन बनाम जगदीश ;6 प्रतिमा बरनवाल बनाम रत्नेश बरनवाल ;7 बृजेश विश्वकर्मा बनाम सरोज ;8 पंकज बनाम मधु ;9 उषा देवी बनाम रामपालए ;10 उषा देवी बनाम बाबूलालए बरसों से अलग.अलग रह रहे थेए किन्तु सुलह समझौते का प्रयास करने पर अपने.अपने पूर्व के गीले सिकवे को भूलकर एक साथ वैवाहिक जीवन व्यतीत करने के लिए तैयार हुए और एक दूसरे को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सुखमय वैवाहिक जीवन के पथ पर अग्रसर हुए।

# ओलावृष्टि का पैसा न मिलने से किसान परेशान

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** कस्बा सुमेरपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के खातों में ओलावृष्टि की धनराशि न आने से किसान परेशान है।

मालूम हो कि चार माह पूर्व कस्बा सुमेरपुर सहित कई गांवों में जब किसानों की पकी हुई फसल खड़ी थी तभी फसलें ओलावृष्टि से दैवीय आपदा का शिकार हो गयी थी। शासन ने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानो की क्षति का आंकलन कराकर धनराशि भी जारी की थी। लेखपालो द्वारा किसानों की फसलो की क्षति का आकलन कराते हुये फीडिंग भी करा दी गयी है। किसानों का कहना है कि वह बैंक के चक्कर लगाते है लेकिन उनके खातों में अभी तक मुआवजा की धनराशि नही आई है। पंधरी के किसान ओमकार दुबे, भागवत दुबे, बाँकी पंधरी के किसान गुलाब सिंह, कल्लू सिंह टिर्रा, मिर्जा देवी सहित दर्जनो किसानों ने बताया कि चार माह का समय व्यतीत हो गया लेकिन मुआवजा की धनराशि न आने से वह परेशान है ओलावृष्टि से बरबाद हुई फसल से किसान की कमर वैसे ही टूटी है ऐसे में सरकार से मिलने वाली सहायता की कुछ धनराशि उसका सहारा बनती लेकिन उसके न आने से खासतौर से गरीब किसान बेहद परेशान है। हालाकि ओलावृष्टि का मुआवजा लोकसभा चुनाव के पूर्व कुछ किसानों के खातों में आ गया था लेकिन कस्बा सुमेरपुर सहित प्रम्भावित गावों के अभी भी सैकड़ों किसान है जो मुआवजा की धनराशि से वंचित है। लेखपाल के यहाँ किसान चक्कर लगा रहा है। लेखपालो का कहना है कि फीडिंग हो चुकी है बजट नहीं है बजट आते ही पैसा खातों में डाला जायेगा। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है की ओलावृष्टि का पैसा किसानो को शीघ्र दिलवाया जाय।

# महिला खेलों को प्रोत्साहन: एनटीपीसी विंध्याचल का अनुकरणीय सीएसआर प्रयास

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर अनुभाग एवं जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में अंतर जिला महिला फुटबॉल प्रतियोगिता एवं नेशनल कैंप का आयोजन एनटीपीसी के अंबेडकर स्टेडियम में 7 जुलाई 2024 से 25 जुलाई 2024 तक किया गया है। यह आयोजन महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करने और खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। अंतर जिला महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभार 7 जुलाई 2024 को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी विंध्याचल ई. सत्यफनी कुमार के द्वारा किया गया । इस अवसर पर मानव संसाधन अपर महाप्रबंधक राकेश अरोड़ा, उप महाप्रबंधक प्रणव वर्मा, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आरपी पटेल तथा संघ के अन्य पदाधिकारी भी समारोह में उपस्थित थे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मंडल जिला और रायसेन जिला के मध्य खेला गया। इस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की महिला फुटबॉल टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद, 14 जुलाई से 25 जुलाई तक नेशनल कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस कैंप में चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर उनके खेल कौशल को और निखारा जाएगा। नेशनल कैंप के समापन पश्चात प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयन कर नेशनल टीम का गठन किया जाएगा, जो कर्नाटक में आयोजित होने वाले नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेगी। एनटीपीसी विंध्याचल, अपने सामाजिक दायित्वों के तहत, इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य महिला फुटबॉल को प्रोत्साहित करना और खिलाड़ियों को एक उचित मंच प्रदान करना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और भविष्य में ऊँचाइयों को छू सकें। इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ खेल को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और महिला सशक्तिकरण को भी मजबूती प्रदान करना है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। एनटीपीसी विंध्याचल और जिला फुटबॉल संघ का यह प्रयास महिला फुटबॉल को एक नई दिशा मिलेगी और युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा प्राप्त होगी। इस प्रकार के आयोजन महिला खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# एक पेड़ माँ के नाम

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण अभियान के तहत पर्यावरण छात्र संसद की ओर से सफारी प्रबंधन के साथ मिलकर छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। सफारी में एक स्थान को गोद लेकर उस क्षेत्र को विकसित करने के लिए पर्यावरण छात्र संसद की ओर से पौधारोपण किया गया तथा उनके द्वारा इसके निरन्तर देखभाल भी की जाएगी। पानकुंअर इण्टरनेषनल स्कूल के बच्चों ने ''एक पेड़ मां के नाम''अभियान के तहत पौधे लगाये। इसके साथ ही वन विभाग के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक आर.एस.भदौरिया द्वारा एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी, डोंगरा शक्ति द्वारा भी ''एक पेड़ मां के नाम''अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस मौके पर सफारी पार्क के निदेषक डा.अनिल कुमार पटेल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की बहुत बड़ी जरूरत है और पौधों के माध्यम से ही पर्यावरण संरक्षण का काम किया जा सकता है। यह पौधे ही हमें ग्लोबल वार्मिंग जैसे खतरों से बचायेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस मामले में जागरूक किया जाना चाहिए। पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक कैलाश यादव व संजय सक्सेना ने कहा कि हमारी संस्था की ओर से पौधारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण का कार्य लगातार किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा इसके लिए दूसरों को भी जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर सफारी पार्क के बायोलॉजिस्ट बी.एन.सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री राजेश श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश शुक्ला, शशांक पटेल व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## छात्रों को नए यातायात नियमों को लेकर किया गया जागरूक

**इटावा।** आलमपुर हौज स्थित संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में प्रदेश सरकार द्वारा 18 साल से कम उम्र के बच्चों को लेकर बनाए गए नए नियमों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर ट्रेफिक इंस्पेक्टर सूबेदार सिंह ने छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा नए नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि वाहन की क्षमता के अनुसार कोई भी बच्चा 18 साल से पहले सड़क पर वाहन नहीं चलाएगा। ट्रेफिक पुलिस की ओर से मोटर अधिनियम धारा 199 क के मुताबिक अश्रित को जेल या फिर 25 हजार का जुर्माना भरना पड़ेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से भी अपील की कि वो 18 साल से कम उम्र के अपने बच्चों को दो पहिया या चार पहिया वाहन किसी भी दशा में ना दें। प्रधानाचार्य/निदेशक डॉ. आनंद ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चे जिनके ड्राइविंग लाइसेंस न बने हो वो मोटर वाहन से स्कूल नही आए स्कूल आने के लिए स्कूल बस या किसी अन्य वाहन का प्रयोग करे अन्यथा आपके घर नोटिस भेजा जाएगा।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत रेलवे इंटर कॉलेज में राज्य मंत्री ने किया पौधरोपण

**अवधनामा संवाददाता**



**चोपन/सोनभद्र।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ओबरा विधानसभा क्षेत्र के रेलवे इंटर कॉलेज चोपन में शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ शामिल हुए। जहां स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ मंत्री ने पौधरोपण किया। इस दौरान दर्जनों पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मंत्री संजीव गौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ओबरा विधानसभा क्षेत्र में हजारों पौधे लगाएं जा चुके और अधिक से अधिक पौधे लगवाए जा रहे है। हम सब की जिंदगी में पौधों का बड़ा योगदान है यदि पौधे नहीं होंगे तो हमारी जिंदगी भी नहीं होगी। इसलिए हम सबको संकल्प लेना होगा कि सभी अपनी मां के नाम, अपने परिजनों के नाम और अपने नाम एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि पौधा केवल लगाएं नहीं, उनको बचाने के लिए भी संकल्प लें। उसकी लगातार देखभाल करें। जब तक कि वह पौधा पेड़ न हो जाए। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता फैलाना है। छात्रों को पर्यावरण की महत्ता, पेड़ों के लाभ और उनकी देखभाल के बारे में जानकारी दी। इस प्रकार के अभियानों से छात्रों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ती है। मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रेरित किया और कहा कि सभी लोग सिर्फ एक एक पौधे लगाएं और उसके संरक्षण का संकल्प ले निश्चित ही एक ना एक दिन आपके द्वारा लगाया गया फलदार वृक्ष आपके जीवन का सबसे मीठा फल देगा। विद्यालय में हुए इस कार्यक्रम के लिए प्रधानाचार्य डॉ अरविंद कुमार ने आए हुए सभी लोगो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश अग्रहरी ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, ब्रिजेश सिंह, मनोज चौबे, जीतू सिंह, धर्मेंद्र जायसवाल, घनश्याम चौधरी, दयाशंकर मौर्या, मनोज सोलंकी, ब्रिजेश पांडेय, मुन्नर साहनी, धर्मशिला देवी, सबनम मिश्रा, विकास सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर का योगदान

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु विगत कई वर्षों से अनेक प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाना और छात्रों के लिए बेहतर शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराना है। इस पहल के तहत आज दिनांक 12/07/2024 को शासकीय स्कूल शाहपुर नवजीवन विहार सेक्टर-1, में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। यह आयोजन न केवल बच्चों को आवश्यक शैक्षिक सामग्री प्रदान करने के उद्देश्य से था, बल्कि उनके अध्ययन के प्रति उत्साह और प्रेरणा को भी बढ़ावा देना था। इस अवसर पर एनटीपीसी-विंध्याचल के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और समर्थन के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा संसाधन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और वे इसके लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

# डीबीए इटावा के नये पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

## मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति व प्रशासनिक जज शमीम अहमद व विशिष्ट अतिथि बार कॉन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़, सदस्य बार कॉन्सिल उ.प्र.पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश रहे

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन इटावा के नव निर्वाचित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को इंद्रागांधी पार्क स्थित कचहरी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति व प्रशासनिक जज शमीम अहमद व विशिष्ट अतिथि बार कॉन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़, सदस्य बार कॉन्सिल उ.प्र.पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश, पूर्व अपर महाधिवक्ता राज बहादुर सिंह यादव, एल्डर्स कमेटी के सदस्य शांति स्वरूप पाठक, प्रेम शंकर शर्मा, रविन्द्र दुबे, रमाशंकर चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व डीबीए अध्यक्ष चंद्र शेखर प्रसाद सिंह गौर ने की। संचालन विद्या राम भारती व रूपेंद्र चौहान ने संयुक्त रूप से किया। सर्व प्रथम शपथ नये अध्यक्ष अनिल कुमार गौर एडवोकेट, महामंत्री देवेंद्र पाल को मुख्य अथिति ने शपथ दिलाई उसके बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र कुशवाह, कोषाध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष शशि वाला चतुर्वेदी, मनोज कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शिवम सेगर, गजेंद्र चौधरी आदि को बार कॉन्सिल उ.प्र.अध्यक्ष ने शपथ दिलाई संयुक्त मंत्री सुभाष राजपूत, अनिल कुमार, संदीप अग्रवाल को जिला जज ने शपथ दिलाई इसके अलावा वरिष्ठ सदस्य व कनिष्ठ सदस्यों को शपथ दिलाई गई। मुख्य अथिति श्री अहमद ने अपने संबोधन के कहा कि इटावा के न्यायिक अधिकारी अधिवक्ताओं की बात सुने और जल्द मुकदमों का डिस्पोजल करें जूनियर अधिवक्ता भी कचहरी में बड़ी उम्मीद के साथ आते है कि हम भी बहुत बड़े वकील बनेंगे जूनियर अधिवक्ताओं की बात सुने और उनका जो भी मुकदमों से संबंधित कार्य हो वह जल्द करें। किसी भी अधिवक्ता का कार्य पेंडिग ना करें जो भी डिस्पोजल करना हो जल्द करें और कहा बार और बेंच में सामंजस्य बना रहे एक दूसरे के बिना नहीं चल सकती अंत में सभी नये पदाधिकारियों को बधाई दी। बार कॉन्सिल के अध्यक्ष ने इटावा बार की तारीफ की औए सभी नये पदाधिकारियों को बधाई दी। अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने कहा आप लोगो ने हमको दुबारा चुना में आप सबका बहुत शुक्र गुजार हूँ मैं अपने अधिवक्ता साथियों के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। डी.बी.ए. महामंत्री ने सभी अतिथियों व अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। चंद्र शेखर प्रसाद गौर ने कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। उक्त कार्यक्रम में सिविल अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महामंत्री राजेश राजपूत, हर विलास दोहरे, बृजेन्द्र बहादुर सिंह, राहुल कुमार शाक्य, अनिल कुमार वर्मा, जे.एम.राठौर, मनोज कुमार शाक्य, अरविन्द प्रताप सिंह, मोहित भदौरिया, हैप्पी ठाकुर, वेद प्रकाश शर्मा, मनोज गौर, अक्षय राज सिंह भदौरिया, ज़ुबैर तैमूरी, मैराज अली खान, राम सरन यादव, हंसमुखी, काशिफ़ा नाज़, मदीना सिद्दीकी, प्रीति चौहान, निधि पाल, राजेश प्रजापति, तुलाराम राजपूत कार्यालय लिपिक व सचिन पाल आदि काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सभासदों ने चेयरमैन के खिलाफ डीएम को दिया शिकायती पत्र

**समाधान दिवस**

**अवधनामा संवाददाता**

**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय थाना परिसर में थाना समाधान दिवस पर सभासदों ने चैयरमैन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है।

स्थानीय थाना परिसर में थाना समाधान दिवस के पर कस्बे के नगर पंचायत के सभासद अजय सिंह, राबिया खातून, नूर मोहम्मद, मुकेश , ऊषा देवी , अवधेश गुप्ता , प्रशांत सिंह राजावत ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा मासिक बैठक की कोई भी सूचना नियमानुसार नहीं दी जाती है वही नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग कर्मचारी 85 है जबकि मौके पर केवल 60 कर्मचारी कार्य करते हैं , नगर पंचायत के टेंडन में वित्तीय अनियमितताओं को ताक में रखकर कार्य किया जाता है , नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपनी निजी गेस्ट हाउस में नगर पंचायत की मशीनरी एवं कर्मचारियों का प्रयोग किया जाता है , नगर पंचायत में हो रहे निर्माण कार्य के दौरान जो भी सामग्री पुराना ईंटा आदि जो निकलता है उसे अपने निजी कार्यो में प्रयोग करती है तथा नगर पंचायत अन्य सामग्रियों का प्रयोग भी कार्यो में करती है , साथ ही अपने नजदीकी रिश्तेदारों को विभाग में गोपनीय तरीके से लगा रखा है , सभासदों को दबाव में लेकर प्रस्ताव पारित कराए जाते हैं वही विरोध करने पर झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी जा रही है और कहां की नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रताड़ना एवं कार्य गुजारियों से परेशान होकर सभी सभासद सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को बाध्य होंगे , सभी सभासदों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है।

## 315 बोर तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के जखेला गांव में पुत्र द्वारा परिजनों को अवैध तमंचे से मारने की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को 315 बोर तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा ।

थाना क्षेत्र के जखेला गांव निवासी चंद्रशेखर पुत्र बाबूलाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मेरा पुत्र वीरेंद्र अपने साथ अवैध तमंचा लेकर मुझे व मेरी पत्नी को मारने की फिराक में घूम रहा था जो इस समय घर मे कमरा बंद करके अवैध तमंचा लहराते हुए दिखाया रहा था, पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जखेला गांव निवासी आरोपी के घर पहुंची तो देखा कि आरोपी घर के अंदर था वही पुलिस ने कड़ी मशक्कत से उसे समझाबुझाकर कुंडी खुलवाई और कमरे की तलासी ली तो देखा कि बिस्तर के नीचे 315 बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया, पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** दीवानी न्यायालय परिसर हमीरपुर में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत उमेश चन्द्र, विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0) सुशील कुमार खरवार, नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार खरवार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग, विशेष न्यायाधीश (आ0व0 अधि0) स्वाती, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्ति माला सिंह, अपर जिला जज एफ0टी0सी0 प्रथम मनोज कुमार शासन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निहारिका जायसवाल, सिविल जज (सी0डि0) अभिषेक त्रिपाठी, अपर सिविल जज (सी0डि0) वन्दना अग्रवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितीशा सिंह, सिविल जज (सी0डि0)/एफ0टी0सी0 शंशाक गुप्ता, सिविल जज (जू0डि0) आयुषी चतुर्वेदी, प्रथम अपर सिविल जज (जू0डि0) विजयलक्ष्मी, चतुर्थ सिविल जज (जू0डि0) शैली शरण उपस्थित रहें। वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर कराया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से कुल 84, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से कुल 6326, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेड्ट से कुल 2381, सिविल जज जू0डि0 से कुल 4106, तरूण कुमार सिविल जज जू0डि0 राठ द्वारा कुल 276, वाद निस्तारित किये गये एवं राजस्व विभाग द्वारा कुल 7679, वादों का निस्तारण व एल0डी0एम0 संगल लाल मिश्रा, इंडियन बैंक हमीरपुर के अनुसार जनपद में स्थापित समस्त बैंको के कुल 17520, मामलों में से 350 वादों का निस्तारण हुआ इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 28274, वादों का निस्तारण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैकों व राजस्व द्वारा सुलह समझौतें के आधार पर मु0- 4,30,12,230/-रू0 की धनराशि प्राप्त हुई। इसी प्रकार न्यायालय द्वारा निस्तारित वादों में भी लगभग मु0- 3,02,77,158.37/-रू0 की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुयी। तथा न्यायालय व राजस्व, बैंक द्वारा कुल मु0- 7,32,89,388.37/-रू0 की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुई।

# संक्षिप्त समाचार

## दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, पीड़िता ने चार लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र में पतारा ग्राम पंचायत के मजरा नैठी गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, पीड़िता ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा नैठी गांव निवासी पिंकी पत्नी सुरेंद्र अहिरवार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार की रात्रि करीब 9 बजे मेरा पति और मेरी सास घर के बाहर बैठे थे तभी मेरा जेठ रामजीवन पुत्र रामरतन और उसकी पत्नी मंजू आकर अकारण गाली गलौज देने लगे और विरोध करने पर मारपीट करने लगे शोर सुनकर उसके परिजन कुलदीप पुत्र गट्टू व सुभद्रा पत्नी कुलदीप आकर एकराय होकर चारों लोग मिलकर मारपीट करने लगे वही मेरी पुत्री बीच बचाव करने आई तो सभी ने मेरी लड़की के साथ भी मारपीट की जिससे सभी को गंभीर चोटे आई हैं , लोगों के एकत्र होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले , पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चारों लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दि है।

## 21 जोडों ने थामा एक दूसरे का हाथ

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम छानी खुर्द में आयोजित सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह समारोह में 21 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनकर जीवनसाथी चुना। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि हरगोविंद प्रजापति व प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार वर्मा ने मौजूद रहकर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। छानी खुर्द में आयोजित सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह समारोह में कुसमा संग संजय, रानी संग भूपेंद्र, कामिनी संग ज्ञानेंद्र, ममता संग दिलीप सहित 21 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनकर जीवनसाथी चुना। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं प्रधान प्रतिनिधि ने मौजूद रहकर वर वधू को आशीर्वाद एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर विलास शिवहरे, राहुल साहू,हरिश्चंद्र राजपूत, दीपक साहू, महेंद्र सिंह, स्वयंप्रकाश विश्वकर्मा, जितेंद्र सोनी, नरसी गुप्ता, नवल सोनी आदि मौजूद रहे।

## सामुहिक विवाह कार्यक्रम में बारिश, अफरा तफरी

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के तपोभूमि मे जय बुंदेलखंड किसान हितैषी सेवा समिति ने 10 जोड़ों का शादी समारोह का आयोजन किया। खुले आसमान के नीचे शादियां चल रही थी तभी तेज बारिश ने खलल डाल दिया और अफरा तफरी का माहौल बन गया। हाथरस घटना के बाद भी प्रसाशन चेत नहीं रहा है।बिना अनुमति के सामूहिक कार्यक्रम कराएं जा रहे। लेकिन प्रशासन की नजर नहीं पड़ रही है।शनिवार को कस्बे की तपोभूमि में बरसात के मौसम में खुले आसमान के नीचे सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। लेकिन दोपहर बाद हुई बारिश से अफरा तफरी मच गई। वर वधू के साथ परिजनों को भी बारिश के चलते दुश्वारियां का सामना करना पड़ा।

## समाधान में आई सात शिकायतें निस्तारण किसी का नहीं

**भरुआ सुमेरपुर।** माह के प्रथम समाधान दिवस में कुल सात शिकायतें दर्ज हुई निस्तारण के लिए टीमें बनाई गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष रामकुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार अभिनव चंद्रा की मौजूदगी में शिकायतों को सुना गया। समाधान दिवस में कुल सात शिकायतें दर्ज हुई निस्तारण किसी का नहीं हुआ। निस्तारण के लिए टीमों का गठन किया गया। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा, राजवीर सिंह, वकील अहमद सहित सभी हल्का इंचार्ज, राजस्व कर्मी आदि मौजूद रहे।

## कल आयोजित होगा नेत्र शिविर

**भरुआ सुमेरपुर।** सोमवार को कस्बे के डाक बंगला के सामने सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट धाम की ओर से मोतियाबिंद का नेतृत्व आयोजित होगा। प्रशिक्षण के उपरांत मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों को जानकी कुंड के नेत्र चिकित्सालय ले जाया जाएगा। यह जानकारी आशीष गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में आने वाले मरीज को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

## झमाझम बारिश से गल्ला मंडी उफनाई



**भरुआ सुमेरपुर।** दोपहर बाद बदले मौसम में कस्बे में तेज हवाओं के साथ हुई जोरदार बारिश में सब कुछ तरबतर कर दिया। बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। तेज हवा से जहां टीन टप्पर उड़ गए। वहीं नालियां जाम होने से नवीन गल्ला मंडी उफना गई। इससे आढ़तियों को काफी नुकसान हुआ है। शनिवार को दोपहर बाद 1:30 बजे मौसम में अचानक पलटी मारी और तेज हवाओं के साथ बदरा झूमकर बरसे। तेज हवाओं के कारण कस्बे में कई जगह टीन टप्पर उड़ गए। बस स्टैंड के समीप लोहे की गुमटी पलट गई और गुमटी में बैठा वृद्ध दुकानदार रामआसरे यादव मामूली रूप से घायल हो गया। तेज बारिश के कारण नालियां जाम होने से नवीन गल्ला मंडी उफना गई। इससे आढ़तियों को काफी क्षति हुई है। गल्ला व्यापारी पवन पांडेय, कुंजबिहारी पांडेय,सुनीत कुमार,श्यामबाबू पांडेय आदि ने बताया कि मंडी की सफाई व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त है। जल निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है। अचानक हुई बारिश से गल्ला मंडी में अफरा तफरी मच गई।

# मानक के अनुरूप वैध एवं फिट बसों का ही संचालन सुनिश्चित हो : चंद्रभूषण

**मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री के प्राप्त निर्देश के अंतर्गत परिवहन आयुक्त ने एक माह तक लगातार चेकिंग अभियान चलाए जाने के दिए निर्देश**

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश चंद्रभूषण सिंह ने आज समस्त उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), समस्त सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/ प्रवर्तन), समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु यात्री/स्कूली वाहनों की चेकिंग की जाय। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगाई है (सूची संलग्न है)। साथ ही निर्देश है कि निर्धारित तिथियों में प्रत्येक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सम्बन्धित टोल प्लाजा पर स्वयं उपस्थित होकर सम्भाग के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों के साथ प्रवर्तन कार्यवाही करेंगे। चिन्हित स्थानों पर अनन्य रूप से एक-एक इण्टरसेप्टर तैनात की जाएगी। कृत कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना एवं फोटो विभागीय व्हाट्स एप्प ग्रुप में प्रेषित की जाएगी। बिना अधोहस्ताक्षरी की अनुमति के किसी भी प्रकार का विचलन ग्राह्य नहीं होगा। परिवहन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती हुयी सड़क दुर्घटनाएं अत्यंत ही चिन्ता का विषय है। सड़क सुरक्षा तथा स्कूली बच्चों का सुरक्षित परिवहन प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। मा0 मुख्यमंत्री जी एवं परिवहन मंत्री जी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु समय-समय पर निर्देश दिये जाते हैं।उन्होंने कहा कि यात्री वाहन एवं स्कूली वाहनों की दुर्घटना को रोकने के लिए आवश्यक है कि वाहनों के समस्त प्रपत्र वैध हों तथा वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन करें।

परिवहन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में पंजीकृत कुल यात्री/स्कूली वाहनों के सापेक्ष अधिकतर वाहनों की फिटनेस/परमिट वैध नहीं है, जिसके कारण किसी भी अप्रिय घटना होने के कारण परिवहन विभाग प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी होता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि वाहन पोर्टल के माध्यम से आपके जनपदों में पंजीकृत यात्री/स्कूली वाहनों की सूची प्राप्त कर उनमें से फिटनेस, परमिट, बीमा आदि की वैधता समाप्त होने पर ऐसे वाहनों के विरूद्ध चालान/बन्द की कार्यवाही आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जाय। चेकिंग के दौरान पाये गये यात्री यानों को चेक करते समय वाहन ए0आई0एस0 119 में निर्धारित मानकों को पूर्ण करे तथा किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर वाहन को आवश्यक रूप से थानों/सुरक्षित स्थानों पर निरूद्ध किया जाय। इसके साथ ही यात्री वाहनों के ऊपर बने लगेज कैरियर पर अधिक ऊँचाई तक सामान लादकर वाहन का संचालन किया जाता है, उक्त लदान 1.5 फीट से अधिक होने पर सामान उतरवाकर ही संचालन कराया जाय। परिवहन आयुक्त ने निर्देश दिए कि सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी /पंजीयन अधिकारी अपने-अपने जनपदों में यात्री/स्कूली वाहनों की सूची वाहन पोर्टल से प्राप्त कर फिटनेस, परमिट, बीमा आदि प्रपत्र वैध न होने पर सम्बन्धित वाहन स्वामियों को इस आशय का नोटिस निर्गत करें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 76 वादों का निस्तारण, 3.85 करोड़ का मुआवजा दिया गया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उच्च न्यायालय विधिक सेवा उपसमिति के सचिव, मनोज पाण्डेय ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ में आज आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 76 वादों का निस्तारण सफलतापूर्वक किया गया। इस लोक अदालत का आयोजन माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति ए. आर. मसूदी, अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा उपसमिति, लखनऊ की अध्यक्षता में हुआ।

लोक अदालत में सुलह-समझौते के माध्यम से कुल तीन करोड़ पच्चासी लाख उनतालिस हजार छह सौ दस रुपये और पचास पैसे (रू0 3,85,39,610.50) का मुआवजा प्रदान किया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति ए. आर. मसूदी ने कहा कि लोक अदालतें विवादों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान का सशक्त माध्यम हैं।

## मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी में ऐतिहासिक वृद्धि

**मानव दिवस सृजन मामले में महिलाओं की रिकॉर्ड सहभागिता**

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। महिला स्वावलंबन व सशक्तीकरण की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा नित नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। मनरेगा योजना में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी में इस वर्ष अन्य वर्षो की तुलना में सबसे अधिक है। ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन से महिलाएं स्वावलंबी बन रही हैं। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक मनरेगा योजना के तहत लगभग 8.70 करोड़ मानव दिवस सृजित हुए, जिनमें लगभग 3.78 करोड़ महिलाएं हैं, जो लगभग 43.53 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) के तहत महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी 2020-21 में 33.57 प्रतिशत रही, वर्ष 2021-22 में 37.25 प्रतिशत रही, वर्ष 2022-23 में 37.87 प्रतिशत रही, वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 42.26 प्रतिशत हो गई और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक यह प्रतिशत 43.53 हो गया, जो अब तक का सबसे अधिक प्रतिशत है। आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा योजना में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश भी निर्गत किये जाते हैं। मनरेगा योजना से जोड़ते हुए ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को कार्य उपलब्ध कराया जा रहा है।

## योगी सरकार पुल हादसों को लेकर गंभीर नहीं: शाहनवाज



**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार के प्रदेश के पुलों की स्थिति का सर्वे कराने के आदेश को अल्पसंख्यक कांग्रेस ने देर से उठाया गया कदम बताया है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के प्रदेश के 80 पुलों को खराब और मरम्मत योग्य बताना साबित करता है कि योगी सरकार पुल हादसों को लेकर गंभीर नहीं है। अगर गंभीर होती तो बरसात के पहले ही सर्वे का काम पूरा करा लेती, क्योंकि निर्माण और मरम्मत में वक्त लगता है। अब अगर बरसात में ही सर्वे होगा तो मरम्मत कब होगी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार को 2014 के बाद बने पुलों और ओवरब्रिजों के अलावा 2017 के बाद से बनी सड़कों का विशेष सर्वे कराना चाहिए क्योंकि बिहार में 2014 के बाद से ही बने पुल अधिक गिरे हैं।

# जनता भाजपा के झूठ को पहचान गई है : अजय राय

**उपचुनाव: 10 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत**

**कांग्रेसियों ने मिठाई खिला और आतिशबाजी कर खुशी जताई**

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** देश के सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में 10 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाई खिला और आतिशबाजी कर खुशी जताई। कांग्रेस ने कहा कि उपचुनाव नतीजों ने इंडिया गठबंधन को अपना आशीर्वाद देकर अपनी मंशा साफ कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने विधानसभा उपचुनाव नतीजों पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि जनता मोदी जी की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है। यह जीत जनता की जीत है और अब आने वाले वक्त में हर जगह बदलाव देखने को मिलेगा। जनता इनके झूठ को पहचान गयी है और अब इन्हें वोट की चोट से सबक सिखाएगी। इस मौके पर नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, विश्वविजय सिंह, अनिल यादव, मुकेश सिंह चौहान, मनीष श्रीवास्तव, अंशू अवस्थी, वेदप्रकाश त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, मोहम्मद शमीम खान, मेहताब जायसी, पंकज तिवारी, तारिक सिद्दीकी, आलोक सिंह रैकवार, अनीस अख्तर मोदी, नुसरत अली, शब्बीर हाशमी, अय्यूब सिद्दीकी, साबरा खातून सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी और नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उपुचनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया। उत्तराखण्ड की देवभूमि की जनता ने दोनों सीटों पर कांग्रेस की जीत के जनादेश पर कहा कि अयोध्या के बाद देवभूमि से भी जनता ने भाजपा के दांत खट्टे कर दिये हैं। पर्वतीय राज्य हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड में कांग्रेस की जीत भाजपा की राजनीति में धर्म के नाम पर व्यापार की कलई खोल दी है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी और पंजाब में आप व तमिलनाडु में डीएमके ने भी इंडिया गठबंधन को भारी जीत दिला कर भाजपा के लिए दर्द गहरा किया है।

## महापौर व नगर आयुक्त द्वारा जीरो वेस्ट चौपाटी का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ के तहत. महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह द्वारा जीरो वेस्ट चौपाटी अभियान का शुभारंभ 1090 चौराहे से किया गया।जिसमें मरीन ड्राइव व चटोरी गली में लगे सभी ठेले व रेडी वालों को जागरूक किया गया।साथ ही उनसे कूड़े कचरे को कूड़ेदान में डाले जाने की अपील की गई। ठेले वालों से उनके पास आने वाले ग्राहकों को भी स्वच्छता बरकरार रखने की अपील करने की सलाह भी दी गयी। जिससे कि नगर में साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त प्रतिबन्धित पॉलीथिन/प्लास्टिक के इस्तेमाल न किये जाने हेतु भी सभी को निर्देशित किया गया। उक्त के क्रम में नगर निगम द्वारा ये गतिविधियां प्रतिदिन नगर की अलग अलग बाजारों में एसबीएम आईसी टीम द्वारा की जाएगी। द्वारा आयोजन को संबोधित करते हुए अभियान में लगी एसबीएम की टीमों का उत्साहवर्धन किया गया और अगले एक माह तक जी जान से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किये जाने हेतु प्रेरित किया गया।उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए सिर्फ नगर निगम को ही नहीं बल्कि आम जन को भी अपनी अहम भागीदारी देनी होगी।

# मोदी सरकार को संविधान हत्या दिवस मनाने का अधिकार नहीं : माले

**25 जून संविधान हत्या दिवस' का अध्यादेश 10 साल से जारी अघोषित आपातकाल से ध्यान भटकाने की कोशिश**

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने के लिए लाए गए अध्यादेश को मोदी सरकार में पिछले 10 सालों से जारी अघोषित आपातकाल से ध्यान भटकाने की कोशिश बताया है। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की आजादी, नागरिक स्वतंत्रता, जाति, धर्म से परे बराबरी सहित मौलिक अधिकार देने वाले संविधान पर गुजरे दस सालों में रोजाना हमला करने वाली मोदी सरकार को संविधान हत्या दिवस मनाने का अधिकार नहीं है। सिर्फ हमला ही नहीं किया जा रहा, बल्कि संविधान को बदल डालने की साजिश भी रची जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय तो अंबेडकर लिखित संविधान को औपनिवेशिक विरासत बताकर तीन आपराधिक कानूनों की तर्ज पर बदल डालने की पैरवी कर चुके हैं। कई बड़े भाजपा नेता और सांसद भी संविधान बदलने की जरुरत बता चुके हैं। इसके लिए बीते लोकसभा चुनाव में चार सौ पार की मांग भी की गई, जिसे जनता ने दृढ़ता से ठुकरा दिया। भाजपा का पितृसंगठन संघ ने तो शुरुआत में ही मौजूदा संविधान पर सवाल उठाया था और उसकी जगह मनुस्मृति को ही संविधान मानने की हिमायत की थी। भाजपा भी अपनी कार्रवाइयों से इसकी पुष्टि करती रहती है। माले नेता ने कहा कि संविधान द्वारा दिये गए आरक्षण के अधिकार को मोदी सरकार भीषण निजीकरण कर बेअसर कर रही है। 10 प्रतिशत सवर्ण आरक्षण कर संविधान की खिल्ली ही उड़ाई गई। सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) जैसा साम्प्रदायिक कानून लाकर संविधान के मर्म पर चोट किया गया। संविधान, जिसकी प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद का प्रावधान है, की हत्या की साजिश तो खुद भाजपा सरकार ही कारपोरेट फासीवाद के रास्ते पर तेजी से बढ़कर कर रही है। संसद में शपथ लेते हुए भाजपा सांसदों ने हिन्दू राष्ट्र का नारा लगाकर संविधान का मजाक ही उड़ाया और संघ के हिन्दू राष्ट्र बनाने के एजेंडे के प्रति अपनी मंशा की पुष्टि की। हिंदू राष्ट्र के बारे में संविधान रचियता डॉ. अंबेडकर पहले ही कह चुके हैं कि यदि ऐसा हुआ, तो यह देश के लिए बड़ी विपत्ति होगी। ऐसे में भाजपा सरकार को कहां से संविधान हत्या दिवस मनाने का अधिकार मिल गया? राज्य सचिव ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन द्वारा उठाये मुद्दों पर मिली पराजय को भाजपा पचा नहीं पा रही है।

# विलायत एक सच्चाई है जो अल्लाह की तरफ से एक हुक्म है: मौलाना सैफ अब्बास

**मैं तुम्हे कैसे इजाजत दूं तुम तो हम शक्ले पयम्बर हो**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कर्बला के मैदान में हजरत अली अकबर (अ.स) अपने वालिद हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) से मैदाने जंग में जाने की इजाजत मांग रहे थे। इमाम ने कहा मैं तुम्हे कैसे इजाजत दूं तुम तो हम शक्ले पयम्बर हो। छह मोहर्रम का दिन इमाम (अ.स.) के 18 साल के जवान बेटे हजरत अली अकबर (अ.स.) से मंसूब है। आज की मजलिसों में उलमा ने हजरत अली अकबर (अ.स.) की दर्दनाक शहादत को बयान किया तो अजादारों में कोहराम मच गया और वह रोते हुए दूसरी मजलिस में गये। वहीं अजादारों ने उनका ताबूत उठाकर इमाम (अ.स.) को उनके बेटे का पुरसा पेश किया।

इममाबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब चौक में मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि विलायत एक सच्चाई है जो अल्लाह की तरफ से एक हुक्म है। अगर विलायत है तो इंसान इस दुनिया में भी कामयाब है और आखेरत में भी कामयाब हैं।

इमामबाड़ा गुफरामाआब चौक में मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि मुस्लमान होने के लिए शर्त है कि रसूले इस्लाम (स.) के सीरत और सुन्नत पर एतेक़ाद हो। अगर कोई रसूले इस्लाम (स.) की हदीस और सुन्नत की मुख़ालिफ़त करे तो मुसलमान नहीं हो सकता। मौलाना ने कहा कि रसूले इस्लाम (स.) ने फरमाया कि मैं तुम्हारे बीच दो चीजें छोड़ कर जा रहा हूं। एक खुदा की किताब है और दूसरे मेरे अहलेबैत (अ.स.) अगर इनके दामन को थामे रहोगे तो कभी गुमराह नहीं होगे। उन्होंने कहा कि कुरान और अहलेबैत (अ.स.) से तमस्सुक के बगैर निजात मुमकिन नहीं है।

इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि मौलाना मीसम जैदी ने कहा कि रसूले खुदा (स.) ने फरमाया कि हजरत अली (अ.स.) में अंबिया की तमाम सिफाअत मौजूद थीं।

इमामबाड़ा जकी अली खां पाटानाला में मौलाना अरशद जाफरी ने कहा कि मोहम्मद और आले मोहम्मद ने दीन की तब्लीग के लिए तलवार को नहीं किरदार को जरिया बनाया।

इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने कहा कि कुरान और अहलेबैत दोनों जरूरी है,दोनों के साथ ही दुनिया और आखरत बनेगी। कुरान किताबी शक्ल है और आले मोहम्मद बोलता हुआ कुरान हैं। दुनिया को अगर इस्लाम समझना है तो आले मोहम्मद से समझे।

कर्बला अजमतुद्दौला बहादर मेंहदीगंज में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना फिरोज हुसैन ने कहा कि इस्लाम को बचाने के लिए हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने कर्बला के तपते सहरा में अपनी, बच्चों और साथियों की कुर्बानी पेश की।

## जो सत्य है उसको मान लेना ही चाहिए

इमाम बाड़ा सैयद तकी साहब अकबरी गेट पर अशरए मोहर्रम की छठी मजलिस को विलायत के विषय पर संबोधित करते हुए मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि जो सत्य है उसको मान लेना ही चाहिए विलायत भी एक सच्चाई है जो ईष्वर की तरफ से एक आदेश है! जिसकी वजह से ही दीन के सभी कार्य निरभर हैं! अगर विलायत है तो इंसान इस दुनिया में भी कामयाब है और आखेरत में भी कामयाब है क्योंकि क़यामत के दिन सभी इंसान जब अपने क्रमो को ईष्वर के सामने पेश करेगा और जब सभी अपना उत्तर दे चुकेगे और हर इंसान खुशी



खुशी स्वर्ग की जरफ जा रहा होगा कि कुदरत की आवाज आएगी कि इन्हे रोको उनसे प्रषन किया जाएगा तो जब मुसलमान ने सभी कर्म के उत्तर दे दिए है तो उनसे किस विषय में पूछा जाएगा। यह वही सवाल है जिसके बारे में पैगंबर से कहा गया था कि आपको जो आदेश दिया गया है उसे पूरा करो और पैगंबर ने विलायत अली अ स को लोगो के सामने पेष किया था और उससे कहा कि यही वह प्रश्न है जो न्याय के दिन हर व्यक्ति से पूछा जाएगा। अंत में मौलाना सैफ अब्बास ने इमाम हुसैन अ स के बेटे अली अकबर की बहादुरी और शहादत का वर्णन किया जो पैगंबर के समान थे। जिसे सुनकर लोगो ने गिरया किया! मजलिस के बाद अली अकबर की शबीहे ताबूत निकाला गया और तबर्रुक वितरित किया गया।

हुसैनी इमाम बारगाह अलीगंज में मौलाना इब्राहीम कुम्मी ने कहा कि इल्म हासिल करने के लिए मन और आत्मा का पाक होना बहुत जरूरी है।अल्लाह उन्हीं लोगों को इल्म देता है जिनकी अंतरआत्मा पाक होती है।

रौजाए जैनबिया टिकैतराय तालाब में मौलाना तकी रजा ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े विद्वान आले मोहम्मद थे जिनके इल्म की रौशनी से पूरी कायनात आज भी जगमगा रही है। आज भी इस्लाम की तालीमात हासिल करना बहुत जरूरी है।

गोलागंज स्थित मकबरे आलिया में मौलाना राहिब हसन ने कहा कि यजीद इमाम हुसैन से बैयत मांग रहा था लेकिन इमाम हुसैन ने कहा कि हुसैन जैसा यजीद जैसे की बैयत नहीं करेगा ये इमाम ने सिर्फ उस ज़माने के लिए नहीं बल्कि कयामत तक लोगों को संदेश दिया है की जब तक इमाम हुसैन की मोहब्बत दिलों में है तब तक किसी यजीद की बैयत नहीं होगी।

**यहां भी हुआ जिक्रे कर्बला:** इसके अतिरिक्त इमामबाड़ा सैयद आगा विक्टरिया स्ट्रीट में मौलाना अखतर अब्बास, इमामबाड़ा राजा झाऊलाल में मौलाना अखतर अब्बास जौन, इमामबाड़ा नवाब अफसर जहां विक्टोरिया स्ट्रीट में मौलाना मुर्तजा नासिर सईद अबाकाती,इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना अली हाशिम आब्दी व मौलाना रजा अब्बास, रौजाए हजरत मुस्लिम में मौलाना तकी रजा, इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी घासमंडी मौलाना रईस काजमी मस्जिद मोहम्मदी नक्खास में मौलाना मोहम्मद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया।

**पेश किया हजरत अली अकबर का मर्सिया:** इमामबाड़ा नाजिम साहब में मजलिस को अब्बास इर्तेजा कानी (बनारस) ने मीर अनीस का हजरत अली अकबर (अ.स.) के हाल का मर्सिया अपने मखसूस अंदाज में पढ़ाः चाहे जो हम तो रात हो दिन, सुबह शाम हो,जर्रा जो इस जमीं पा हो, माह तमाम हो, जो संग में शरर है, अभी लाला फाम हो, आसां खुदा के फजल से मुश्किल तमाम हो, उलटी जो आस्तीन तो नक्शा नजर पड़े,आलम तमाम फिर तहो बाला नजर पड़े।

**शहजादी जैनब को पेश किया पुरसा:** हजरत जैनब (स.अ.) के दोनों बेटे औन व मोहम्मद (अ.स.) के ताबूतों की जियारत बेल वाला टीला मुफ्तीगंज में कराई गयी। यहां मजलिस को मौलाना मोहम्मद अली ने खिताब किया। मजलिस के बाद बेल वाले टीले से इमामबाड़ा सुगरा तक शाबिहों की जियारत कराई गयी।

**यौमे अली असगर मनाया:** इमामबाड़ा गुफरामाआब में हजरत इमाम हुसैन के छह माह के मासूम बेटे हजरत अली असगर की याद में यौमे अली असगर मनाया गया। मजलिस को ख़्वाहर फातिमा जवाद नकवी ने ख़िताब किया। यौमे अली असग़र (अ.स) में ख़्वातीन ने अपने शीरख़्वार बच्चों को हजरत अली असग़र (अ.स) की शहादत की याद में मखसूस लिबास पहना कर हजरत अली असग़र (अ.स) की क़ुर्बानी को याद किया।

**आसिफी इमामबाड़े में हुआ दहकती आग पर मातम:** अंजुमने सोगवाराने हुसैन की ओर से आसिफी इमामबाड़े में आग पर मातम किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अजादारों ने शिरकत करके इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों को नजराने अकीदत पेश की। तकरीर के बाद इमामबाड़ा परिसर में आग के दहकते अंगारों पर दर्जनों मातमी दस्ते हाथों में अलम लिए याहुसैन याहुसैन कहते हुए गुजर गये। मातम में शियों के साथ अन्य धर्मो के लोग भी शामिल थे।

**मलका जहां में करायी झूले की जियारत:** इमामबाड़ा मलका जहां जामा मस्जिद, तहसीनगंज से मस्जिद इमामिया हाता मिर्जा अली खां तक हजरत अली असगर (अ.स.) के झूले की जियारत करायी गयी। यहां मौलाना फरहत हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। इसके बाद शहर की अंजुमनों ने नौहाख्वानी व छुरी का मातम भी किया। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन नय्यारूल इस्लाम ने किया था।

**शाही मेंहदी का जुलूस आज:** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भतीजे और हजरत इमाम हसन (अ.स.) के बेटे हजरत कासिम (अ.व.) की याद में रविवार को हुसैनाबाद ट्रस्ट की ओर से आसिफी इमामबाड़े से ऐतिहासिक शाही मेंहदी का जुलूस निकाला जायेगा ट्रस्ट ओएस अहमद मेहदी ने बताया कि रात नौ बजे निकलने वाला जुलस रूमीगेट, कुलिया घाट और घंटाघर होते हुए छोटे इमामबाड़े पहुंचेगा। कश्मीरी मोहल्ला स्थित मस्जिद शर्गा पार्क में भी हजरत कासिम (अ.स.) की मेंहदी की जियारत दोपहर 1.30 बजे करायी जायेगी। इसी क्रम में शाहगंज स्थित मस्जिद मुनसरी में भी मेंहदी की जियारता करायी जायेगा।

**शादी जनाबे कासिम का दिल सोज मंजर आज:** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भतीजे हजरत कासिम (अ.स.) की याद में जन्नत माब सोसाइटी द्वारा इस वर्ष भी इमामबाड़ा तकी साहब चौक में रविवार सुबह दस बजे शादी जनाबे कासिम का दिल सोज मंजर पेश किया जायेगा। इससे पूर्व मजलिस को मौलाना सैफ अब्बास खिताब करेंगे। इसी तरह कर्बला दियानुतद्दौला में यौम-ए-हजरत कासिम शाम 4 बजे मनाया जायेगा। मजलिस के बाद शबीह-ए-ताबूत, मेहदी की जियारत करायी जायेगी।

## अजय राय ने सुना इमामे हुसैन का संदेश

**सारे धर्म के लोग मोहर्रम के महीने में शहादत को करते हैं याद**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आज कल पूरे विश्व में मोहर्रम का आयोजन हो रहा है। कर्बला के शहीदों की याद में मोहर्रम के महीने मुसलमान कर्बला के शहीदों को याद करते है। पैगम्बर मोहम्मद साहब के नावसे और मौला अली के बेटे मुसलमानो के इमाम हज़रते इमामे हुसैन ने 72 लोगो के साथ जिसमें उनके घर वाले थे और उनके कुछ साथी भी थे,तानाशाह और ज़ालिम हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद की और हक के रस्ते पर चलते हुए शहीद हो गए। इस को आज सारे इंसान और सारे धर्म के लोग मोहर्रम के महीने में उनकी शहादत को याद करते हैं और शोक मनाते है। इसी शहादत को याद करने के लिए आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने लखनऊ में सादात अली खान मकबरा में मोहर्रम की अशरे की मजलिस में शिरकत की और इमामे हुसैन के संदेश को सुना। यहां की मजलिस को मौलाना कमर साहब ने पढ़ी, जो इराक देश से आए हुए है। श्री अजय राय ने वहा पर मौजूद इमामे हुसैन के अनुयायियों से मुलाकात की जिसमें हर धर्म के लोग मौजूद थे तथा मुसलमानो के बुद्धजीवियों के साथ - साथ हर तबके के लोगो से मुलाकात की। मजलिस का अयोजन मकबरा सादात अली खान मेमोरियल सोसाइटी के प्रेसीडेंट सैय्यद शरफ जैदी तथा सेक्रेटरी सैय्यद इम्तियाज आलम ने किया। इस मौके पर अजय राय ने कहा कि हमें इमाम हुसैन के रास्ते को अपनाना चाहिए। हक के रास्ते पर चलना चाहिए,जुल्म नहीं सहना चाहिए ,जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए। इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों ने जो संदेश दिया है उसे हमे ग्रहण करना चाहिए और गंगजमुनी तहजीब, अमन चैन और शांति का संदेश कायम करना चाहिए। इमाम हुसैन के मोहब्बत और इंसानियत के पैगाम को हम सब को अपनाना चाहिए। हम सब को मिलकर मोहर्रम के इस पाक महीने में दुआ करनी चाहिए कि देश में शांति और मोहब्बत बनी रहे। इस मौके पर संगठन महासचिव अनिल यादव, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रो0 अमित राय, आसिफ रिज़्वी रिंकू, सैय्यद हामिद मेंहदी रिज़्वी, पूर्व मंत्री इतंजार आब्दी बॉबी, फैज़ी जैदी,डॉ0 सैय्यद असद अब्बास,, सैय्यद अरशद काज़मी आदि मौजूद रहे।